GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# चार के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अधिशासी अभियंता महानगर खंड द्वितीय अतुल रघुवंशी ने बताया चक्सा हुसैन, पचपेड़वा, बरगदवां व द्वारिकापुरी क्षेत्र में बिजिलेंस टीम के साथ चलें चेकिंग अभियान के दौरान मीटर बाईपास, व बिना संयोजन के डायरेक्ट बिजली का उपभोग करने के जुर्म में चार के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बिजली चोरी करने की बजाय कनेक्शन लेकर बिजली की उपभोग करने की जनता से अपील की है।

# दलित उत्पीड़न का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** महानंद पासवान पुत्र रामबृक्ष निवासी नौवा डुमरी थाना खोराबार के तहरीर पर पुलिस शनिवार को अगहर सोनवे निवासी शिव चौधरी पुत्र विजय चौधरी तथा उसके एक दोस्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2), 352, 351(3), 126 (2), 3(1)(द) व 3(1) (घ) एससी-एसटी के तहत केस दर्ज करके विवेचना कर रही है।

# शव को जिंदा करने का दावा करने वाले तीन गिरफ्तार

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा इलाके के बरही भरटोलिया निवासी लोरिक राजभर की बीमारी से मौत हो गयी। परिवार के लोग दाह संस्कार के लिए लेकर जा रहे थे। रास्ते में युवक व दो महिलाओं ने शव को रोककर जिन्दा करने का दावा किया और दावा करने लगे। लोग उनकी बातों में आ गए और शव को जमीन पर रख दिया। युवक द्वारा शव को पूरब पश्चिम की दिशा में रखवा कर एक किताब निकाल कर उसे पढ़ने लगा तथा दोनो महिलाएं शव के पास दक्षिण दिशा में बैठकर प्रार्थना करने लगी। करीब एक घंटा बिताने के बाद जब जीवित होने

- चौरी चौरा क्षेत्र के ग्राम सभा बरही भरटोलिया का मामला
- दाह संस्कार के लिए लेकर जा रहे थे परिजन को रोककर युवक व दो महिलाओं ने जिंदा करने का किया दावा



चौरी चौरा क्षेत्र के ग्रम सभा बरही भरटोलिया सड़क पर शव रख कर उपस्थित ग्रमीण

झाड़फूंक करने लगी। अंध विश्वास का आलम रहा कि किसी ने इन्हें रोका टोका नहीं। इस दौरान किसी ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंची और युवक व दो महिलाओं को हिरासत में लेकर शव को दाह संस्कार के लिए भेज दिया।

ग्राम सभा बरही (भरटोलिया) निवासी मृतक लोरीक राजभर का शव ग्रामीणों द्वारा दाह संस्कार करने के लिए जा रहे थे। अभी गांव के बाहर तक ही पहुंचे थे कि एक टैम्पो में सवार एक युवक तथा दो महिलाए पहुंची। तीनों लोगों द्वारा शव को रोक दिया गया। ये लोग मृत युवक को जिन्दा करने का की कोई संभावना नहीं दिखा तो कुछ लोगों ने विरोध किया तो कुछ लोगों द्वारा इंतजार करने की बात बोला गया।

इसी बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दिया। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने परिजनों से शव का दाह संस्कार करने के लिए भेजा दिया गया। पुलिस ने मौके से एक युवक व दो महिलाओ को टैम्पो सहित कब्जे में लेकर थाने चली गई।

# हत्या के जुर्म में तीन को उम्रकैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार ने झगहां थाना क्षेत्र के इटौवा निवासी अभियुक्त कृष्ण मुरारी राय, ओम प्रकाश राय व रणजीत राय को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 25 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को छः माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल व सतीश चंद यादव का कहना था कि वादी रामसूरत झगहां थाना क्षेत्र के इटौवा का निवासी है। अभियुक्त कृष्ण मुरारी की औरत मालती राय रिश्ते में वादी के लड़के राजेश राय की भाभी लगती थी। इसी रिश्ते की वजह से वादी का लड़का मालती से कभी कभार मजाक कर लिया करता था। जिसका कृष्ण मुरारी राय व उसके घर वाले विरोध करते थे और रंजिश रखते थे। 19 जून 2007 की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच वादी का लड़का अपने राइस मिल पर बैठकर नाश्ता कर रहा था। उसी समय अभियुक्तगण वहां आए और वादी के लड़के को गाली देते हुए जान मारने के लिए दौड़ा लिए। वादी का लड़का राजेश जान बचाकर गांव की तरफ खेतों से होकर भाग रहा था कि तभी अभियुक्तों ने तमंचे से वादी के लड़के पर गोली चला दी और गोली लगने से राजेश राय की मौके पर ही मौत हो गई।

## मारपीट का आरोप दो पर केस

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार इलाके में मारपीट के आरोप में पुलिस दो पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। घटना थाना क्षेत्र के रामपुर दांडी का है। खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर दांडी निवासी पीड़ित राजेन्द्र निषाद पुत्र रामवृक्ष का आरोप है कि बीते 19 सितम्बर की शाम अकारण ही गांव के रहने वाले अजय, विनय पुत्रगण ओमप्रकाश चौधरी मेरे भाई को मारने पीटने लगे बीच बचाव करने पहुचे मेरे बेटे और बेटी को भी दोनों लोग मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस धारा 115(2), 352, 351(3), 110 के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल कर रही है।

# निबंधन कार्यालय पर धन उगाही कर बैनामा करने का आरोप

**सहजनवां (एसएनबी)।** तहसील में स्थित निबंधन कार्यालय में बैनामे में फर्जीवाड़ा को लेकर परिजनों ने खूब हंगामा कर निबंधन कार्यालय पर धन उगाही कर बैनामा करने का आरोप लगाया।

**■ एसडीएम ने गीडा थाने को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का दिया निर्देश**

आरोप था कि सहजनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम भरवल निवासी पंकज उपाध्याय की मानसिक स्थित ठीक नही है। 19 सितंबर को पीड़ित खेत में पानी चला रहा था। मानसिक हालत ठीक न होने पर जालसाज मौका पा गए। उसे बाइक पर बैठाकर सहजनवां स्थित एक होटल में ले गए। उसे मछली और शराब पिलाने के बाद एग्रीमेंट कराने के नाम पर निबंधन कार्यालय ले गए।

जहां जालसाजों ने निबन्धक कार्यालय से सेटिंग कर जबरदस्ती बैनामा करा लिए। शराब के नशे में पीड़ित से 8.4 डिसमिल भूमि बैनामा करा लिया गया। जब की जालसाजों ने पीड़ित के बैंक खाते में कोई भी धन का भुगतान नहीं किया है। परिजनों का हंगामा देखकर कार्यालय में काफी भीड़ जुट गई। एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए गीडा थाने को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

प्रभारी निबन्धक संदीप सिंह ने कहा बयान के दौरान विक्रेता ने धन मिलने की बात स्वीकार किया था। तभी बैनामा हुआ था। धन उगाही का आरोप बेबुनियाद है।

# दो पक्षों में मारपीट, नौ पर दर्ज हुआ मुकदमा

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थानाक्षेत्र के छवैला गांव में शनिवार को मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

एक पक्ष के अशफाक अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मस्जिद पर एक मौलवी रहते हैं। उनको बिना किसी कारण ही इम्तियाज अहमद गाली देने लगा। मना करने पर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इम्तियाज उर्फ तीजू, मोमिन, अखलाख, सोबरत्न के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के इम्तियाज अहमद ने बताया कि चारपाई पर सोया था। इसी दौरान मेरे पट्टीदार अशफाक अहमद, अमीर खान, इमरान खान, सलमान खान, शमसाद अहमद ने अकारण गाली देते हुए पिटाई की। पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जालसाजी करने का एक आरोपित गिरफ्तार

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा पुलिस ने नौकरी के नाम पर जालसाजी करने व रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के पुलिस ने आरोपित राकेश कुमार पाठक निवासी मोहनापुर, थाना शाहपुर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

भौवापार गांव की सरिता चौहान ने बताया कि राकेश कुमार पाठक, ममता देवी, मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार सिंह और सम्राट उर्फ विनोद नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेकर हड़प लिए। नौकरी ने लगने पर रुपये वापस मांगी तो जान से मारने की धमकी देने लगे।

# छावनी स्टेशन के पास एसी कोच पर पथराव

जासं.गोरखपुर : भागलपुर से जम्मू जा रही ट्रेन के एसी कोच पर छावनी स्टेशन के पास पिछले दिनों किसी ने पथराव कर दिया। सुरक्षाकर्मियों के जानकारी देने के बाद जीआरपी, आरपीएफ के साथ ही जिले की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

13 सितंबर की दोपहर में जम्मू जा रही ट्रेन 25 मिनट के लिए छावनी रेलवे स्टेशन पर रुकी थी। ट्रेन के आगे बढ़ने पर सुरक्षाकर्मियों को मामले की जानकारी हुई। यात्री राहुल कुमार ने बताया कि जब उनकी नजर शीशे पर पड़ी तो ट्रेन उस समय गोरखपुर जंक्शन पर पहुंच रही थी। मामला सामने आने के बाद आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही जिले की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला की पिटाई करने वाले ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

जासं, पीपीगंज : चिलुआताल थाना क्षेत्र के आवास विकास फर्टिलाइजर निवासी लालेश्वर विश्वकर्मा की बेटी ममता विश्वकर्मा की शादी वर्ष 2012 में पीपीगंज थाना क्षेत्र रसूलपुर चकिया के मनीष विश्वकर्मा से हुई। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति समेत ससुराल के लोग उत्पीड़न करने लगे। ममता की तहरीर पर पुलिस ने पति मनीष विश्वकर्मा, ससुर मेवालाल, ननद पिंकी, कंचन व किरन, देवर अभिषेक विश्वकर्मा तथा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# कार से 15 बोरी नमक उठा ले गए चोर

जासं, घघसरा : नगर पंचायत घघसरा में शुक्रवार की रात दुकान के सामने रखे नमक के रैक से चोर 15 बोरी नमक कार में लादकर उठा ले गए। उनकी हरकत सीसी कैमरे में कैद हो गई है। शनिवार की सुबह दुकान मालिक विनय कुमार गुप्ता जब दुकान पर पहुंचे तो जानकारी हुई। दुकान मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# मृत व्यक्ति को जिंदा कर रहे थे तांत्रिक, धराए

जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजार : लंबे समय से बीमार व्यक्ति की शनिवार की सुबह मृत्यु हो गई। दाह संस्कार की तैयारी के बीच घर पहुंचीं दो महिलाएं व एक पुरुष तंत्रमंत्र से उसे जिंदा करने का दावा करने लगे। स्वजन के राजी होने पर धार्मिक पुस्तक पढ़कर वह दो घंटे तक शव को इधर-उधर करते रहे, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। चौरी चौरा पुलिस तीनों को थाने ले आयी। पूछताछ के बाद शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। छोटकी बरही गांव के भरटोलिया में रहने वाले 48 वर्षीय लोरिक की तबीयत लंबे समय से खराब थी। शनिवार की सुबह उनकी मृत्यु हो गई। इसी दौरान दूसरे धर्म की दो महिलाएं व एक पुरुष मौके पर पहुंचे और मृत व्यक्ति को जिंदा करने का दावा करने लगे। तांत्रिक ने शव की दिशा बदली, उसके बाद हाथ में धार्मिक पुस्तक लेकर पढ़ने लगा। दो घंटे तक चला उनका प्रयास विफल रहा।

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

गोरखपुर: हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार ने झगहां थाना क्षेत्र के इटौवा निवासी अभियुक्त कृष्ण मुरारी राय, ओमप्रकाश राय व रणजीत राय को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल एवं सतीश चंद यादव का कहना था कि वादी रामसूरत झगहां थाना क्षेत्र के इटौवा का निवासी है। अभियुक्त कृष्ण मुरारी राय की औरत वादी के लड़के राजेश राय की भाभी लगती थी। इसी रिश्ते की वजह से वादी का लड़का कभी कभार उनसे मजाक कर लिया करता था। जिसके कारण कृष्ण मुरारी राय और उसके घर वाले विरोध करते थे और रंजिश रखते थे। 19 जून, 2007 की रात करीब नौ से 10 बजे के बीच वादी का लड़का अपने राइस मिल पर बैठकर नाश्ता कर रहा था। उसी समय अभियुक्तगण वहां आए और वादी के लड़के को गाली देते हुए जान मारने के लिए दौड़ा लिए। राजेश अपनी जान बचाकर गांव की तरफ खेतों से होकर भाग रहा था कि तभी अभियुक्तों ने तमंचे से वादी के लड़के के ऊपर गोली चला दी। गोली लगने से राजेश राय की मौके पर ही मौत हो गई। न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# मनबढ़ों ने सब्जी विक्रेता को पीटा, मुकदमा दर्ज

जासं, पीपीगंज : थाना क्षेत्र के जसवल सब्जी मंडी से सब्जी बेचकर लौट रहे एक युवक की मनबढ़ों ने चौराहे पर घेरकर पिटाई कर दी।

संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र के बेलौली गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सब्जी बेचकर आजीविका चलाते हैं। शुक्रवार को पीपीगंज थाना क्षेत्र के जसवल मंडी में सब्जी बेचने आए थे। शाम सात बजे मैं सब्जी बेचकर घर लौट रहा था। अभी जसवल बाजार में ही पहुंचे थे कि रंजिश में संतकबीर नगर के मेंहदावल थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी प्रभुनाथ व शिवबचन ने पिटाई कर दी।

# युवक को गोली मारने का आरोपित गिरफ्तार

जासं, पिपरौली : सहजनवां स्थित देसी शराब की दुकान पर नशे की हालत में दो लोगों के बीच शुक्रवार को अपराह्न एक बजे विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपित ने अपने घर से लाइसेंसी बंदूक लाकर शिवानंद पुत्र स्व सीताराम सिंह निवासी उज्जोखोर पर फायर कर दिया था। बंदूक से निकला छर्रा शिवानंद के कमर के नीचे लग गया था।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपित वंशभूषण त्रिपाठी निवासी सहजनवां वार्ड नंबर चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# गंगेश हत्याकांड : पूर्व अधिवक्ता से एसआइटी करेगी पूछताछ

**फालोअप**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: गंगेश हत्याकांड की जांच कर रही एसआइटी अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। लखनऊ में रहने वाले पूर्व अधिवक्ता से पूछताछ करने के लिए उन्हें नोटिस भेजा गया है। मुख्य आरोपित के साथ ही उनके सहयोगियों से इस मामले में पिछले 15 दिन के भीतर कई बार पूछताछ हो चुकी है। शुक्रवार को इस केस की जांच के संबंध में कैंट थाना पुलिस गंगेश की घर गई थी।



गंगेश पांडेय (फाइल फोटो)

मुकदमा वादी गंगेश की भाभी पुष्पा पांडेय से 11 मई को हुए घटनाक्रम के बारे में पूछने के साथ ही इसे नोट किया गया। उनसे पूछा गया कि उस दिन कहां-कहां से फोन आया, घर से गंगेश कब निकले, उन्होंने कुछ खाया था या नहीं। इसके अलावा जांच में सामने आया था कि अपने एक करीबी को उन्होंने वाट्सएप काल किया था।

एसआइटी ने उससे पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसकी जांच के लिए इंटरनेट काल का रिकॉर्ड निकालने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि घटना से जुड़े सभी तथ्य की पड़ताल चल रही है। जल्द ही गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

## यह है मामला

महेवा में रहने वाले गंगेश पांडेय की 11 मई को गोलघर में मृत्यु हो गई। वर्ष 2017 में हुए बड़े भाई योगेश दत्त की हत्या के मुकदमे में वह मुख्य गवाह थे। गवाही के सिलसिले में वह मई के पहले सप्ताह दिल्ली से गोरखपुर आने के बाद इसी संबंध में बात करने के लिए घर से निकले थे। 13 जून को कैंट थाना पुलिस ने इस मामले सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामदरश राय, उनके बेटे राहुल राय समेत छह लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। फोरेंसिक रिपोर्ट में जहर से गंगेश की मृत्यु होने की पुष्टि के बाद परिवार के लोग आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

# दुर्गा, लक्ष्मी व छठ पूजा की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में जुटी पुलिस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दुर्गा, लक्ष्मी व छठ पूजा में सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारी में पुलिस जुट गई है। सभी थानेदार क्षेत्र के डीजे संचालकों की सूची तैयार कर हैं। प्रतिमा स्थापित होने से विसर्जन तक देखरेख के लिए सिपाही को नोडल बनाया जाएगा। गड़बड़ी या विवाद होने पर उसकी जवाबदेही तय होगी।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया गया है। इसमें ध्यान रखा गया है कि तेज आवाज में डीजे न बजे। थाने और हर मूर्तिकार के यहां एक पुलिसकर्मी को नोडल बनाया जाएगा, जो यह जानकारी जुटाएंगे कि कितनी मूर्तियां स्थापित हो रहीं हैं। मूर्तिकार से पुलिस फीडबैक लेगी कि उसके यहां से कहां-कहां और कितनी मूर्तियां गई हैं। उस जानकारी को समितियों की ओर से दी गई मूर्तियों की सूचना से मिलान कराकर सूची तैयार कराई जाएगी।

# मारपीट कर मोबाइल व नकदी छीनने का आरोप

खोराबार। इलाके के जंगल सिकरी में शनिवार को दिनदहाड़े दिव्य नगर कॉलोनी निवासी युवक से मारपीट कर मोबाइल व 15 सौ रुपये छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिव्यनगर निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि शनिवार को दिन में करीब तीन बजे सायकिल से एशियन पेंट गोदाम के पास से अपने घर जा रहा था कि जंगल सिकरी स्थित सुशीला धर्मकांटा के बगल के रहने वाले युवकों ने मारपीट कर छीनैती की।

# पति व सास पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

झंगहा : थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा गांव के बंजारी टोला निवासी मनीषा निषाद ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि मेरे पति संदीप निषाद मुझे घर में रखने से मना कर रहे हैं। मेरा चार वर्ष का पुत्र भी है। मैं छह महीने से मायके में रह रही हूं। मेरे पिता दिव्यांग हैं। सास सरस्वती देवी 10 लाख रुपये दहेज की मांग कर रही है। पति आए दिन मोबाइल फोन पर अन्य महिला का फोटो भेजता है। मेरी विदाई नहीं करा रहा है। झंगहा पुलिस ने पति संदीप निषाद व सास सरस्वती देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# घर में घुसकर तीन को पीटा छह पर मुकदमा

**जासं, बांसगांव :** थाना क्षेत्र के गजारी गांव में पुश्तैनी मकान पर नया निर्माण करने वाले के घर में घुसकर छह लोगों ने पिटाई की। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गजारी गांव के दयानंद यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शनिवार को पुश्तैनी मकान पर निर्माण करा रहा था। इसी दौरान गांव के गुलाब, रामपाल, सत्यपाल, विजयपाल, इन्द्रपाल व अरविंद गोलबंद होकर लाठी, डंडा व राड लेकर मेरे घर आकर गाली देने लगे। निर्माण कार्य बंद करने की धमकी देने लगे। मना करने पर घर में घुसकर पिटाई किए। बीच-बचाव करने आए योगेन्द्र व ऊषा को भी हमलावरों ने पिटाई किया। तीनों का उपचार कराया गया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# मरे व्यक्ति को जिंदा कर रहा तांत्रिक अरेस्ट

**GORAKHPUR (21 Sept):** लंबे समय से बीमार व्यक्ति की शनिवार की सुबह मृत्यु हो गई. दाह संस्कार की तैयारी के बीच घर पहुंचीं दो महिलाएं व एक पुरुष तंत्रमंत्र से उसे जिंदा करने का दावा करने लगे. स्वजन के राजी होने पर धार्मिक पुस्तक पढ़कर वह दो घंटे तक शव को इधर-उधर करते रहे, लेकिन कोई असर नहीं हुआ. ग्रामीणों के सूचना देने पर पहुंची चौरी चौरा पुलिस तीनों को थाने ले आयी. पूछताछ के बाद शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया. छोटकी बरही गांव के भरटोलिया में रहने वाले 48 वर्षीय लोरिक की तबीयत लंबे समय से खराब थी. शनिवार की सुबह उनकी मृत्यु हो गई. स्वजन व गांव के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे.

इसी दौरान दूसरे धर्म की दो महिलाएं व एक पुरुष मौके पर पहुंचे और मृत व्यक्ति को जिंदा करने का दावा करने लगे. उनका तंत्रमंत्र देखने के लिए आसपास के गांव में रहने वाले लोग एकत्र हो गए, तांत्रिक ने शव की दिशा बदली, उसके बाद हाथ में धार्मिक पुस्तक लेकर पढ़ने लगा. दो घंटे तक चला उनका प्रयास विफल रहा.

**01**

चौरी चौरा के बरही गांव की घटना, तीन का शांतिभंग में चालान

**02**

धार्मिक ग्रंथ हाथ में लेकर शव को करते रहे दो घंटे तक इधर-उधर

# बैनामा में फर्जीवाड़ा को लेकर किया हंगामा

### मानसिक रोगी को शराब पिलाकर साढ़े आठ डिसमिल भूमि करा लिया बैनामा

**BHITI RAWAT:** सहजनवां तहसील समाधान दिवस के दौरान एक अजीबोगजीब मामला देखने को मिला. सहजनवां समाधान दिवस पर अपनी शिकायत लेकर पहुंचे स्वजन स्थित निबंधन कार्यालय में बैनामे में फर्जीवाड़ा को लेकर खूब हंगामा किया साथ ही रजिस्टार पर धन उगाही कर मानसिक रोगी से बैनामा करने का आरोप लगाते दिखे.

## क्या है पूरा मामला

समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी को दिए शिकायत पत्र में प्रार्थी पंकज उपाध्याय पुत्र स्व.द्वारिकाधीश उपाध्याय निवासी भरवल जो मानसिक रोगी है,ने बताया कि 19 सितंबर को पीड़ित खेत में पानी चला रहा था,जिसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है इसी बात का फायदा उठाकर जालसाज उसे बाइक पर बैठाकर सहजनवां स्थित एक होटल में ले गए,जहां पहले उसे शराब पिलाने के बाद निबंधन कार्यालय ले आए, जहां शराब के नशे कि हालात में मानसिक रोगी से उसकी साढ़े आठ डिसमिल भूमि जिसकी किमत लगभग 45 लाख रुपए बताया जा रहा है को बैनामा करा लिया गया. जब की जालसाजों ने पीड़ित के बैंक खाते में कोई भी धन का भुगतान नहीं किया है, जब इसकी भनक स्वजनो को हुई तो वह रजिस्टार आफिस में पहुंच हंगामा करने लगे यह देखकर कार्यालय में काफी भीड़ जुट गई,जिसका एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है. जानकारी होने पर एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए गीडा थाने को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है.



## जबरन भूमि कब्जा करने का लगाया आरोप

**BHITI RAWAT:** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत लेकर पहुंची महिला ने अपने सहखातेदार पर जबरन भुमि कब्जा करने का आरोप लगाया है. भीटी रावत निवासिनी महिला सुशीला पत्नी छोटे ने उप जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर अपने से खातेदार बहरइची पुत्र रामलाल और छेदी पुत्र श्याम लाल पर अपने हिस्से की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है. प्रार्थना ने दिए शिकायत पत्र में बताया कि विपक्षी का गाटा संख्या 516 के रकबा 0.082 हेक्टेयर में लगाए गए चार पेड़ जो लगभग 30 वर्ष पुराने थे. जीने काटकर गिरा दिया गया है. महिला ने मामले की जांच निर्माण कार्य रोकने व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है.

## क्या कहते हैं जिमेदार

इस संदर्भ में बात करने पर प्रभारी रजिस्टार संदीप सिंह ने कहा कि बयान के दौरान विक्रेता ने धन मिलने की बात स्वीकार किया था. तभी बैनामा हुआ था. धन उगाही का आरोप बेबुनियाद है. वही अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व से बात किया गया तो उनका कहना था कि इस पूरे मामले की जांच करा कर मामले में संलिप्त दोषियों पर कार्यवाही किया जायेगा. अब देखना यह है,कि इस पुरे प्रकरण की जांच निष्पक्षता से जांच कर पिडित को न्याय मिलता है,या सांठ-गांठ कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा.

# 24 घंटे की टाइम लाइन पर गंगेश के मौत की जांच

**फॉलोअप**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गंगेश की मौत जहर से हुई इसकी पुष्टि तो हो गई है लेकिन उसे जहर किसने दिया यह गुत्थी अभी भी उलझी हुई है। मौत से एक घंटे पहले यानी जब से गंगेश घर से निकला तब से मौत तक के हर मिनट का अध्ययन करने के बाद एसआईटी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची जिसके बाद वह मौत से 24 घंटे पीछे तक के सभी गतिविधियों की जांच शुरू कर दी है।

वहीं स्लो प्वाइजन को भी समझ रही है। गंगेश के शरीर में जो जहर मिला है उसे आसानी से निगला नहीं जा सकता है। किसी वस्तु में कम मात्रा में मिलाकर तो नहीं पिलाया गया जिससे मौत की टाइमिंग बढ़ गई। फिलहाल यह सभी थ्योरी डॉक्टरों के समझने के के साथ सुझलाने के प्रयास में लगी है।

गंगेश हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी को बने करीब 15 दिन से ज्यादा हो गए हैं। एसआईटी ने लखनऊ में रहने वाले योगेश पांडेय हत्याकांड का केस देखने वाले पूर्व अधिवक्ताओं को पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं एक करीबी के इंटरनेट कॉल का भी रिकॉर्ड निकालने का प्रयास कर रही है।

उधर, शुक्रवार को इस केस की जांच के संबंध में पुलिस गंगेश के घर गई थी। इस केस में वादी बनी गंगेश की भाभी पुष्पा पांडेय से पुलिस ने पूछताछ की और उनका बयान नोट किया। इस दौरान 11 मई घटना वाले दिन के बारे में पुलिस ने उनसे पूरी जानकारी ली। पुलिस की माने तो गंगेश के एक करीबी ने घटना वाले दिन कई बार वाट्सएप कॉल की थी। उस व्यक्ति से पुलिस ने पूछताछ की है, लेकिन कोई विशेष जानकारी इस केस से जुड़ी नहीं मिल पाई है। अब पुलिस उस व्यक्ति की वाट्सएप कॉल का रिकॉर्ड निकालने का प्रयास कर रही है।

# 17 साल पहले गोली मारकर हुई हत्या में तीन को उम्रकैद

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। झंगहा के इटौवा गांव में 17 साल पहले हुई गोली मारकर हत्या के मामले में शनिवार को कोर्ट ने तीन आरोपितों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपित उसी गांव के रहने वाले हैं। कोर्ट ने उनके ऊपर 25-25 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है जुर्माना न जमा करने पर छह महीने की सजा अलग से भुगतनी पड़ेगी।

झंगहा थाना क्षेत्र के इटौवा निवासी राजेश राय की 17 साल पहले यानी 2007 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त वह गांव के बाहर स्थित राइसमिल पर थे। इस मामले में गांव के ही कृष्ण मुरारी राय, ओम प्रकाश राय और रणजीत राय के खिलाफ राजेश के पिता रामसूरत ने केस दर्ज कराया था। अपर सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार ने यह सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल एवं सतीश चंद यादव ने बताया कि अभियुक्त कृष्ण मुरारी राय की पत्नी रिश्ते में राजेश की भाभी लगती थी। इसी रिश्ते की वजह से राजेश उनके साथ कभी कभार हंसी मजाक कर लिया करता था। कृष्ण मुरारी राय और उनके घर वाले विरोध करते थे और रंजिश रखते थे। 19 जून 2007 की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच राजेश अपने राइस मिल पर बैठकर नाश्ता कर रहा था। उसी समय आरोपित आए और राजेश को गाली गुप्ता देते हुए जान मारने के लिए दौड़ा लिए। राजेश अपनी जान बचाकर गांव की तरफ खेतों से होकर भागने का प्रयास किया लेकिन आरोपितों ने तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी।

### 2018 में हुई हत्या में राघवेन्द्र के अलावा अन्य आरोपित कोर्ट से हो गए थे बरी

# इनामी राघवेंद्र के साथियों को सजा दिलाने के लिए पैरवी करेगा स्टेट

**शिकंजा**

- यूपी सरकार के माध्यम से हाईकोर्ट में अपील, शासकीय अधिवक्ता लड़ेंगे केस
- राघवेन्द्र ने दो बार में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर फैलाई थी सनसनी
- 2016 में चाचा-भतीजा तो 2018 में पिता-पुत्र की हत्या कर फरार है राघवेन्द्र यादव



ढाई लाख का इनामी राघवेंद्र यादव

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** डबल मर्डर से बाइज्जत बरी हुए ढाई लाख के इनामी राघवेन्द्र यादव के साथियों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। लोवर कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ पुलिस भी हाईकोर्ट पहुंच गई है। वहीं पीड़ित ने भी फैसले पर सवाल उठाते हुए अपील की थी। दोनों मामलों को अब संयुक्त रूप से एक ही तारीख पर देखा जाएगा। स्टेट की तरफ से शासकीय अधिवक्ता पैरवी करेंगे। अक्तूबर के अन्तिम सप्ताह से सुनवाई होने की उम्मीद है।

दरअसल, लोवर कोर्ट से बाइज्जत बरी हुए राघवेन्द्र के साथियों के खिलाफ पीड़ित पक्ष ने पहले हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने लोवर कोर्ट के आदेश से जुड़ी सभी पत्रावली तलब करते हुए आरोपित पक्ष को नोटिस जारी किया है। उधर, पुलिस की तरफ से भी इसमें पैरवी के लिए शासन को पत्र लिखा गया था। गोरखपुर एसएसपी ने अक्तूबर 2023 में पूरी रिपोर्ट तैयार कर डीएम के यहां भेजी। 26 जनवरी 2024 को यह फाइल डीएम के माध्यम से शासन में भेजी गई।

वहीं शासन से 21 फरवरी 2024 को हाईकोर्ट गई। उधर, वादी की तरफ से दाखिल की गई अपील पर हाईकोर्ट से नोटिस को पुलिस ने तामिला करा दिया था। स्टेट की तरफ से दाखिल अपील को भी अब संयुक्त रूप से देखा जाएगा।

**राघवेन्द्र यादव का आज तक नहीं लगा सुराग :** एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर फरार चल रहे मुख्य आरोपित राघवेन्द्र यादव करीब आठ साल से फरार है। यूपी पुलिस ने उसके ऊपर ढाई लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। राघवेन्द्र ने परिवार के अन्य लोगों की हत्या की धमकी दी है। यही वजह है कि जयहिंद के परिवार के घर आज भी चार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है वहीं हत्या के बाद ही गोबडौर चौकी भी बनाया गया है। राघवेन्द्र के अलावा हत्याकांड में आरोपित बनाए गए अन्य लोगों को पिता-पुत्र के हत्या में कोर्ट ने सबूतों के अभाव में सितम्बर 2023 में बरी कर दिया है। उसी के खिलाफ वादी मुकदमा राम मिलन यादव ने हाईकोर्ट में अपील की थी। वहीं स्टेट की तरफ से भी अपील की गई है।

## एक ही परिवार की चार लोगों की हो चुकी है हत्या

पहले 06, जनवरी, 2016 को बलवंत यादव पुत्र छोटेलाल तथा उसके भतीजा कौशल यादव पुत्र जयहिंद यादव की सरेआम हत्या हुई थी। कौशल के भाई नागेंद्र यादव की तहरीर पर पुलिस ने राघवेन्द्र यादव, रामलखन, बसंतलाल यादव, जयगोविंद उर्फ पन्ने, पप्पू यादव सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद 10, अप्रैल, 2018 को चाचा-भतीजे की हत्या की तारीख से कचहरी से लौटते समय रिटायर दरोगा जयहिंद यादव व उनके पुत्र नागेंद्र यादव उर्फ नाहर की गोबडौर से आगे सिवान में घेरकर बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इसमें राममिलन पुत्र जयहिंद यादव की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। इस मामले में कोर्ट ने राघवेन्द्र के अतिरिक्त अन्य आरोपितों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है।

# जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया चिह्नित कर बरतें सख्ती

### गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया के रूप में चिह्नित कर सख्ती की जाए। जमीन के विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी एस्टीमेट की

# इस बार भी डीजे के शोर पर रहेगी रोक

गोरखपुर। दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा और छठ पूजा में तेज आवाज में डीजे न बजे, इसके लिए पुलिस इस बार भी चेताएगी। दुर्गा प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक के लिए एक पुलिसकर्मी को नोडल अफसर बनाया जाएगा।

इसके अलावा डीजे संचालकों और मूर्ति स्थापना समिति के साथ पुलिस के जिम्मेदार बैठक करेंगे और उन्हें हाईकोर्ट के नियम-कानून बताएंगे। उसके बाद भी पंडाल व जुलूस में तेज आवाज में डीजे बजता मिला तो पहले पुलिस समझाएगी। नहीं माने तो डीजे सिस्टम जब्त कर लेगी। उल्लंघन करने वालों पर केस दर्ज कर जेल भेजेगी।

# बीमारी से मृत व्यक्ति को जिंदा करने पहुंचे तीन हिरासत में

■ धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश में तीनों के आने की आशंका, पुलिस कर रही है जांच

चौरीचौरा, हिसं। चौरीचौरा क्षेत्र के छोटकी बरही भरटोलिया निवासी एक व्यक्ति की बीमारी से शनिवार की सुबह मौत हो गई। बीमारी से मौत होने पर कुछ तथाकथित तांत्रिक पहुंचे और उसको जिंदा करने का दावा किया। उसके शव की दिशा बदल दी और एक धार्मिक पुस्तक पढ़ने लगे। लेकिन, कोई असर नहीं हुआ।

मृत व्यक्ति जिंदा नहीं हुआ तो कुछ लोगों ने कथित तांत्रिकों की सूचना पुलिस को दी। पुलिस पहुंची और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। गांव वालों ने आशंका जाहिर की है तीनों इलाके में धर्म परिवर्तन की नीयत से आए थे। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है। भरटोलिया निवासी लोरिक (48) पुत्र बीरा कई माह से बीमार चल रहा था। शनिवार को उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन और आसपास के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। इसी दौरान किसी की सूचना पर दूसरे धर्म की दो महिलाएं व एक पुरुष मौके पर पहुंच गए। तांत्रिकों ने मृत व्यक्ति को जिंदा करने का दावा किया। लगभग दो घंटे तक अफरातफरी मची रही। जब व्यक्ति जिंदा नहीं हुआ तो किसी ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो महिला व एक पुरुष को हिरासत में लेकर घटना की जांच कर रही है।

# तालाब में तलाश रहे थे, खेत में नशे की हालत में मिला किशोर

उनवल। खजनी थाना क्षेत्र के कतनी गांव में 15 वर्ष के किशोर की डूबने की सूचना पर तीन घंटे तक तालाब में एसडीआरएफ उसकी तलाश करती रही। जबकि, किशोर बगल के ही खेत में नशे की हालत में गिरा मिला।

जानकारी के अनुसार, कतनी गांव में स्थित कुसुम इंटर कॉलेज के पीछे तालाब के पास दो भाई बैठे थे। तभी एक भाई कुछ काम से वहां से चला गया, वापस आकर देखा तो छोटा भाई वहां नहीं था। उसे लगा कि छोटा भाई तालाब में गिर गया है। यह सूचना गांव वालों का दे दी।

जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ ने उसे तालाब में ढूंढना शुरू कर दिया। तीन घंटे तक किशोर का कहीं पता नहीं चला, तभी किसी की नजर बगल के खेत में पड़ी। वहां किशोर गिरा पड़ा मिला।

पास जाकर देखने पर पता चला कि किशोर ने बहुत अधिक शराब पी रखी थी। इसलिए वह वहीं पर नशे की हालत में गिरा पड़ा था। ब्यूरो

# मारपीट करने के आरोपितों पर मुकदमा

खोराबार। खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर ढाड़ी गांव में मारपीट करने के दो आरोपितों पर शुक्रवार की देर रात पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर ढाड़ी निवासी राजेन्द्र निषाद पुत्र रामवृक्ष का आरोप है कि 19 सितम्बर को शाम करीब 6.30 बजें गांव के रहने वाले अजय, विनय बेवजह मेरे भाई जगदीश निषाद को मारने पीटने लगे बीच बचाव करने पहुंचा मेरा बेटा सुरजीत व बेटी करिश्मा व ज्योति को भी दोनों लोग मारपीट कर सिर फोड़कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# मारपीट के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज

खोराबार। रामपुर दांडी में 19 सितंबर को हुई मारपीट में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर दांडी निवासी राजेंद्र निषाद पुत्र रामवृक्ष ने आरोप लगाया कि 19 सितंबर की शाम गांव के रहने वाले अजय, विनय पुत्र ओमप्रकाश चौधरी उसको भाई को पीटने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे और बेटी को भी दोनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# बाइक की टक्कर को लेकर मारपीट, केस दर्ज

खोराबार। सोनवे में शुक्रवार को दो पक्षों में बाइक से टक्कर को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, खोराबार थाना क्षेत्र के नौवा डुमरी का अंकित पासवान अपने दोस्त रोहित भारती के साथ शुक्रवार को शाम छह बजे के करीब अगहर सोनवे के रास्ते घर जा रहा था। तभी शिव चौधरी बाइक से अपने दोस्त के साथ तेज रफ्तार में आया और अंकित की बाइक तरफ बढ़ने लगा। विरोध पर वह मारपीट करने लगा। संवाद

# मरे को जिंदा करने का ढोंग कर रहे थे तांत्रिक, पकड़े गए

## चौरीचौरा का मामला, पुलिस ने तीन का शांतिभंग में किया चालान, एक धार्मिक पुस्तक हाथ में लेकर दो घंटे तक पढ़ते रहे, नहीं हुआ असर

अमर उजाला ब्यूरो

सरदार नगर (गोरखपुर)। चौरीचौरा में शनिवार को एक व्यक्ति की बीमारी से मौत होने के बाद उसके घर कथित तांत्रिक दो महिलाएं और एक पुरुष पहुंचा। उन्होंने मृत व्यक्ति को जिंदा करने का दावा किया।

दो घंटे तक शव के पास एक धार्मिक पुस्तक पढ़ते रहे, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। तभी किसी ने पुलिस बुला दी। पुलिस तीनों को पकड़कर थाने ले गई, पूछताछ के बाद शांति भंग में चालान कर छोड़ दिया।

### अंतिम संस्कार की थी तैयारी दो महिलाओं संग पहुंचे पुरुष ने किया जिंदा करने का दावा

जानकारी के अनुसार, चौरी चौरा के छोटकी बाही भरटोलिया निवासी लोरिक (48) पुत्र बीरा कई माह से बीमार चल रहा था। शनिवार को उसकी मौत हो गई। जिसके बाद



चौरीचौरा में शव के पास धार्मिक पुस्तक पढ़ते तांत्रिक। सोर्स: सोशल मीडिया

परिजन व गांव के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी दौरान किसी की सूचना पर दूसरे धर्म की दो महिलाएं व एक पुरुष यहां पहुंच गया। तीनों ने लोरिक को जिंदा करने का दावा किया। इसके बाद यह सूचना क्षेत्र में तेजी से फैल गई।

आस-पास के गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि इन तांत्रिकों ने सबसे पहले शव की दिशा बदलकर उसे पूरब-पश्चिम किया। इसके बाद एक धार्मिक पुस्तक हाथ में लेकर पढ़ने लगे, इधर-उधर काफी देर तक चक्कर भी लगाया। इसी बीच पुलिस पहुंचकर तीनों को पकड़कर थाने ले गई। गांव में इस बात की भी चर्चा हो रही है कि आखिर तीनों लोरिक के घर ही क्यों पहुंचे, ये उसको पहले से जानते थे तो अंजान क्यों बने।

> सुबह इस तरह की सूचना मिली थी। पुलिस ने दो महिला और एक पुरुष को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। इसके बाद उनका शांति भंग में चालान कर दिया गया।
>
> -जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव
> एसपी उत्तरी

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगी में गोरखपुर का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एक युवक से 13 लाख 35 हजार रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने आरोपी गोपालपुर जिला गोरखपुर यूपी निवासी अमन शर्मा को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ के लिए पुलिस ने उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खेड़ी शेरखां निवासी परमजीत की शिकायत के अनुसार वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए जालंधर के रहने वाले आशा व जगदीश से मुलाकात की।

शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी बातों में आकर उसने उनको अपना पासपोर्ट दे दिया व 15 लाख रुपये में ऑस्ट्रेलिया का वीजा लगवाने की बात हो गई। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को कहा कि 10 लाख रुपये पहले देने होंगे और बाकी के चार लाख रुपये ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद देने होंगे। संवाद

# गंगेश हत्याकांड : लखनऊ के अधिवक्ता से होगी पूछताछ

## एसआईटी ने अधिवक्ता को भेजा नोटिस, भाभी से पुलिस ने फिर लिया बयान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गंगेश हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) को बने करीब 15 दिन हो गए। केस में अभी तक ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे पूरी घटना से पर्दा उठ सके।

एसआईटी ने अब लखनऊ में रहने वाले योगेश पांडेय हत्याकांड का केस देख चुके पूर्व अधिवक्ता को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं एक करीबी के इंटरनेट कॉल का भी रिकॉर्ड निकालने का पुलिस प्रयास कर रही है।

शुक्रवार को इस केस की जांच के संबंध में पुलिस गंगेश के घर गई थी। केस में वादी बनीं गंगेश की भाभी पुष्पा पांडेय से पुलिस ने पूछताछ की और उनका बयान लिया। इस दौरान 11 मई घटना वाले दिन के बारे में पुलिस ने उनसे जानकारी ली। पुष्पा से पूछा गया कि उस दिन कहां-कहां से कॉल आई थी, घर से गंगेश कब निकला था, उसने क्या खाया था। इसके अलावा भी कई सवाल पूछे गए, जिनके जवाब नोट किए।

पुलिस की मानें तो गंगेश के एक करीबी ने घटना वाले दिन कई बार वॉट्सएप कॉल किया था। उस व्यक्ति से पुलिस ने पूछताछ की है, लेकिन कोई विशेष जानकारी नहीं मिल पाई है। अब पुलिस वॉट्सएप कॉल का रिकॉर्ड निकालने का प्रयास कर रही है। अन्य जानकारी जुटाने के लिए पुलिस साइबर विशेषज्ञ की मदद ले रही है।

# नौकरी के नाम पर रुपये हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**सरदार नगर।** चौरीचौरा पुलिस ने नौकरी के नाम पर रुपये लेकर गबन करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भौवापार की सरिता चौहान ने राकेश पाठक, ममता देवी, मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार सिंह और सम्राट उर्फ विनोद के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें वांछित चल रहे राकेश पाठक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

# महिला से मारपीट पर आठ लोगों पर केस दर्ज

**पीपीगंज।** आवास विकास फर्टिलाइजर निवासी एक महिला ने पति और ससुरालवालों पर मारपीट का आरोप लगाया। महिला की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने छह नामजद और दो अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार, चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर फर्टिलाइजर निवासीनी ममता विश्वकर्मा की शादी 12 वर्ष पूर्व पीपीगंज थाना क्षेत्र के रसुलपुर चकिया गांव निवासी मनीष विश्वकर्मा से हुई थी। आरोप है कि तभी से पति और उसके घर के लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। संवाद

# दो पक्षों में मारपीट, नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

सरदार नगर। चौरीचौरा क्षेत्र के छबैला में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। एक पक्ष के अशफाक अहम्मद ने पुलिस को बताया कि उनके यहां मस्जिद पर एक मौलवी रहते हैं। जिनको बिना किसी कारण ही इम्तियाज अहमद गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो उन्हें भी गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इम्तियाज उर्फ तीजू, मोमिन, अखलाख, सोबरत्न के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के इम्तियाज अहमद ने तहरीर देकर बताया कि चारपाई पर सोया था। इसी दौरान मेरे पट्टीदार अशफाक अहमद, अमीर खान, इमरान खान, सलमान खान, शमशाद अहमद बिना किसी कारण गाली देते हुए मारने पीटने लगे। पुलिस दोनों पक्षों से केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# स्टांप चोरी : पांच पॉवर ऑफ अटार्नी में 200 करोड़ का खेल

## ताल जहदा की 21 हेक्टेयर जमीन का मामला, दो हाउसिंग व डेवलपर फर्मों के बीच बनी डीड

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर ताल जहदा के पास करीब 21 हेक्टेयर जमीन की पॉवर ऑफ अटार्नी में करीब 200 करोड़ रुपये स्टांप कर व निबंधन शुल्क की चोरी हुई है। यह चोरी पांच अलग-अलग डीड में हुई है। नियमानुसार बैनामे के हिसाब से स्टांप और निबंधन शुल्क लगना चाहिए था, लेकिन मात्र 100 रुपये के स्टांप पर पॉवर ऑफ अटार्नी का आदेश कर दिया गया।

शिकायत पर जांच के बाद एआईजी स्टांप ने केस दर्ज करा दिया है, जिसकी सुनवाई एडीएम एफआर कोर्ट में चल रही है। वहीं शासन के निर्देश पर जांच भी कराई गई है, जिसमें विभागीय लोग भी फंस सकते हैं।

निबंधन कार्यालय, प्रथम में पांच दिसंबर 2023 को ताल जहदा में पांच डीड ओमैक्स लिमिटेड और होम व्हाकर प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ है। प्रत्येक डीड में चार-चार अराजी की जमीनों की पॉवर ऑफ अटार्नी होम व्हाकर प्राइवेट लिमिटेड के विशाल सिंह ने ओमैक्स लिमिटेड के सुनील कुमार सिंह को दिया।

### एआईजी स्टांप ने केस दर्ज कराया, एडीएम एफआर कोर्ट में चल रही सुनवाई

इस डीड में भूमि के विक्रय का अखंडनीय अधिकार दिया गया। इसकी जांच कर उप निबंधक प्रथम सुबोध कुमार राय ने रिपोर्ट सहायक महानिरीक्षक निबंधन को 27 फरवरी को भेज दी और 200 करोड़ से ज्यादा का स्टांप व निबंधन शुल्क की कमी बताई। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि जुलाई 2023 से तीन जनवरी 2024 तक पंजीकृत सभी पॉवर ऑफ अटार्नी की गहनता से जांच के दौरान यह मामला पकड़ा गया। इसके साथ ही यह भी लिखा है कि समयाभाव के कारण डीड के प्रस्तुतीकरण के समय गंभीरता पूर्वक परीक्षण नहीं किए जाने के कारण कम स्टांप होते हुए भी इसे पंजीकृत कर लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन एआईजी स्टांप प्रदीप राणा ने पांचों डीड में मुकदमा दर्ज करा दिया। इसी बीच किसी ने राजभवन में शिकायत कर दी। राजभवन के निर्देश पर शासन ने जांच का आदेश दे दिया। जांच में अब विभागीय अधिकारियों की भी गर्दन फंस सकती है।

### ताल जहदा में कहां-कितनी जमीन में हुई है चोरी

| अराजी नंबर | क्षेत्रफल | स्टांप कर चोरी (लाख में) |
|---|---|---|
| 337, 340, 356, 349 | 4.3490 | 42,07,100 |
| 336, 329, 331, 326 | 4.5071 | 43,60, 050 |
| 338, 339, 366, 331 | 3.4520 | 33,39, 300 |
| 340, 337, 340, 352 | 3.9090 | 64, 50, 000 |
| 278, 279, 330, 278 | 4.8080 | 46, 51, 200 |

*पॉवर ऑफ अटार्नी की जांच के दौरान पाया गया कि ओमैक्स लिमिटेड और होम व्हाकर प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुई डीड में स्टांप कर की कमी मिली। सभी मामलों में भारतीय स्टांप अधिनियम की धारा-5 के तहत केस दर्ज करा दिया गया। शासन के निर्देश पर जांच कराकर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी गई है।*

– **संजय दुबे,** एआईजी स्टांप

# दुर्गा पूजा : अगर तेज आवाज में बजाया डीजे तो सिस्टम होगा जब्त

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा और छठ पूजा में तेज आवाज में डीजे बजाने पर पहले पुलिस चेतावनी देगी, इसके बाद भी न माने तो सिस्टम जब्त कर लिया जाएगा। दुर्गा प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक के लिए एक पुलिसकर्मी को नोडल अफसर बनाया जाएगा।

इसके अलावा डीजे संचालकों और मूर्ति स्थापना समिति के साथ पुलिस के जिम्मेदार बैठक करेंगे और उन्हें हाईकोर्ट के नियम-कानून को बताएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर केस दर्ज कर पुलिस उन्हें जेल भेजेगी।

### लक्ष्मी पूजा और छठ पूजा को लेकर भी पुलिस ने कसी कमर

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने इसको लेकर खाका तैयार कर लिया है। त्योहार में सुरक्षा के लिहाज से तैयारी शुरू कर दी गई है। इसमें खास ध्यान रखा गया है कि तेज आवाज में डीजे न बजने दिया जाए, ताकि लोगों को दिक्कतें न हो। एसएसपी ने बताया कि समितियों के अलावा डीजे संचालकों के साथ भी बैठक कर उन्हें भी नियम-कायदा समझाया जाएगा। बताया जाएगा कि उल्लंघन पर डीजे सिस्टम को जब्त कर लिया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि थाने और हर मूर्तिकार के यहां पर दरोगा रैंक के एक-एक पुलिसकर्मी को नोडल बनाया जाएगा, जो यह जानकारी जुटाएंगे कि कितनी मूर्तियां स्थापित हो रहीं हैं।

मूर्तिकार से पुलिस यह फीडबैक लेगी कि उसके यहां से कहां-कहां और कितनी मूर्तियां गई हैं। उस जानकारी को समितियों की ओर से दी गई मूर्तियों की सूचना से मिलान कराकर सूची तैयार कराई जाएगी।

# हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास

**गोरखपुर।** हत्या का जुर्म सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार ने

झं ग हा

था ना

**अदालत से**

क्षेत्र के इटौवा निवासी अभियुक्त कृष्ण मुरारी राय, ओमप्रकाश राय व रणजीत राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर आरोपियों को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। आरोपियों ने पुरानी रंजिश में 19 जून 2007 की रात करीब 10 बजे तमंचे से राजेश राय पर गोली चलाई थी। गोली लगने से राजेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# फर्जीवाड़ा मामले में स्कूल निजी के प्रबंधक गिरफ्तार, मिली जमानत

**सलेमपुर(एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को रजिस्ट्री कार्यालय के पास से एक निजी स्कूल के प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है कि प्रबंधक व गांव के प्रधान, पूर्व प्रधान समेत कई लोगों ने एक दशक का पूर्व एक व्यक्ति से जमीन का एग्रीमेंट कराने की बात कह करीब पांच बीघा पैतृक जमीन फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने डीएम दिव्या मित्तल के निर्देश पर एक 8 सितंबर की रात निजी स्कूल के प्रबंधक व गांव के प्रधान, पूर्व प्रधान समेत सात लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान विवेचक ने धारा बढ़ोतरी कर शुक्रवार सुबह की निजी स्कूल के प्रबंधक गिरिजेश मिश्रा को रजिस्ट्री कार्यालय के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, हालांकि उसने जमानत ले लियाद्य कोतवाल टीजे सिंह ने बताया कि जालसाजी कर जमीन हड़पने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य छह आरोपियों की तलाश सरगर्मी की जा रही है।

# वरासत दर्ज करने के लिए घूस लेने वाला लेखपाल निलम्बित

**देवरिया(एसएनबी)।** वरासत दर्ज करने के लिए लेखपाल द्वारा घूस लेने का वीडियो वायरल होने पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल केनिर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी ने देवरिया सदर तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर हलके के लेखपाल रणविजय सिंह को निलम्बित कर दिया है।

मालूम हो कि देवरिया सदर तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर हलके के लेखपाल रणविजय सिंह द्वारा एक व्यक्ति से वरासत दर्ज करने के लिए घूस लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो की जांच का जिम्मा जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी को सौंपी। वायरल वीडियो की जांच के बाद उपजिलाधिकारी ने अपनी आख्या डीएम को सौंप दी।

इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी ने पहाड़पुर हलके के लेखपाल रणविजय सिंह को निलम्बित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार लेखपाल ने वरासत दर्ज करने के लिए तीन हजार रूपये की मांग किया था। किसान द्वारा उसे एक हजार रूपये देने का वीडियो वायरल हुआ है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : 25 प्रार्थना पत्र पड़े, 4 का निस्तारण

**रुद्रपुर/भाटपाररानी/बरहज/सलेमपुर (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील सभागार में माह के तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय के अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान राजस्व के (09), पुलिस विभाग के (02), विकास विभाग के (04), खाद्य एवं रसद विभाग के (03) एवं अन्य विभागों के 7 मामले सहित कुमल 25 मामले आये। जिसमें सिर्फ राजस्व विभाग के 4 मामले का निस्तारण हो पाया।

इस दौरान तहसील दिवस में जाफराबाद कोटिया के अच्युतानन्द सिंह का मामला कि बैनामा सुदा जमीन जबरन कब्जा किया गया है। जोगिया बुजुर्ग निवासी महेन्द्र पासवान द्वारा पट्टे की जमीन पर पट्टेदार द्वारा निर्माण कार्य रोका जा रहा है। लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष संकट मोचन चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजन सिंह, योगेन्द्र तिवारी आदि लेखपालों का प्रतिनिधिमण्डल विरासत पोर्टल में तकनीकि की समस्याओं को लेकर पत्रक दिया। जिसमें कहा गया कि तकनीकि समस्याओं के कारण लेखपाल द्वारा समय से पोर्टल में आख्या अग्रेसित नहीं हो पा रहा है। नगर के समाजसेवी मनमथ त्रिपाठी द्वारा नगर के श्री दुग्धेश्वर नाथ इण्टर कालेज में कराये जा रहे निर्माण कार्य का शिकायत करते हुए पत्रक सौंपा।





रुद्रपुर : समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपते समाजसेवी। भाटपाररानी : फरियाद सुनते एसडीएम रत्नेश तिवारी व सीओ शिव प्रताप सिंह।

इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सुश्री श्रुति शर्मा, तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, शिवेन्द्र कौडिल्य, सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी रतन कुमार पाण्डेय सहित सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही : रत्नेश**

**भाटपाररानी कार्यालय के अनुसार** स्थानीय तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मातहतों को निर्देशित करते हुए उपजिलाधिकारी रत्नेश तिवारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं के समस्या निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही होगी।

श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी गम्भीरता से जांच कर निस्तारित करने का प्रयास करें। जटिल समस्याओं से मुझे तुरन्त अवगत करायें। इस दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 22 शिकायतकर्ताओं ने आवेदन दिया। जिसमें मौके पर 2 मामलों का निस्तारण हो सका। शेष मामलों को उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अगले समाधान दिवस तक हर हाल में निस्तारण करने का निर्देश दिया। आए मामलों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 21 तथा अन्य एक मामले सम्मिलित रहे।

इस दौरान उप जिलाधिकारी रत्नेश तिवारी, नायब तहसीलदार अभिजीत सिंह, सीओ शिव प्रताप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**19 मामलों में मात्र 2 का हुआ निस्तारण**

**बरहज कार्यालय के अनुसार** शनिवार को तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अंगद यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कुल 19 शिकायत पत्रों में दो का निस्तारण किया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया। आये मामलों में राजस्व के 8, विकास के 4, पुलिस के 2, खाद्य एवं रसद के 1 तथा अन्य विभागों से सम्बन्धित 4 मामले सामने आये। जिसमे राजस्व से सम्बन्धित 2 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

**समाधान दिवस पर 41 मामले आए, राजस्व का एक निस्तारित**

**सलेमपुर कार्यालय** के अनुसार स्थानीय तहसील के सभागार में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी जे आर चौधरी की देख रेख में किया गया जिसमे विभिन्न विभागों के कुल 41मामले आए जिसमे सर्वाधिक राजस्व के 18 मामलो में एक का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तथा शेष मामलो को विभिन्न विभागों को सौंपकर शीघ्र निस्तारण का निर्देश ने मुख्य राजस्व अधिकारी ने तहसील के अधिकारियों को दिया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल आए 41मामलो में राजस्व के 18, पुलिस के 7, विकास के 8 पूर्ति के 5, विद्युत 5 ,नगर पंचायत 1 मामले शामिल थे। उक्त अवसर पर एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी, दीपक शुक्ल, अलका सिंह, नायब तहसीलदार गोपाल जी, कोतवाल टीजे सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# वायरल वीडियो मामला : पुलिस को आन्दोलन की चेतावनी

**अकटही बाजार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 सितंबर को जुलूस के दौरान वायरल वीडियो के मामले को लेकर बनकटा पुलिस पर लीपापोती करने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं के साथ स्थानीय लोग थाने पहुंचे और दुबारा शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किए। कार्रवाई नहीं होने की दशा में क्षेत्रीय जन के साथ मिलकर आंदोलन की चेतावनी दी। पत्र में लोगों ने बताया कि इंगुरी अंडर पास में मोटरसाइकिल सवार कुछ युवको का वीडियो वायरल हुए थे। उक्त मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया था। बावजूद इसके पुलिस इस मामले को दबाने में जुटी हैं। पुलिस कुछ युवकों को थाने लाई थी लेकिन बिना मुकदमा दर्ज किए शांति भंग में चालान कर दिया। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में लापरवाही कर रही है। अगर समय रहते मुकदमा दर्ज नही हुआ तो थाने पर पुलिस के खिलाफ आंदोलन होगा। इस दौरान गुड्डू गोस्वामी, नागेंद्र कुमार, महेश जयसवाल, रूपेश कुमार, विकाश पाण्डेय, राजकिशोर कुशवाहा, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने अपर जिला जज के फैसले पर लगाई रोक

**सलेमपुर(एसएनबी)।** ग्राम सभा चकरा गोसाईं के ग्राम प्रधान के निर्वाचन के खिलाफ पुनर्मतगणना के लिए दायर की गयी याचिका को अपर जिला जज द्वारा उपजिलाधिकारी सलेमपुर को दुबारा सुनवाई करने के फैसले पर हाईकोर्ट ने अनिश्चितकाल तक के लिए रोक लगा दिया है। गौरतलब है कि लगभग तीन साल पहले संपन्न हुए पंचायत चुनाव में ग्राम सभा चकरा गोसाईं की निर्वाचित प्रधान के निर्वाचन को हारे हुए प्रत्याशी ने उपजिलाधिकारी सलेमपुर के कोर्ट में चुनौती दी थी। हांलाकि इस मामले में फैसला देते हुए उपजिलाधिकारी सलेम्पुर के कोर्ट ने इसे अपोषणीय एवं अविधिक करार दे दिया था। उपजिलाधिकारी कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ याचिकाकर्ता ने अपर जिला जज के यहां सिविल रिविजन दाखिल कर दिया जिसमे अपर जिला जज ने इस मुकदमे की पुनः सुनवाई करने के लिए उपजिलाधिकारी सलेमपुर को निर्देशित कर दिया। अपर जिला जज के इस आदेश के खिलाफ चकरा गोसाईं के ग्राम प्रधान द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल कर इस मामले की पुनः सुनवाई पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाने की अपील की गयी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में पुनः सुनवाई पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दिया।

# डीएम के निर्देश कोटेदार पर केस

भटनी(एसएनबी)। डीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दुर्गानन्द यादव द्वारा ग्राम भरहेचौरा के सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत थाने मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। दिये गये तहरीर मे क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी द्वारा लिखा गया है कि गाँव के ही जनप्रतिनिधि द्वारा जिलाधिकारी के जनसुनवाई के तहत ग्राम भरहेचौरा ग्राम पंचायत के विक्रेता माधुरी देवी द्वारा खाद्यान्न वितरण मे घोर अनियमितता की गयी है। शिकायत में सात विन्दुओं पर जाँच की माँग की गयी थी। नायब तहसीलदार एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की एक संयुक्त टीम गठित कर 165 कार्ड धारकों के कार्ड की जाँच की गयी। जाँच मे केवाईसी के जाँच में धन लेना पात्रो को चीनी न देना कुछ कार्डधारकों के आधार प्रमाणीकरण के बाद भी राशन न देना अधिकांश कार्ड धारको ने अनियमितता का किये जाने का अपना वयान दर्ज कराया। जाँच मे स्टाक मे कम खाद्यान्न पाया गया। कारण बताओ नोटिस साक्ष्य सहित एक सप्ताह के अन्दर माँगा गया था। समय से स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करना विक्रेता द्वारा किये अनुबन्ध के शर्तो का उलंघन है। उप जिलाधिकारी द्वारा निलम्बन के लिए अनुमोदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी वित्त ने जिला पूर्ति अधिकारी से आख्या माँगी। जिस पर जिलाधिकारी के आदेश पर दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 3/7आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# चर्च में जुट रहे गैर ईसाई समुदाय के लोग

**बरहज (एसएनबी)।** नगर के रेलवे स्टेशन स्थित मसीही कलिसिया चर्च में प्रत्येक रविवार को बड़ी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोग जुट रहे है।

हिन्दू धर्म के छोटी जातियों को प्रलोभन देकर चर्च में प्रत्येक रविवार को प्रार्थना सभा में शामिल किया जा रहा है। गैर ईसाई समुदाय के लोग अन्दर ही अन्दर धर्मान्तरण भी करा रहे है। पूर्व में कलिसिया चर्च में मिशन स्कूल चलता था जहां आसपास के बच्चें स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। विगत कुछ वर्षों से चर्च का प्रबन्धन ठीक नहीं होने के कारण मिशन स्कूल का संचलन शिथिल हो गया। रविवार के दिन तहसील क्षेत्र के आस पास गांव के बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए आ रहे है। चर्च के लोगों द्वारा इन महिलाओं के अन्दर प्रभु ईशु का संदेश देते हुए पारिवारिक एवं शारीरिक दुखों तथा टोना टोटका व असाध्य लोगों से छुटकारा पाने की दीक्षा देते हुए उनके अन्दर विश्वास पैदा की जाती है। इस चर्च का इतिहास 114 वर्ष पुराना है। स्वीडिश नागरिकों द्वारा इस चर्च की आधारशिला रखी गयी थी। प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को प्रभु ईसा मशीह का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

प्रलोभन में आकर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष गैर धर्म को स्वीकार कर रहे है। नगर क्षेत्र में प्रत्येक रविवार को होने वाले प्रार्थना सभा में दूरदराज से आने वाले हिन्दू सम्प्रदाय के लोगों के बारे में जानकारी आज तक स्थानीय प्रशासन को नही हुई है। जिसका फायदा उठाते हुए चर्च के लोगों द्वारा गांव गांव में अपना प्रतिनिधि भेजकर प्रार्थना सभा में आने के लिए प्रेरित किया जाता है।

एसडीएम अंगद यादव ने कहा कि चर्च में हिन्दू धर्म के लोगों की जाने की जानकारी नहीं है। चर्च में वर्तमान समय में जारी गतिविधियों को जांच करायी जाएगी।

# फर्जी टाटा नमक की फैक्ट्री पर छापेमारी

**सलेमपुर/लार रोड(एसएनबी)।** सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर फर्जी टाटा नमक की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर गौरी गांव के चौराहे पर स्थित एक मकान में फर्जी फैक्ट्री बनाकर टाटा नमक की पैकिंग की जा रही थी। फैक्ट्री में काफी दिनों से कम दाम में नमक मंगाकर टाटा कपनी का लोगो लगा कर प्लास्टिक के थैले में टाटा कम्पनी नाम से भर कर दुकानों पर भेजा जाता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी रिशु मिश्रा पुत्र दिनेश मिश्रा पता ई/56 दुसरा तल छतरपुर एक्टेशन थाना महरौली दक्षिण दिल्ली की सूचना प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर को प्राप्त हुई कि ठाकुर गौरी गाव में टाटा एवं हिन्दुस्तान यूनीलीवर के सामान की नकली पैकेजिंग कर बेचा जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा सूचना का संज्ञान लेते हुए मौके पर दबिश दी गयी तो मकान मालिक द्वारा अपना नाम पता रामप्यारे गुप्ता पुत्र मुन्नीलाल गुप्ता उम्र 45 पता ग्राम ठाकुर गौरी पो. इटहुआ चंदौली थाना कोतवाली सलेमपुर जनपद देवरिया बताया गया। जहां से कुल टाटा साल्ट 1 किलो का भरा एक बोरी में 50 पैकेट कुल 5052 बोरी 2600 पैकेट, 1 किलो टाटा साल्ट के 5 बोरीयो मे भरा हुआ 220 पैकेट, 20 किलो खुला नमक, टाटा साल्ट का खाली रैपर 750 पीस, टाटा के खाली बोरी 56 बोरी, ब्रूक बाण्ड ताजा टी भरा 110 पीस ,. ब्रूक बाण्ड ताजा टी का खाली 260 पिस 200 ग्रा. का, व्हील एक्टी 1 किलो खाली रैपर 85 पीस, 2 बेन्डल धागा, दो इलेक्ट्रानिक काटा,एक बोरी सिलने वाली मशीन, एक पैकिंग करने वाली इलेक्ट्रानिक मशीन बरामद किया गया।



सलेमपुर : नकली टाटा नमक को मशीन से पैकिंग करता व्यक्ति।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए बरामद माल को कब्जे में लेकर वादी रिशु उपरोक्त की तहरीर पर थाना सलेमपुर में मुअसं 407/24 धारा 63/65 कापीराइट अधिनियम 1957 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। टीम का नेतृत्व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक तेज जगन्नाथ सिंह कर रहे थे जिसमें एक दर्जन पुलिस कर्मी शामिल थे।

# अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**देवरिया, निज संवाददाता।** शनिवार को जिले के तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा कुछ मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।

**भाटपाररानी संवाद** अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 शिकायती पत्र आए। मौके पर एसडीएम ने राजस्व के दो मामलों का निस्तारण कर दिया तथा अन्य मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को अगले समाधान दिवस तक निस्तारण करने का निर्देश दिया। सर्वाधिक राजस्व विभाग के 21 तथा एक अन्य विभाग के मामले शामिल रहे। इसमें उपजिलाधिकारी रत्नेश तिवारी, नायब तहसीलदार अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



शनिवार को रुद्रपुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते सीडीओ, एसडीएम और अन्य अधिकारी।

**सलेमपुर संवाद** अनुसार सभागार में आयोजित तहसील दिवस में मुख्य राजस्व अधिकारी जेआर चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना। विभिन्न विभागों के कुल 41 मामले आए, जिनमें राजस्व के 18 मामलो में 1 का निस्तारण किया गया। इसमें एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, सीओ दीपक शुक्ल, अलका सिंह, नायब तहसीलदार गोपाल जी, कोतवाल टीजे सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**बरहज संवाद** अनुसार उपजिलाधिकारी अंगद यादव की अध्यक्षता में शनिवार को समाधान दिवस में दो मामलों का निस्तारण किया गया। एएसपी सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में कुल 19 मामले आये। इसमें राजस्व के 8, पुलिस 2, विकास 4, अन्य पांच मामले रहे। इसमें नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य, पूर्ति निरीक्षक संजीव त्रिपाठी, लेखपाल अमरजीत सिंह उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ और एसडीएम ने सुनीं फरियाद

रुद्रपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को आना था। लेकिन उनके नहीं आने के कारण सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय और एसडीएम श्रुति शर्मा ने फरियाद सुनी। इस दौरान कुछ 25 मामले आए जिसमें चार मामलों को मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के तीन, पुलिस दो, विकास चार, खाद्य एवं रसद तीन व अन्य सात मामले आए थे। मनमथ मणि त्रिपाठी ने शिकायती पत्र देकर कहा कि डीएन इण्टर कॉलेज में व्यवसायिक कार्य हेतु दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। व्यापार मण्डल अध्यक्ष श्यामजी जायसवाल व महामंत्री गोपाल गुप्ता ने कहा कि नगर के सभी प्रमुख मार्ग और चौराहों पर अतिक्रमण हो गया है। पूर्व सभासद सच्चिदानन्द शुक्ल ने कहा कि शवदाह गृह बैकुण्ठ धाम में 15 महीने से शव जलाने के लिए दो सौ रुपए की वसूली की जा रही है। इस दौरान सीएमओ डॉ. राजेश झा, सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार शिवेन्द्र कौडिल्य, ईओ नीलेश गौरव, एचईओ विकास कुमार, राजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम नगवाखास निवासी भैंस चराने गये रामानन्द यादव की 5 सितम्बर को हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में आरोपी चल रहे नगवा खास निवासी रामहरख यादव को एकौना पुलिस ने शनिवार को तिघरा मराछी बांध के निकट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अपहरण की सूचना देने वाले के करीब पहुंची पुलिस

सुरौली, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र सुरौली के कतरारी निवासी एक युवक द्वारा अपनी मां को लहुलुहान हालत में वीडियो भेज अपहरण की जानकारी देने वाले अपहृत के करीब पहुंच चुकी है। युवक का लास्ट लोकेशन गौरीबाजार मिला है। बीती रात सुरौली व गौरीबाजार पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने अपहरण की शाम अपहृत युवक के साथ दिखे उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इसी ने उसका वीडियो बनाया होगा।

सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी निवासी कमलावती देवी पत्नी स्व संजय निषाद ने सरौली पुलिस को सूचना दी गांव के ही दो भाइयों ने मेरे बेटे अमन निषाद का अपहरण कर लिया है जिसकी सूचना मेरे बेटे ने लहुलुहान हालत में वीडियो भेज कर दी है। पुलिस ने तत्काल दोनों भाइयों को हिरासत में ले लिया और अपहृत के मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पूरा मामला पुलिस को शुरू से ही संदिग्ध लग रहा है। वीडियो में अपहृत अमन ने आरोप लगाए दोनों भाइयों ने युवक के खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज कराया था जिसमें अमन आठ महीने तक जेल में बंद रहा। घटना के दिन दोनों पक्षों में मामले को सुलझने को लेकर पंचायत हुआ था।

# बच्चे का अपहरण करने वाले दोनों आरोपी जेल भेजे गए

सुरौली। बच्चे के दोनों अपहर्ताओं को सुरौली पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। गुरुवार की रात पिता के साथ सो रहे मासूम का अपहरण हो गया था।

शुक्रवार को पुलिस ने काफी प्रयास के बाद बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया था। सुरौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया कुटी निवासी राजेंद्र राजभर अपनी पत्नी रेखा और पांच वर्षीय मासूम बेटे अजीत वह एक डेढ़ वर्षीय पुत्र के साथ हरैया के एक विद्यालय के सामने दुकान में कमरा लेकर रहते हैं। गुरुवार की रात बहोरवां निवासी रोशन विश्वकर्मा और गुड्डू पासवान के साथ मिलकर मासूम अजीत का अपहरण कर लिया तथा बेचने की नीयत से उसे बिहार लेकर चला गया। कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार को बच्चे को रोशन विश्वकर्मा के साथ देवरिया रोडवेज से कुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने रोशन विश्वकर्मा पुत्र महंत वह उसके सहयोगी गुड्डू पासवान पुत्र राम बढ़ाई निवासीगण बहोरवा थाना सुरौली को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# गांव में कई दिनों से बच्चे को खरीदने की बातें कर रहा था रोशन

## तीन दिन पूर्व मासूम के पिता को बच्चा बेचने का दिया था प्रस्ताव, मां ने भगाया था डांट कर

संवाद न्यूज एजेंसी

पैकौली। पांच वर्षीय मासूम का अपहरण कर बेचने बिहार के सिवान पहुंचे आरोपी के मंसूबे पर पुलिस ने पानी फेर दिया। वह बच्चा बेचने के बजाय वह इधर-उधर भागता रहा।



अजीत

पुलिस ने महज दस घंटे अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी युवक व उसके सहयोगी को जेल भेज दिया। लोगों की माने तो रौशन बीते कई दिनों बच्चा खरीदने की बात कर रहा था। ग्रामीण उसकी बातों को अनुसना कर देते थे, लेकिन जैसे ही अपहरण की सूचना मिली उनके होश उड़ गए।

सीसी टीवी फुटेज से पुलिस ने बहोरवा के गुड्डू को गिरफ्तार कर घटनाक्रम की जानकारी ली। उसने बताया कि मंगलवार को सुरौली थाने के फुलवरिया कुटी के राजेंद्र राजभर से रौशन मिला। वह अपने परिवार के साथ कतरारी-सुरौली मार्ग पर स्थित हरैया गांव में एक किराये की दुकान लेकर उसी में रहता है। उसने राजेंद्र से पांच वर्षीय पुत्र को देने की बात कही। इसके एवज में उसने 50 हजार रुपये देने को कहा। यह सुन राजेंद्र व उसकी पत्नी रेखा भड़क गईं। फटकार लगाते हुए उसे भगा दिया। इसके बाद रौशन ने बच्चे की अपहरण की योजना बनाई। वह शाम से ही राजेंद्र राजभर की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। राजेंद्र व उसकी पत्नी के सोने के बाद रात 12 से एक बजे के बीच में साथ में सो रहे अजीत का अपहरण कर लिया। रातों रात वाहन बुक कर बच्चे को बेचने के लिए सिवान निकल पड़ा। इधर पुलिस रौशन के पीछे निकल गई। रोशन पहुंच कर अभी सौदा करने वाला ही था कि पुलिस के आने की भनक लगी और वह ट्रेन से देवरिया के निकल गया। जहां मासूम के गांव के युवकों की मदद से पुलिस ने दबोच लिया।

### हरकतों को लेकर चर्चा में रहता था रोशन

रोशन का कोई बड़ा आपराधिक इतिहास नहीं है। लेकिन छोटे मोटे कांड को लेकर वह अक्सर चर्चा में रहता था। इसी कारनामों से उसकी पत्नी उसे छोड़कर अन्यत्र चली गई। इसी बीच उसका चक्कर गांव के ही एक महिला से हो गया। वह उसी के साथ रहने लगा, जिसे लोग पसंद नहीं करते है। उसकी प्रेमिका ने कई बार जेल जाने से उसे बचाया है। इधर कुछ दिन से रौशन बच्चा खरीदने की बात कह रहा था। ग्रामीण उसकी बातें अनसुनी कर दे रहे थे। बृहस्पतिवार को उसके द्वारा बच्चा चुराने की बात सुन उसके गांव के ग्रामीण दहशत में आ गए। लोग चर्चा करते हुए मिले कि शुक्र है कि उसने गांव में ऐसी घटना को अंजाम नहीं दिया।

### बिहार से उठाई महिला व किशोर को पूछताछ के बाद छोड़ा

सुरौली थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि सिवान पहुंचने पर सिवान नगर थाने के नवलपुर निवासी एक मकान में छापेमारी की गई, जो कि रोशन के दूर के रिश्तेदार का था। वहां पर जानकारी मिली कि रौशन मौर्य एक्सप्रेस से देवरिया के लिए निकला है। वहां गई पुलिस ने जिला मुख्यालय में सूचना देकर महिला व दोनों किशोर को उठा लिया। इधर रौशन के गिरफ्तार होने व बच्चा सकुशल बरामद होने की सूचना के बाद उन्हें छोड़ दिया। गिरफ्तार रौशन व गुड्डू को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

# शोहदों को पुलिस ने भेजा जेल

तरकुलवा। कोचिंग पढ़कर वापस घर लौट रही छात्राओं से छेड़खानी कर रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को बाइक समेत थाने लाकर पूछताछ करने के बाद उनकी गाड़ी सीज कर शांति भंग में चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव की कुछ छात्राएं अपने चौराहे के समीप कोचिंग से पढ़ाई करके शुक्रवार की देर शाम वापस घर लौट रही थी। रास्ते में दो बाइक सवार युवक सुनसान जगह देख अश्लील हरकत करने लगे। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने उनकी हरकत देखकर दोनों को पकड़ कर धुनाई शुरू कर दी और पुलिस को सौंप दिया।

# रिश्वत लेने में चौकी इंचार्ज निलंबित

भटनी। मारपीट के मामले में आरोपी का नाम निकालने को पांच हजार रुपया घूस लेने के आरोप में एसपी ने घांटी बाजार चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है। इसकी जांच क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी को सौंपी है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप है।

भटनी थाना क्षेत्र के जगरनाथ छपरा गांव में अगस्त में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। केस में पढ़ने वाले युवकों के नाम होने से दोनों पक्ष विवेचना कर रहे दरोगा से सम्पर्क किया। दरोगा ने एक पक्ष से पांच हजार रुपये लेने के बावजूद भी नाम नहीं निकाला। न्यायालय में भेजे चार्ज शीट में नाम आने के बाद लोगों ने इसकी शिकायत एसपी संकल्प शर्मा की। इस मामले में एसपी संकल्प शर्मा ने घांटी बाजार चौकी इंचार्ज हवलदार राम को निलंबित कर दिया। सीओ भाटपाररानी से प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट मांगी है। दरोगा के निलंबन की कार्रवाई से हड़कम्प मच गया है। सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि विवेचना अधिकारी पर आरोपी का नाम निकालने के नाम पर रुपये लेने के आरोप पर कार्रवाई हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# नमक की फर्जी फैक्ट्री चलाने वाले पर मुकदमा

सलेमपुर (देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली थाना क्षेत्र के ठाकुर गौरी चौराहे पर स्थित एक मकान में टाटा नमक, एक्टिव व्हील सर्फ एवं ताजा चाय का रैपर लगाकर फर्जी मिनी फैक्ट्री चलाई जा रही थी। पुलिस ने बरामद सामानों को सील करते हुए कारोबारी को हिरासत में ले लिया है। मामले में केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

नगर के सोहनाग रोड एचडीएफसी बैंक के समीप का रहने वाला राम प्यारे गुप्ता अपने पैतृक गांव ठाकुर गौरी में फर्जी फैक्ट्री चलाता था। टाटा नमक कंपनी के सेल्समैन रिशु मिश्र पुत्र उमेश व मनीष गुप्त ने सलेमपुर कोतवाली में पहुंच कर शिकायत की थी। इसके बाद कोतवाल टीजे सिंह, एसआई नीरज सिंह व कोतवाली पुलिस उनकी सूचना पर शुक्रवार की देर शाम ठाकुर गौरी चौराहे पर स्थित मकान पर पहुंच कर छापेमारी की। इस दौरान फर्जी कंपनी का भंडाफोड़ हुआ।

पुलिस को मौके से फर्जी टाटा नमक की 52 बोरी मिली। मौके पर नमक के एक किलो के 26 सौ पैकेट मिले। टाटा साल्ट की नाम लिखी 750 पीस रैपर, खाली बोरी 56, ब्रुक ब्रांड टाटा टी चाय की सौ ग्राम की 110 पैकेट, व्हील एक्टिव सर्फ के 85 रैपर, पैकिंग मशीन, बोरा सिलने वाली मशीन, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ। पुलिस ने सभी सामानों को सील कर दिया। रविवार को पुलिस ने रामप्यारे गुप्ता पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता के खिलाफ धारा 63 व 65 एवं कॉपी राइट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल टीजे सिंह ने कहा कि आरोपी नकली नमक, सर्फ व चायपत्ती का निर्माण करता था। कारोबारी के विरुद्ध केस दर्ज कर सभी समान सील कर दिए गए।



फैक्ट्री से बरामद नकली नमक।

**■ सेल्समैन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ कॉपी राइट्स के तहत हुई कार्रवाई**

वीडियो में शहर के सुभाष चौक पर रुपये ले रहा है लेखपाल

# लेखपाल का घूस लेते वीडियो वायरल, सस्पेंड

कलंक के खिलाफ

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने की लेखपाल पर कार्रवाई
- सदर तहसील के पहाड़पुर क्षेत्र में लेखपाल की थी तैनाती

"एक लेखपाल का पैसा लेने का वीडियो वायरल हुआ। इस बारे में पूरी जानकारी करने के बाद डीएम के निर्देशानुसार संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया गया। इस मामले की आगे भी जांच करायी जायेगी। -**विपिन द्विवेदी**, एसडीएम सदर।

**देवरिया, निज संवाददाता।** घूस लेने का वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर ने एक लेखपाल को सस्पेंड कर दिया। मामले की जांच कराई जा रही है। आपका अपना अखबार हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

देवरिया सदर तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर ग्राम पंचायत में रणविजय सिंह लेखपाल पद पर तैनात हैं। उनका शहर के सुभाष चौक पर एक व्यक्ति से रुपये लेने का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें लेखपाल बाइक पर हेलमेट लगायें बैठे हैं। लेखपाल की बाइक पर पीछे एक अन्य व्यक्ति भी हेलमेट लगायें बैठा है। उसके पीठ पर बैग लटका है। सुभाष चौक पर लेखपाल से एक व्यक्ति अपने काम के संबंध में बात कर रहा है। बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति युवा लेखपाल को शीघ्र काम कराने की बात कहते हुए पांच पांच सौ रुपए का कुछ नोट थमाता है। लेखपाल नोट लेकर जेब में रख लेता है। वह बाकी पैसा भी देने की बात कहता है। पैसा देने वाला लेखपाल से चाय पीने को कहता है, लेकिन वह इंकार करते हुए बाइक लेकर आगे बढ़ जाता है। लेखपाल का सुभाष चौक पर घूस लेने का शनिवार को वीडियो वायरल हो गया। लेखपाल द्वारा घूस लेने के वीडियो को डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक को ट्वीट कर दिया गया। शनिवार की सुबह से ही विभिन्न ग्रुपों में लेखपाल के घूस लेने का वीडियो वायरल होने लगा। इसको संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सदर एसडीएम विपिन द्विवेदी को संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया। दोपहर में एसडीएम ने युवा लेखपाल रण विजय सिंह को सस्पेंड कर दिया।

# चोर समझ दो साधुओं को पीटा

लार। बीती रात दो साधु मेहरौना पुल के रास्ते सूर्यास्त के बाद बिहार से यूपी में प्रवेश किए। मेहरौना चौकी के सिपाहियों ने उन्हें मना किया कि शाम हो गई है किसी अनजान गांव में न जाएं। दोनों ने कहा कि वे पुजारी हैं और अक्सर गांव में जाते-आते रहते हैं। देर शाम गांव में उन्हें देखकर कुछ युवक चोर चोर का शोर करते उन्हें पीटने लगे।

# घर निर्माण में लगा मजदूर गहना लेकर हुआ फरार

देवरिया, निज संवाददाता। भवन निर्माण के दौरान एक मजदूर लाखों का गहना चुरा लिया। वह शहर के रामनाथ देवरिया निवासी एक व्यक्ति के यहां निर्माण कार्य में मजदूरी करता था। आलमारी का चाभी गायब होने पर लाक तोड़ने पर गहना चोरी होने की जानकारी हुई। शक होने पर घर पहुंचने पर मजदूर गायब मिला। पुलिस ने फरार मजदूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों के अनुसार करीब 15 लाख रूपये का गहना चोरी हुआ है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनाथ देवरिया निवासी अरूण त्रिपाठी पुत्र नर्वदेश्वर त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर दिया कि एक महीने से उनके मकान का निर्माण चल रहा है। एक सप्ताह से वह अपनी घर रखी आलमारी की चाभी खोज रहे थे। चाभी नहीं मिलने पर वह 18 सितंबर को अपने आलमारी के सारे लाकर को तोड़वाया दिया। लाकर तोड़ने पर उसमें रखे सभी सोने, चांदी के गहने गायब मिले। आलमारी से सोने-चांदी के गहने तथा 40 हजार रूपया नगद चोरी हो गया था। भवन निर्माण करने वाले एक मजदूर गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बेलडरिया निवासी सोनू पुत्र सत्यदेव पर शक हुआ। क्योंकि वह काम करने के दौरान 11 सितंबर को 500 रूपया एडवांस लेकर गया, लेकिन उसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने सोनू पर आलमारी से लाखों का गहना व नगदी चुराने की आशंका जतायी।

# घांटी पुलिस चौकी के प्रभारी निलंबित

देवरिया: जिले की घांटी पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हवलदार राम को एसपी संकल्प शर्मा ने कार्यों व विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित कर दिया। चौकी प्रभारी के पास कई विवेचनाएं लंबित थी, जिसे बार-बार कहने के बाद भी वह विवेचनाओं को पूरा नहीं कर रहे थे। ऐसे में एसपी ने इसे लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की।

**नगदी सहित लाखों रुपये के गहना चोरी का आरोप :** देवरिया: रामनाथ देवरिया के रहने वाले अरुण त्रिपाठी पुत्र नर्वदेश्वर त्रिपाठी एक माह से अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहे हैं। निर्माण कार्य के दौरान उनकी आलमारी की चावी गायब हो गई।

# महापंचायत को सफल बनाने के लिए भाकियू ने बनाई रणनीति

## फोर लेन के नाम पर किसानों के जमीन का किया जा रहा अधिग्रहण

जागरण संवाददाता, देवरिया: भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई की मासिक बैठक सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही के अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 23 सितंबर को एनएच 727ए देवरिया बाईपास, एनएच 727बी सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर डीएम कार्यालय पर होने वाले किसान महापंचायत को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।

भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि बाईपास फोर लेन के नाम पर किसानों के जमीन का देवरिया जिले में व्यापक पैमाने पर अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसमे एक तरफ जिला प्रशासन 2020 के सर्किल रेट से ग्रामीण किसानों को प्रत्येक गाटा में 102 एयर तक चार गुना मुआवजा देने के बाद पूरे जमीन के मुआवजा में 2/3 अर्थात 67 प्रतिशत की कटौती कर ले रहा हैं। यह अब किसानों के लिए बर्दाश्त से बाहर है। भारतीय किसान यूनियन इसका पुरजोर विरोध कर रहा है। 23 सितंबर को महापंचायत के माध्यम से आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जिला महासचिव धनंजय सिंह ने कहाकि सभी ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं के हाथों में लाठियों के साथ 23 सितंबर को महापंचायत में शामिल होंगे। भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश के सचिव विनोद गुप्ता, सुरेन्द्र चौहान, गोविंद गुप्ता,युवा जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन उर्फ मुन्ना सिंह, मदन चौहान मौजूद रहे।



सिचाई विभाग डाक बंगला में भाकियू की बैठक को संबोधित करते भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय सिंह सैंथवार • जागरण

# बनकटा क्षेत्र में नही रुक रही शराब व गो तस्करी

जागरण संवाददाता, बनकटा: स्थानीय पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद बावजूद बिहार बार्डर से सटे बनकटा क्षेत्र में शराब व गो तस्करी का धंधा नहीं रुक रहा है।इस क्षेत्र के अधिकांश रास्तो से तस्करी जोरो पर हो रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन बैठे हैं।

तस्कर बनकटा क्षेत्र से बिहार जाने वाली अधिकांश पगडण्डी को अपने लिए महफूज मानते हैं कई बार तो गाड़ी रामपुर बुजुर्ग के रास्ते बिहार निकल जाती है तो बिहार पुलिस के निशाने नही बचती है। इस क्षेत्र में शराब तस्करी काफी दिनों से फल-फूल रही है, लेकिन समुचित कार्यवाही नहीं होने के कारण धंधे में लगे लोगों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अन्य जगहों पर भी शराब तस्करी का धंधा किसी न किसी के संरक्षण में चलता रहता है पुलिस के पकड़ में आने के बाद भी इस धंधे से जुड़े लोग बाज नहीं आते हैं।

**वॉर्डर पर है तस्करों का खौफ:** बनकटा क्षेत्र में तस्करों का इतना खौफ है कि यहां पुलिस अकेले न तो गाड़ी रोकती है न उसे दौड़ाने का प्रयास करती है, क्योंकि पुलिस को भी डर है कि तस्कर किसी हद तक जा सकते हैं।

**सिपाही पर गाड़ी चढ़ाने का हो चुका है प्रयास:** क्षेत्र में बनकटा पुलिस की इतनी खौफ है कि तस्कर गाड़ी लेकर निकलते हैं तो उन्हें किसी प्रकार का भय नही रहता कुछ दिन पूर्व रामपुर बुजुर्ग चेक पोस्ट पर तैनात एक सिपाही पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास भी कर चुके हैं, लेकिन पुलिस के अधिकारी इस बात की पुष्टि नहीं करते हैं।

# सीवीआइ के छापे में गिरफ्तार वैंक प्रवंधक निलंवित

जांस, वरियारपुर: क्षेत्र के बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर अवस्थी धुसवा में शुक्रवार को सीबीआइ के छापे के बाद शनिवार को बैंक खुला। फील्ड आफिसर व कैशियर काम निपटा रहे थे, लेकिन प्रतिदिन खाताधारकों से भरा रहने वाला बैंक खाली था। दिन के एक बजे तक मात्र 20 से 25 लोगों का ही लेन देन हुआ था । बैंक प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है।

शुक्रवार को सीबीआइ टीम के छापे में एक ऋण खाताधारक से निजी चपरासी को 3500 रुपये घूस लेते हुए पकड़ा गया था। सात घंटे के गहन जांच के बाद निजी चपरासी व बैंक मैनेजर को गिरफ्तार कर सीबीआइ टीम देर रात लखनऊ लेकर चली गई। बैंक के रीजनल मैनेजर धर्मवीर ने बताया कि प्रिंस जायसवाल की कभी कोई शिकायत नहीं मिली थी, फिर भी सीबीआइ द्वारा बैंक मैनेजर को गिरफ्तार करने के बाद निलंबित कर दिया गया है।

# विद्यालय में हुई चोरी के मामले में संदिग्ध हिरासत में

रामपुर कारखाना : क्षेत्र के महुआ डीह थाना क्षेत्र के टीलाटाली माडल इंटर कॉलेज में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महुआडीह थानाक्षेत्र के टीलाटाली गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय माडल इंटर कालेज में अगस्त माह में रात को चोरी हुई थी। घटना में स्टोर रूम से लैपटाप, पंखा सहित अन्य सामान चोरी हो गया था। जब घटना की जानकारी विद्यालय प्रशासन को हुई तो प्रधानाचार्य राणा प्रताप सिंह ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। शुक्रवार की रात में पुलिस में कुछ लोगों का हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू कर दिया।

# घटना स्थल का एडिशनल एसपी ने किया निरीक्षण

देसही देवरिया: महुआडीह क्षेत्र के भटनी दादन चौराहा स्थित सदानंद वर्मा पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मी शंकर वर्मा के आभूषण की दुकान में आठ माह पूर्व चोरी की घटना का पर्दाफाश नहीं हुआ है। पीड़ित दुकानदार ने इसकी शिकायत एसपी से की है। एसपी के निर्देश पर एडिशनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी शनिवार को मौके पर पहुंचे।

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जासं,रामपुर कारखाना: घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई है । क्षेत्र के पिपरा मदन गोपाल के शरीफ टोला की रहने वाली रेनू देवी पत्नी छोटू गोंड ने पुलिस को तहरीर देकर के आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर के मेरे ही गांव के शैलेंद्र गोंड ,राकेश गोंड ,उषा देवी तथा प्रियंका गोंड एक राय हो करके गाली देने लगे। जब मेरी सास ने गाली देने से मना किया तो उक्त लोग लाठी डंडे से मारने पीटने लगे ।जब बीच बचाव करने के लिए मेरी लड़की संध्या गोंड जब आई तो उसे भी मारपीट करके लोग घायल कर दिए ।जान बचाकर के जब घर में भागे तो घुसकर के सभी लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में सभी आरोपितो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस से लोगों को मिल रही निराशा

## सदर तहसील में दोपहर 12 बजे तक तहसीलदार सुनते रहे फरियाद, खाली रही अधिकारियों की कुर्सियां



रुद्रपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते सीडीओ प्रत्यूष कुमार पांडेय • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। देवरिया सदर में दोपहर में 12 बजे तक सिर्फ तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र व नायब तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी लोगों की यहां आए कुल 53 मामलों में मात्र चार का समाधान हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 160 मामले आए जिसमें 13 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्रभारी डीएम प्रत्यूष कुमार पांडेय ने रुद्रपुर में समस्या सुनी।

पीड़ित दस-दस साल से अपनी समस्या के समाधान के लिए समाधान दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस में चक्कर काट रहे हैं। उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। गिरीश प्रसाद मुंडेरा मल्ल के रहने वाले हैं बताया कि भाई से जमीनी विवाद है। मेरे हिस्से की जमीन को हड़प लिया है। तहसील और थाना का चक्कर लगाते लगाते थक गया हू। खंडहर मकान में बरसाती टांग कर रह रहा हूं। मेरे हिस्से में मकान नहीं बनने दे रहा है। पहाड़पुर के मार्कंडेय राय ने बताया कि घर में हैंडपंप लगा है मोटर लगवा रहे हैं, लेकिन पटिदार नहीं लगवाने दे रहा है। मेरे दरवाजे पर नाली का गंदा पानी बहा रहा है। मना करने पर मारपीट पर आमादा है। कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका समाधान नहीं हो रहा है।

**रुद्रपुर में सीडीओ ने सुनी समस्या:**

रुद्रपुर: तहसील सभागार में सीडीओ प्रत्युष कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में फरियादियों की समस्या को सुनी और उनकी समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया। सर्वाधिक राजस्व के मामलों को देख मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। आइजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निस्तारित करने को कहा। इस दौरान कुल 25 मामले आए जिसमें राजस्व के चार मामलों का मौके पर निस्तारण हो सका। उपनगर के मल्लाह टोली वार्ड के मनमथ त्रिपाठी समेत दर्जनों लोगों ने डीएन इंटर कालेज के संस्कृत पाठशाला की भूमि पर दुकान बनाए जाने की शिकायत की। शब्बीर अहमद ने उपनिबंधक कार्यालय रुद्रपुर में नगर पंचायत के भूमि का बैनामा कराए जाने में आनाकानी किए जाने की शिकायत की।

सीडीओ ने रुद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएचसी परिसर की साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने पीकू वार्ड, आपातकालीन कक्ष का जायजा लिया। इस दौरान सीएमओ डा. राजेश झा, सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, ईओ नीतेश गौरव, अंबिका प्रसाद, बीईओ राजकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस में आए 22 मामले, निस्तारण दो का:** भाटपाररानी: तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 22 शिकायती पत्र आए। मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी ने राजस्व के दो मामलों का निस्तारण किया। शेष मामलों को उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अगले समाधान दिवस तक हर हाल में निस्तारण करने का निर्देश दिया। यहां उप जिलाधिकारी रत्नेश तिवारी, नायब तहसीलदार अभिजीत सिंह, सीओ शिव प्रताप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस में आए 19 मामलों में दो निस्तारित:** बरहज: उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 19 मामले आए जिसमे दो राजस्व के मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य, पूर्ति निरीक्षक संजीव कुमार त्रिपाठी, लेखपाल अमर जीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस में आए 41 मामले, एक का हुआ निस्तारण:** सलेमपुर: तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य राजस्व अधिकारी जल राजन चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कुल 41 लोग शिकायत लेकर पहुंचे।

एक मामले को मौके पर निस्तारित किया गया। इस दौरान सीओ दीपक शुक्ला, तहसीलदार अलका सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# टाटा नमक का रैपर लगा कर रहा था कारोबार, सील

जागरण संवाददाता, देवरिया: सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ठाकुर गौरी गांव में फैक्ट्री में टाटा नमक का रैपर लगाकर कारोबार करने वाले एक कारोबारी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कारोबारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फैक्ट्री के अंदर रखा सारा सामान और रैपर को जब्त कर सील कर दिया।

नगर पंचायत के सोहनाग रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप का रहने वाला राम प्यारे गुप्ता पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता अपने पैतृक गांव ठाकुर गौरी में एक नमक की फैक्ट्री खोले हुए हैं। वे बाहर से नमक मंगाकर पैकिंग कर बाजार में कम दाम पर सप्लाई करने का कार्य करते हैं। नमक पर उनके द्वारा टाटा नमक का रैपर प्रयोग किया जाता था। जिसके नाम पर बाजार में नमक फैल गया था। उधर जब टाटा नमक के सेल्समैन को बाजार में पता लगा की उनके फर्म का डुप्लीकेट नमक बाजार में पटा है।



बरामद हुई टाटा नमक का लगा डुप्लीकेट रैपर वाला नमक• पुलिस

> पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां फर्जी नमक का रैपर तथा नमक बरामद हुई। कारोबारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।
>
> –दीपक शुक्ला, सीओ

साथ ही उनके मूल्य से पांच रुपये प्रति किलो कम की रेट पर नमक बिकने की बात पर उनके होश उड़ गए। कंपनी के सेल्समैन रेसो मिश्रा व मनीष गुप्ता ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस को की। पुलिस उनकी सूचना पर शुक्रवार की देर रात ठाकुर गौरी पहुंची और वहां कारोबार देख दंग रह गई। मौके पर भारी मात्रा में नमक का बोरा पैकिंग मशीन रैपर आदि सामान को गाड़ी से कोतवाली ले आई और राम प्यारे गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

# राजकीय बाल गृह का निरीक्षण, दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, देवरियाः न्यायिक अधिकारियों ने शनिवार को राजकीय बाल गृह बालक का हाल जाना। बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में जाना। चित्रकला, खेल आदि प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व आश्रय गृह के अनुश्रवण समिति की अध्यक्ष छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने बच्चों से बातचीत की। बच्चों को पौष्टिक भोजन, समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। बच्चों के अंदर नैतिक मूल्यों का विकास करने के लिए निबंध, योग, संगीत, चित्रकला व खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करने को कहा। पुस्तकालय, कंप्यूटर ज्ञान के जरिये कौशल विकास पर जोर दिया। न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखें। बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था कराएं। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को शामिल कराएं, जिससे वे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। इस मौके पर प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल व अन्य मौजूद रहे।



राजकीय बाल गृह बालक में जानकारी लेते न्यायिक अधिकारी • सौ.सूचना विभाग

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अनुश्रवण समिति की अध्यक्ष छाया नैन व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पहुंचकर जाना हाल**

# युवक ने नदी में लगाई छलांग लापता

**सलेमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के नदावर पुल के छोटी गण्डक नदी में शनिवार को एक युवक पहुंचा। वह कुछ देर खड़ा रहा और अचानक नदी में पुल से छलांग लगा दी। वहां मौजूद लोगों ने नदी के किनारे काफी देर तक कुछ मछुआरों को लगा कर युवक की तलाश की। लेकिन देर शाम तक नदी में कूदे युवक का पता नही चल सका। संवाद

# नौ माह बाद भी चोरी का खुलासा नहीं

देसही देवरिया। भटनी दादन चौराहा स्थित ज्वेलरी की दुकान में चोरी की वारदात का नौ माह बाद भी खुलासा नहीं होने पर पीड़ित ने एसपी से मदद की गुहार लगाई है। एडिशनल एसपी ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर नए सिरे से जांच-पड़ताल की। मातहतों को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

महुआडीह थानाक्षेत्र के विक्रम विशुनपुर गांव के सदानंद वर्मा की क्षेत्र के भटनी दादन चौराहा पर भी मकान है। उन्होंने अपने मकान में ज्वेलरी और कपड़े की दुकान की है। 2 जनवरी को दुकान बंद कर देर शाम वह घर (विक्रम विशुनपुर) चले गए। रात में चोर पीछे की दीवार और फाटक तोड़कर दुकान में दाखिल हो गए। लॉकर तोड़ कर दो लाख रुपये, छह किलोग्राम चांदी, ढाई सौ ग्राम सोने के आभूषण सहित करीब 20 लाख रुपये की चोरी हो गई। संवाद

# रिश्वतखोरी में घांटी बाजार चौकी इंचार्ज निलंबित

## विवेचना में आरोपी से पांच हजार रुपये घूस लेने के आरोप में कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। मारपीट के केस में आरोपी का नाम निकालने के लिए पांच हजार रुपये घूस लेने के आरोप में एसपी ने घांटी बाजार चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी को सौंपी है। तीन दिन पहले हुई इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है।

जानकारी के मुताबिक, भटनी के जगरनाथ छपरा गांव में अगस्त में दो

### क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी को सौंपी गई जांच

पक्षों में मारपीट हो गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई। आरोपियों में विद्यार्थियों का नाम आने से दोनों पक्ष उनका नाम निकलवाने में जुट गए। आरोप है कि दरोगा ने एक पक्ष से पांच हजार रुपये लेने के बावजूद नाम नहीं निकाला। चार्जशीट में नाम आने के बाद लोगों ने इसकी शिकायत एसपी संकल्प शर्मा से की। एसपी ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक व घांटी बाजार चौकी इंचार्ज हवलदार राम निलंबित कर दिया। साथ सीओ भाटपाररानी से प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट मांगी है। दरोगा के निलंबन की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। विवेचना कर रहे अधिकारी आरोपी पक्ष से मिलने से बच रहे हैं।

सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि विवेचना अधिकारी पर आरोपी से नाम निकालने के नाम पर रुपये लेने के आरोप पर कार्रवाई हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# तीन साल से ठाकुर गौरी में चला रहा था नकली नमक का धंधा

## लोगों की जिंदगी से कर रहा था खिलवाड़, तीन महीने पहले टाटा कंपनी को मिली थी शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। ठाकुर गौरी के रामप्यारे गुप्ता तीन साल पहले अपने गांव में नकली नमक का धंधा शुरू किया था। घर के अंदर कच्चे नमक को टाटा के रैपर में सील कर कई जिलों को भेजता था। नमक की गुणवत्ता व कम वजन जान किसी उपभोक्ता ने तीन महीना पहले टाटा कंपनी को शिकायत की थी। कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर रिशु मिश्रा जांच करने पहुंचे तो उसका भंडाफोड़ हुआ।

राम प्यारे गुप्ता की सोहनाग रोड में किराने की दुकान है। टाटा नमक होल सेल में उसे 17 रुपया में मिलता था। उसने अधिक धन कमाने के चक्कर में नकली टाटा नमक खुद तैयार कर कम रेट में दुकानदारों को देने का निर्णय लिया। इसके लिए वह अपने गांव ठाकुर गौरी को चुना। वह गोरखपुर से कच्चा नमक और रैपिंग मशीन खरीदकर कर लाया। घर पर ही टाटा रैपिंग वाली पालीथिन में भरकर मात्र 12 रुपया किलो ग्राहकों को देने लगा। इससे ग्राहकों पांच रुपये प्रतिकिलो जहां बचत होने लगा। माल तैयार करने में उसे केवल प्रतिशत लागत आती थी। नकली नमक के धंध में उसे 60 फीसदी का मुनाफा होने लगा।



ठाकुर गौरी गांव में घर में नकली टाटा नमक को पैक करता संचालक। स्रोत-पुलिस



घर के अंदर गोदाम में ताजा चायपत्ती के पैकेट। स्रोत- पुलिस



बरामद नमक के पैकेट स्रोत-पुलिस

### खराब नमक के सेवन से हो सकते हैं ये नुकसान

सीएचसी के अधीक्षक डॉ.अतुल कुमार ने बताया कि आयोडिन युक्त नमक नहीं खाने कई तरह के रोग होतें हैं। घेंघा रोग, वजन में कमी, कमजोरी, थकावत, गले में सूजन आदि रोग होते हैं। इसीलिए ब्रांडेड कंपनी का नमक का सेवन करना चाहिए।

# शहर के व्यस्ततम मार्ग पर लेखपाल का घूस लेते वीडियो वायरल, निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में एंटी करप्शन और सीबीआई की रेड के बाद भी सरकारी कर्मचारियों की रिश्वतखोरी कम नहीं हो रही है। ताजा मामला एक लेखपाल का शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर रिश्वत लेने का है। रिश्वत ले रहे लेखपाल का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो की जानकारी होते ही डीएम ने एसडीएम को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। सदर एसडीएम ने आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

सदर तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर ग्राम पंचायत में रणविजय सिंह लेखपाल के पद पर तैनात हैं। उनका शहर के सुभाष चौक पर पहाड़पुर के रुइहां टोला निवासी अंगद प्रसाद से वरासत के लिए रुपए लेते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। लेखपाल बाइक पर हेलमेट लगाए एक व्यक्ति के साथ बैठा है। शहर के सुभाष चौक पर लेखपाल से अंगद प्रसाद अपने काम के संबंध में बात कर रहा है। वायरल वीडियो में बातचीत के दौरान अंगद प्रसाद लेखपाल रंजीत सिंह को काम जल्दी कराने की बात कहते हुए पांच-पांच सौ रुपए के कुछ नोट देता दिखाई दे रहा है।

लेखपाल कम रकम होने की बात कह रहा है। अंगद पूछ रहा है कि आप बताइए और कितना दें। इसके बाद लेखपाल नोट लेकर जेब में रख लेता है। पैसा देने के बाद अंगद प्रसाद लेखपाल से चाय पीने को कहता है, लेकिन वह इन्कार करते हुए बाइक लेकर आगे बढ़ जाता है। लेखपाल का सुभाष चौक पर घूस लेने का वीडियो शनिवार को वायरल हो गया।

## लेखपाल के पास चक्कर काट रहा था अंगद

पहाड़पुर गांव के रुइहां टोला के पीड़ित अंगद प्रसाद के बड़े भाई भीम प्रसाद ने बताया कि वह छह भाई हैं। अंगद सबसे छोटे भाई हैं। अंगद ही घर के मालिक हैं। पिता नृपति प्रसाद की करीब दो साल पहले मृत्यु हो गई। वरासत के लिए उनका भाई अंगद लेखपाल का चक्कर लगा रहा था।

# छात्रों ने ही विद्यालय में चोरी की वारदात को दिया था अंजाम

**देसही देवरिया।** टीलाटाली मॉडल इंटर कॉलेज में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आठ आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी सामान बरामदगी हो गए। पकड़े गए आरोपी उसी विद्यालय के छात्र हैं। क्षेत्र में हुई चोरी की अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

महुआडीह थानाक्षेत्र के टीलाटाली गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय माडल इंटर कॉलेज के स्टोर रूम से 6 लैपटॉप, 8 पंखे आदि चोरी हो गए थे। प्रधानाचार्य राणा प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुटी थी। पुलिस ने एक किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने राज उगल दिया। पुलिस ने स्थानीय गांव से 5 और दो अन्य गांवों से 3 आरोपियों समेत 8 किशोरों को हिरासत में ले लिया। उनकी निशानदेही पर सामान बरामद कर लिए गए। सभी आरोपी नाबालिग हैं और उसी विद्यालय के छात्र हैं। कुछ दिन पहले टीलाटाली गांव में एक घर में हुई चोरी की बात भी आरोपियों ने स्वीकार की है।

## टीलाटाली माडल इंटर कॉलेज का है मामला

एसओ महुआडीह नवीन चौधरी ने बताया कि टीलाटाली इंटर कॉलेज में चोरी के मामले में कार्रवाई की जा रही है। कुछ बरामदगी हुई है। विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद खुलासा किया जाएगा। अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। संवाद

# कोचिंग से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़, दो शोहदों को दबोचा

**तरकुलवा।** कोचिंग पढ़कर घर लौट रही छात्रा से मनचलों ने शोहदों कर दी। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने शोहदों को दबोच लिया और उनकी जमकर पिटाई की। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों ने उन्हें सुपुर्द कर दिया। पुलिस मनचलों को थाने ले गई, जहां पूछताछ के बाद शांतिभंग की धारा में उनका चालान कर बाइक को सीज कर दिया।

थाना क्षेत्र के महुआपाट-चिउटहा गांव के बीच फरनहा मोड़ के पास एक मकान में कुछ शिक्षक कोचिंग पढ़ाते हैं। शुक्रवार की शाम कुछ छात्राएं कोचिंग पढ़कर घर के लिए निकली थीं। इस बीच वहां पहले से बाइक से मौजूद दो युवकों ने एक छात्रा के पास कोई पर्ची फेंकी और अश्लील इशारा किए। उनकी इस हरकत को आसपास के लोगों ने देख लिया। लोगों ने मनचले दोनों युवकों को दबोच लिया और उनकी जमकर धुनाई की। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय मयफोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बाइक समेत दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और थाने लेकर आए। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

### तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, हाटा तहसील में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# 50 मिनट में 11 शिकायतों का निस्तारण

**आयोजन**

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** डीएम की अध्यक्षता में इस बार का संपूर्ण समाधान दिवस हाटा तहसील में लगा। डीएम इसमें करीब 50 मिनट तक रहे। उनके समक्ष 85 शिकायतें आईं। इनमें 11 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण का निर्देश दिया गया।

डीएम विशाल भारद्वाज शनिवार को सुबह 11 बजे हाटा तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। यहां करीब 50 मिनट तक लोगों की फरियाद सुनी। उनके समक्ष कुल 86 मामले आए, जिसमें राजस्व के 45, पुलिस के 21, विकास के चार, समाज कल्याण विभाग का एक तथा अन्य के 15 शिकायती पत्र थे। इसमें 11 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने अवशेष शिकायतों का जल्द निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल राहत दिलाए। समय से हर किसी की शिकायत का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और मातहतों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम प्रभाकर सिंह, सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया, सीओ कसया कुंदन सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम अभिजीत, तहसीलदार नरेंद्र राम, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, ईओ मीनू सिंह, बीडीओ हाटा कमलेश सिंह, कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल आदि मौजूद थे।



शनिवार को हाटा तहसील सभागार में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र।

## कसया में दो मामले हुए निस्तारित

**कसया।** तहसील सभागार में लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम परतोष मिश्रा के समक्ष राजस्व के नौ, विकास के छह, पुलिस के पांच सहित कुल 20 मामले आए, जिसमें सिर्फ राजस्व के 2 मामलों का मौके पर निस्तारण हो पाया। इस दौरान तहसीलदार धर्मबीर सिंह, बीडीओ रवि कुमार रंजन, कानूनगो ब्रजेश मणि, लेखपाल नीलेश रंजन राव, धर्मेन्द्र सिंह, जयप्रकाश, विश्व दीपक, शैलेन्द्र दुबे आदि मौजूद थे।

## खड्डा में 32 मामलो में से तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

**खड्डा।** तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम ऋषभ पुंडीर की अध्यक्षता व सीओ उमेश भट्ट की देखरेख में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें राजस्व के आठ, पुलिस के चार, पुलिस का एक, विकास के 12 व अन्य 7 सहित कुल 32 मामले आए, जिसमें राजस्व विभाग का एक व अन्य दो मामले मौके पर निस्तारित किए गए। पूर्व सभासद कैलाश भारती ने नगर पंचायत की जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा मैरेज हाल का बोर्ड लगाकर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया। इस दौरान बीडीओ विनीत यादव, कानूनगो लेखपाल अजीत, विभव शर्मा, करुणाकरन चौरसिया, बृजनारायण सिंह, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दीपक सिंह बने पटहेरवा के प्रभारी निरीक्षक

कुशीनगर। एसपी संतोष मिश्र ने पिछले दिनों गोरखपुर से पुलिस लाइन में आमद कराने वाले इंसपेक्टर दीपक कुमार सिंह को पटहेरवा थाने का प्रभारी निरीक्षक तैनात किया है। पुराने थानेदार के ट्रांसफर के बाद से पटहेरवा थाने का कार्यभार एसएसआई देख रहे थे। अब दीपक सिंह वहां का कार्यभार सभांलेंगे।

# दीपक सिंह बने पटहेरवा के थानेदार

पडरौना : एसपी संतोष कुमार मिश्र ने शुक्रवार देर रात पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक दीपक सिंह को पटहेरवा थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। पटहेरवा के थानेदार रहे राकेश रोशन सिंह का बीते दिनों गोरखपुर स्थानांतरण हो गया था।

# मारपीट व अपमानित करने का केस दर्ज

विशुनपुरा। जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पुर्नहा मिश्र निवासी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारने पीटने, अपमानित करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इस मामले में महिला सुनैना देवी ने थाने में तहरीर दी थी कि पटीदार घरभरन, सुनील, बालेशर, व आरती देवी से काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है।

# समाधान दिवस में 11 मामलों का निस्तारण, 75 के लिए टीम गठित

## हाटा तहसील सभागार में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं

जागरण संवाददाता, हाटा : तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान कुल 86 मामले आए, इनमें से 11 मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। शेष 75 मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। इनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

डीएम और एसपी संतोष कुमार मिश्र 11 बजे तहसील सभागार पहुंचे। दोपहर दो बजे तक राजस्व के 45, पुलिस के 21, विकास के चार, समाज कल्याण विभाग का एक तथा अन्य से जुड़े 15 समेत कुल 86 मामले आए। पुलिस व राजस्व से जुड़े 11 मामलों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान व थाना समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं। इसे लेकर अधिकारी-कर्मचारी सतर्कता बरतें। समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय होगी।

एसपी ने कहा कि पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित कदम उठाएं। अगर मामला उच्चाधिकारियों से जुड़ा हो तो तत्काल अवगत कराएं। दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। इस मौके पर एसडीएम प्रभाकर सिंह, सीएमओ डा. सुरेश पटारिया, सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम अभिजीत सिंह, तहसीलदार नरेंद्र राम, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, ईओ मीनू सिंह, बीडीओ हाटा कमलेश सिंह, कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।



हाटा में समस्या सुनते बाएं से दूसरे डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी संतोष कुमार मिश्र● जागरण

**समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराने का डीएम ने दिया निर्देश, पुलिस से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान का एसपी ने दिया निर्देश**

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

मंसाछापर : जटहां बाजार थाने के पुर्न्हां मिश्र की सुनैना देवी की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसके पटीदार घरभरन, सुनील, बालेशर व आरती से भूमि विवाद चल रहा है। पिछले सप्ताह सभी लोग गोलबंद होकर उसके घर पहुंचे तथा उसे व स्वजन शैलेंद्री देवी को मारपीट कर घायल कर दिए।



कसया तहसील परिसर में प्रदर्शन करते ग्रामीण● जागरण

# अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर कसया तहसील में प्रदर्शन

जासं, कसया : कसया के कुड़वा दिलीप नगर के टोला धन्नीपट्टी के ग्रामीणों ने गांव की सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर शनिवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि दो माह से हम लोग मंडलायुक्त से लेकर तहसील कार्यालय तक कई बार अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

राजस्व अभिलेख में गाटा संख्या 2059 बंजर व 2075 आबादी के नाम से दर्ज है। इस पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। यहां पिछले 25 वर्षों से प्रत्येक नवरात्र में दुर्गा सेवा समिति द्वारा पंडाल लगाकर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती है। अतिक्रमण के चलते इस बार प्रतिमा स्थापित नहीं हो पाएगी। कब्जा हटवाने को लेकर पिछले दो माह से हम लोग चक्कर लगा रहें है। बावजूद समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में अंबुज सिंह, विवेकानंद पांडेय, उर्मिला पांडेय, संदीप सिंह, मनीष सिंह, सोनू पांडेय, धनन्जय पांडेय, अक्षय सिंह, बलिस्टर, अंगद सिंह, गणेश सिंह आदि शामिल रहे।



चौकी इंचार्ज विपिन सिंह ( बाएं) को ज्ञापन देते पप्पू पांडेय ( दाएं) व अन्य • जागरण

# आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सौंपा ज्ञापन

जासं, मंसाछापर : पडरौना कोतवाली के त्रिलोकपुर बुजुर्ग में कर्ज वसूली के मामले में उपेंद्र गोंड की पिटाई से मृत्यु के मामले में भाजपा नेता पप्पू पांडेय ने शनिवार को बांसी पुलिस चौकी के प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन में आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने बताया कि त्रिलोकपुर बुजुर्ग में गुरुवार को माइक्रो फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी वसूली के लिए उपेंद्र के घर गया था। उनके पास रुपये नहीं थे, वह अपनी मां से मांगने लगे। इसको लेकर विवाद हो गया। उनके भाई लक्ष्मण, भाभी बसमिशा देवी व मां बासमती देवी की पिटाई से उपेंद्र की मृत्यु हो गई। सुबह भाजपा नेता मृतक के घर पहुंचे, उनकी पत्नी की आर्थिक मदद की। बांसी चौकी पर जाकर प्रभारी विपिन सिंह को ज्ञापन सौंप आरोपितों की गिरफ्तारी करने, माइक्रो फाइनेंस कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने और ऋण की वसूली बंद कराने के साथ ही मृतक के स्वजन को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। ग्राम प्रधान रामविजय, गोंड आदिवासी महासभा के जिला महासचिव महेंद्र गोंड, जामवंत यादव आदि मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

पटहेरवा : क्षेत्र के गांव लछिया की आरती यादव पत्नी राकेश यादव ने समूह के कर्मचारियों पर घर में घुसकर कर दुर्व्यवहार करने व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। शनिवार को तहरीर देकर उन्होंने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। महिला का आरोप है कि 20 सितंबर को तीन व्यक्ति घर में घुस आए। घर में कोई पुरुष सदस्य न होने पर आरोपितों ने दुर्व्यवहार किया। पति को फोन कर उन्हें बुरा-भला कहा। बंधक बनाने की धमकी दी। (जासं)

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पडरौना।** कसया थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त मीमांशु मिश्रा निवासी गोला बाजार थाना कसया को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय, एसआई स्वतंत्र कुमार सिंह, कांस्टेबल सतीश कुशवाहा व उमाशंकर यादव शामिल रहे। संवाद

## दो वारंटियों को दबोचा

**पडरौना।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त मोनू सिंह निवासी मधवलिया व शिव भागवत निवासी भलुहा छोटा टोला थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई पुरुषोत्तम पांडेय, मारकंडेय यादव, महिला कांस्टेबल निरमा शामिल रहे। संवाद

## धर्म परिवर्तन के आरोपी को जमानत नहीं

अदालत से

**पडरौना।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ज्योत्सना सिंह की न्यायालय ने धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपी की जमानत याचिक निरस्त कर दी है। गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के समदार बुजुर्ग निवासी रब्बुल पर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन का आरोप था। संवाद

# आरोपी मां को पुलिस ने भेजा जेल सगे भाई व उसकी पत्नी की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

## पडरौना कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर बुजुर्ग गांव में घायल युवक की मौत का मामला

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर बुजुर्ग गांव में मारपीट के बाद घायल युवक की मौत के मामले में मृतक की मां को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। जबकि फरार चल रहे सगे भाई और उसकी पत्नी की पुलिस तलाश में जुटी है।

वहीं, पीड़ित के घर पहुंचे भाजपा नेता और गोंड महासभा के जिला महामंत्री ने मृतक की पत्नी को ढांढ़स बंधाया और चौकी इंचार्ज को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। त्रिलोकपुर बुजुर्ग गांव में बीते मंगलवार की शाम माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लिए गए कर्ज को जमा करने के लिए उपेंद्र गोंड की पिटाई कर दी गई थी। घटना के तीसरे दिन देर शाम गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में उपेंद्र की मौत हो गई थी।

शनिवार को पीड़ित के घर पहुंचे भाजपा नेता पप्पू पांडेय और अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के जिला महामंत्री मनोज गोंड ने ढांढ़स बंधाया। मृतक की पत्नी सुमन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इसके बाद बांसी चौकी प्रभारी विपिन सिंह को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

इसमें उपेंद्र की हत्या में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने, माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों पर केस दर्ज कर अवैध वसूली को रोकने तथा मृतक की पत्नी को सुरक्षा देने की मांग की गई।

इस संबंध में चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले में मृतक की आरोपी मां को जेल भेज दिया गया है। भाई व उसकी पत्नी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# युवती को भगाकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

रामकोला। रामकोला थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को भगाकर ले जाने और उसके दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आरोपी युवक अब्दुल रहीम कुछ दिन पहले एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया।

इस मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश में जुटी थी। एसओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

# दो पीढ़ियों से चल रही सड़क को बंद करना चाहते हैं गांव के लोग

## संपूर्ण समाधान दिवस : कसया तहसील सभागार में महिला ने सुनाई अपनी पीड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। जिले के सभी सभागारों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पहुंचे फारियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई। डीएम ने हाटा तहसील सभागार में लोगों में फरियाद सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय के भीतर निस्तारित करने के लिए निर्देए।

कसया तहसील सभागार में शिकायत लेकर पहुंचे रहसु जनूबी पट्टी निवासी सुखरजिया देवी ने बताया कि दो पुस्तों से चल रही उनके घर आने वाले रास्ते को गांव के कुछ बंद करना चाहते हैं। इसके लिए ईंट और बालू भी गिरा दिए हैं। कभी भी मकान बनवाकर वे लोग उनका रास्ता रोक सकते हैं। इसके अलावा उनके घर आने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इसी तरह भैंसही निवासी रामचंद्र ने बताया कि वे आवासीय पट्टा की जमीन पर कब्जा के लिए काफी दिनों तहसील के अधिकारियों के पास दौड़ रहा हूं, लेकिन कब्जा नही मिल पा रहा है। इस पर एसडीएम ने टीम गठित कर शिकायतों का निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

हाटा प्रतिनिधि के अनुसार डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में हाटा तहसील सभागार में लोगों की फरियाद सुनी गई। डीएम ने वहां करीब एक घंटे तक लोगों की शिकायतें सुनीं। कुल 86 शिकायती दर्ज हुईं, जिसमें राजस्व के 45 में से 11 मामलों को तत्काल निस्तारित कर दिया गया। इसके अलावा पुलिस के 21, विकास के चार, समाज कल्याण विभाग के एक और अन्य विभागों के 15 शिकायतों को शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के विभागाध्यक्षों को भेज दिया गया।

इस दौरान एसपी संतोष कुमार मिश्र, एसडीएम प्रभाकर सिंह एसडीएम न्यायिक अभिजीत सिंह सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया, सीअं कुंदन सिंह, दिलीप कुमार, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### 31 मामले आए सिर्फ चार का निस्तारण

कसया प्रतिनिधि के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम परितोष मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 मामले दर्ज हुए, जिसमें से चार मामले ही निस्तारित हुए। इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, कानूनगो शिवमुरारी लाल श्रीवास्तव, बृजेश मणि, शैलेंद्र दुबे, राजन दुबे नंदलाल पाठक आदि मौजूद रहे।
तमकुहीराज प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम विकास चंद की मौजूदगी में आयोजित संपूर्ण दिवस में राजस्व के 16, पुलिस के 11, विकास के छह और अन्य विभाग से जुड़े नौ मामले दर्ज हुए। इसमें से राजस्व के पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान तहसीलदार चंदन शर्मा, ईओ सीमा राय, वन रेंजर हरिकेश बहादुर नायक, दीनानाथ यादव, इमरान आलम, लालबाबू यादव, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### राजस्व के तीन मामलों का निस्तारण

कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम योगेश्वर सिंह और नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में किया गया। इसमें राजस्व के सात, पुलिस के चार और अन्य विभागों के आठ मामले दर्ज हुए। इसमें से राजस्व के तीन मामलों का निस्तारण हुआ। इस दौरान बीडीओ प्रवीण कुमार शुक्ला, मारकंडे गुप्ता, राहुल दीक्षित, उमेश शाही, आशुतोष कुमार, विचित्र मणि त्रिपाठी, सविता भारती आदि मौजूद रहे।

# बॉक्स तोड़ रुपये निकाल रहे युवक को सीएससी संचालक ने पकड़ा

दुदही। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही कस्बे में संचालित एक ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर एक युवक कैश बॉक्स तोड़कर रुपये निकाल रहा था। तभी सीसीटीवी कैमरा में युवक को देख संचालक भागते हुए केंद्र पर पहुंच गया और उसे पकड़कर पुलिस को इसकी सूचना दी। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कस्बे के निवासी नन्हे चौरसिया शनिवार को अपना ग्राहक सेवा केंद्र खोलकर घर पर भोजन करने चले गए। इसी दौरान कस्बे का ही निवासी एक युवक उनके ग्राहक सेवा केंद्र में घुस गया और कैश बॉक्स तोड़कर रुपये निकाल रहा था। भोजन करते वक्त नन्हे ने मोबाइल पर सीसीटीवी कैमरा को ऑनलाइन मोड में कर रखा था। इसी दौरान कैमरा में युवक बॉक्स तोड़ते नजर आया। इसके बाद संचालक भोजन छोड़ वहां से भागते हुए केंद्र पर पहुंचा और युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर आई पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में एसओ रामसहाय चौहान ने बताया कि मामले में संचालक की ओर से तहरीर दी गई है। युवक से पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# सोशल मीडिया पर धमकी देने का आरोप, शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटा बाजार।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के चौबेया पटखौली गांव निवासी एक सामाजिक कार्यकर्ता ने चौराखास थाने की पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया है कि चौराखास थाना क्षेत्र का रहने वाला एक युवक आए दिन सोशल मीडिया पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

चौबेया पटखौली निवासी अरविंद कुमार सागर ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ प्रवासी भारतीय मदद समूह के संस्थापक हैं।

उनकी संस्था विदेशों में फंसे भारतीय लोगों को वतन वापसी कराती है तथा इसके अलावा अन्य सामाजिक कार्यों में भी संस्था बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। चौराखास थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी एक युवक दो महीने से आए दिन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। मना करने पर युवक की ओर से सोशल मीडिया पर ही जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

इस संबंध में एसओ चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर और दो बोरी चावल चोरी

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दांदोपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र राजभर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शनिवार की सुबह वह स्कूल खोलने पहुंचे तो गेट व कार्यालय का ताला टूटा हुआ मिला। संदेह होने पर विद्यालय के परिसर को देखा गया तो पता चला कि एक रसोई गैस सिलेंडर और दो बोरी चावल की चोरी की गई है। इसकी सूचना गांव के लोगों के साथ ही ग्राम प्रधान को दी गई। उन्होंने बताया है कि इसके पहले भी विद्यालय से चोरी की गई है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# छेड़खानी का आरोप, केस

ठूठीबारी। क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने तहरीर में बताया कि 16 सितंबर की रात में उसके गांव का युवक घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। वह पिता के पास जाकर अपनी आबरू बचाई। गांव के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। वह अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला। सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक सूरज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# मारपीट के मामले में तीन पर दर्ज हुआ मुकदमा

**निचलौल।** क्षेत्र के लेदी गांव में गुरुवार को चारपाई उठाने की बात को लेकर कुछ लोगों ने पति पत्नी को लाठी डंडा से पीटा था। इस मामले में पीड़ित पक्ष के विश्वनाथ की तहरीर पर पुलिस ने इस गांव के राहुल, सोनू और परविंद के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ गौरव कन्नौजिया ने बताया कि चारपाई उठाने की बात को लेकर हुए मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# कॉपर तार की चोरी करने का आरोप, केस दर्ज

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्र के मुंडेरा खुर्द में लगे इंडस टॉवर एयरटेल पर तैनात टेक्निशियन शिवकुमार चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर पावर सप्लाई की केबल के लिए लगे कॉपर तार चोरी होने का आरोप लगाया है। मिठौरा टोला हरतोड़वा के एक आरोपी को नामजद करते हुए उसने कार्रवाई की मांग की। एसओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दुकान से 1.30 लाख नकदी सहित सामान चोरी

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के मुजुरी कस्बे में स्थित नव दुर्गा मार्डन राइस मिल से शुक्रवार की रात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर एक लाख तीस हजार रुपये नगद, लैपटॉप, चेकबुक, कैमरे का डीबीआर चुरा लिया। घटना की सूचना फर्म के मालिक ने पुलिस को दी है। फर्म के मालिक छोटेलाल जायसवाल की तहरीर के अनुसार मुजुरी नहर रोड पर उनकी फर्म है। शनिवार की सुबह जब वह अपनी फर्म पर पहुंचा तो देखा की कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। चोरों ने कार्यालय का ताल तोड़ कर कैश बाक्स में रखा पचास हजार रुपये व आलमारी में रखा अस्सी हजार रुपये सहित चेकबुक, लैपटॉप, कैमरे का डीबीआर तोड़ कर चुरा ले गये।

# एसडीएम के ड्राइवर पर दर्ज कराया छेड़खानी का केस

**फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद।** एक ट्रेनी एसडीएम के ड्राइवर पर तैनाती के दौरान पुरंदरपुर क्षेत्र की एक महिला से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला ने एक वर्ष से फोन कर परेशान करने का आरोप लगाते हुए फरेंदा थाने में केस दर्ज कराया है। साथ ही महिला ने आरोपी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

महिला ने शिकायती पत्र मे बताया की रास्ते में कई बार आरोपी ने उसका कपड़ा खींच लिया था। लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर उसका मन बढ़ता गया। शिकायती पत्र यह भी लिखा है कि नौकरी दिलवाने के नाम पर एक लाख पचास हजार रुपये नगद लिया है।

पीड़िता के अनुसार आरोपी के छेड़खानी से उसके वैवाहिक जीवन में कटुता आ गई है। पीड़िता की शिकायत पर फरेंदा थाने में ड्राइवर के खिलाफ अपराध संख्या 0282/ 2024 के तहत 354, 406 और 354 (ख) की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है।

# 228 में से महज 35 मामले ही निस्तारित हुए

**समाधान दिवस**



फरेंदा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम अनुनय झा।

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को चारों तहसीलों में आयोजित हुआ। इसमें कुल 228 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। मौके पर केवल 35 शिकायतों का समाधान किया गया। इसमें राजस्व, भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन समेत अनेक मामले प्रमुख रहे।

फरेंदा संवाद के अनुसार जिला स्तरीय समाधान दिवस तहसील फरेंदा के सभागार में हुआ। इसकी अध्यक्षता डीएम अनुनय झा ने की। यहां एसपी सोमेन्द्र मीना की मौजूदगी में लोगों की समस्या सुना। यहां कुल 124 मामले आए, जिसमें से मौके पर 20 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने शेष 104 शिकायतों को अविलंब निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। समाधान दिवस में जनार्दन खतौली में भूमि अंकित करने, मैरून निशा राशनकार्ड जारी करने, ग्राम प्रधान झुनवा आमीना कूड़ा जमीन उपलब्ध करवाने, सुशीला शौचालय निर्माण करवाने, चंद्रिका ने कोटेदार द्वारा राशनकार्ड कटवाने की धमकी देने समेत अनेक लोगां ने अपनी अपनी समस्या सुनाया। डीएम व एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को निस्तारित कराएं। एसडीएम फरेंदा नवीन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरुद्ध पटेल, तहसीलदार मजिस्ट्रेट अमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, बीडीओ केके शुक्ल, सच्चिदानंद शुक्ल, पंचायत रामकृष्ण, गुलाब प्रसाद पाठक आदि मौजूद रहे।

सदर तहसील में एसडीएम सदर रमेश मिश्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां कुल 16 मामले आए। जिसमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण हो पाया। वहीं नौतनवा तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्य ने की। यहां कुल 67 मामले आए। जिसमें नौ मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका।

एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य ने शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित जिम्मेदारों को सौंप कर समय सीमा के भीतर मामले के निस्तारण के निर्देश दिया।

## निचलौल में चार मामले निपटे

निचलौल। निचलौल तहसील सभागार में एसडीएम मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 21 मामले आए। इनमें से मौके पर चार मामलों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव, बीडीओ शमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# पगडंडी से तस्करी का सामान बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल के इंस्पेक्टर खुशी लाल राय ने बताया कि खनुआ बीओपी के जवान गश्त पिलर संख्या 522/07 खनुआ गांव के पास पहुंचे ही थे कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग साइकिल और बाइक पर बोरा और बैग लेकर नेपाल जाने के फिराक में दिखे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर भागने लगा। दौड़ाया तो आरोपी पकड़ा गया। उसने अपना नाम सुरेंद्र निवासी शेख फरेंदा थाना सोनौली बताया। सामानों की तलाशी ली गई तो 2 बोरी चीनी, 36 पीस पुरुष जूते, 2 बैग लेदर जूते, 3 बोरी प्याज, एक साइकिल, एक बाइक बरामद हुआ।

# तस्करी की 30 बोरी चीनी बरामद, एक गिरफ्तार

**नौतनवा।** पुलिस ने शनिवार को नेपाल जाने वाले मार्ग पर डंडा पुल के निकट से तस्करी का 30 बोरी चीनी टाटा मैजिक से बरामद किया है। पुलिस ने वाहन चालक को भी हिरासत में लिया है। कस्बे के एक गोदाम से चीनी की खेप लाद कर टाटा मैजिक के जरिए नेपाल की सीमा में ले जाया जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डंडा नदी पुल के पास घेराबंदी कर ली। रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसमें तस्करी का चीनी लदा पाया गया। मौके से चालक मुकेश पासवान को भी हिरासत में ले लिया गया।

# 194 शीशी नेपाली शराब बरामद

**कोल्हुई।** कोल्हुई के बांसगांव से पुलिस व एसएसबी की टीम ने संदेह के आधार पर एक साइकिल सवार को रोका। टीम के रोकने पर वह साइकिल छोड़कर भाग निकला। साइकिल पर रखे बोरे की तलाशी ली गई तो उसमें से 194 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। एसआई राजीव सिंह ने बताया कि इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# 102 शीशी नेपाली शराब बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी चंडीथान व सम्पतिहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बम्बू घाट के पास से नेपाली शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। सीओ नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि एसएसबी चंडीथान के शिववीर सिंह, उमा सिंह, अभिमन्यु सिंह व सम्पतिहा चौकी प्रभारी विजय कुमार यादव की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बम्बू घाट के पास बागीचे में रखा 102 शीशी नेपाली शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

# 20 शीशी शराब संग एक पकड़ा गया

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया के चिउटहा चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज ने सहयोगी रवि प्रकाश व अभिषेक यादव के साथ हथियागढ़ निवासी एक शख्स को 2[illegible] अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसओ अखिलेश वर्मा ने बताया [illegible] आरोपी का आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया गया।

# किशोरी भगाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज पुलिस ने पाक्सो एक्ट आरोपी प्रवीण यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी पर किशोरी को बहलाकर भगाने का केस दर्ज था। अपहृता की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। किशोरी की बरामदगी की गई है। इस टीम में एसआई भूपेंद्र प्रताप सिंह, राहुल कुमार, दिलीप चौधरी शामिल रहे।

# महराजगंज की युवती से नेपाल में रेप, छह गिरफ्तार

- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है युवती, भैरवहा की घटना
- आरोपितों में चार भारतीय और दो नेपाली नागरिक

सोनौली(महराजगंज),हिसं। नेपाल के भैरहवा में स्थित एक होटल में महराजगंज जिले की एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नेपाल पुलिस ने चार भारतीय व दो नेपाली युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

महराजगंज जिले की युवती भैरहवा के एक होटल में पहुंची थी। वहां चार भारतीय युवक व दो नेपाली युवक मौजूद थे। दोनों नेपाली युवकों ने युवती के साथ मारपीट की। होटल मैनेजर ने नेपाल पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। पुलिस पहुंची तो युवती ने युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगा दिया। इनमें तीन युवक महराजगंज और एक गोरखपुर का रहने वाला है।

➤ सात दिन की रिमांड P06

# भिटौली पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

**भिटौली।** सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर आदर्श शिक्षण संस्थान धरमपुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को भिटौली पुलिस ने छात्राओं को जागरूक किया। उपनिरीक्षक पूजा सिंह ने बताया कि थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है। प्रबंधक उमाकांत चौधरी, प्रधानाचार्य आरएन चौधरी, उप प्रधानाचार्य वली मोहम्मद, महातम विश्वकर्मा, संजय वर्मा, अब्दुल ओहाब, रविंद्र प्रजापति मौजूद रहे।

## टूठीबारी कोतवाली के बेलवां का मामला, दो को पुलिस ने जेल भेजा

# धर्मांतरण की कोशिश के आरोप में 8 पर मुकदमा

**कार्रवाई**

- विशेष प्रार्थना के लिए उकसाने का प्रयास
- बेलवा की महिला ने पुलिस से की शिकायत

> टूठीबारी कोतवाली के छोटकी बेलवां निवासी बलदीन व पप्पू के खिलाफ धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।
>
> **-अनुज कुमार सिंह,** सीओ निचलौल

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में धर्म परिवर्तन की कोशिश का मामला नहीं थम रहा है। कुछ दिनों पहले जहां सीमाई क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोगों को नेपाल से चेहरे पर कालिख पोतकर वापस किया गया था, वहीं ठूठीबारी कोतवाली के ग्राम बेलवां की एक महिला ने गांव के दो व्यक्तियों सहित छह अज्ञात लोगों पर विशेष पूजा किए उकसाने व प्रचार-प्रसार करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ग्राम बेलवा निवासिनी सुदामी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके गांव के छोटकी बेलवां टोला निवासी दो व्यक्ति और छह अन्य लोग एक विशेष धर्म से हैं। आरोप है कि इन लोगों द्वारा ग्रामीणों को रकम की लालच देकर धर्म विशेष का प्रचार प्रसार कर गांव के लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा रहा है।

ये लोग अपने धर्म में शामिल होने के बाद सारी परेशानी दूर करने का झांसा दे रहे हैं। यह कहते हैं कि विशेष धर्म स्वीकार करने पर रकम भी मिलेगा साथ ही रोग से मुक्ति भी मिलेगी। इस प्रकार के लालच में आकर गांव के गरीब व परेशान लोगों का ये धर्म परिवर्तित करा रहे है। गांव के दो लोगों के बहकावे में आकर कई लोग देवताओं का फोटो घर से हटा दिए हैं। ये लोग ग्रामीणों को उनके धर्म के खिलाफ भड़का रहे हैं। महिला का आरोप है कि बीते 15 सितंबर को दिन में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर पर ग्रामीणों को बहला फुसलाकर एक प्रार्थना सभा कराया गया था, जिसमें तकरीबन 30 से 40 लोग शामिल हुए थे। सभी लोग विशेष धर्म की प्रार्थना कर रहे थे। इसे देखकर आस पास के लोग सहित गांव वाले काफी आक्रोशित हैं। महिला का आरोप है कि इसके चलते कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

# घुसपैठ के आरोपित बांग्लादेशी नागरिक को दो वर्ष की सजा

## फैसला

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** निचलौल क्षेत्र के रेंगहिया बार्डर पर नेपाल से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करते समय गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया था। बांग्लादेशी नागरिक रियाज मोरल को अपर सत्र न्यायाधीश पीसी कुशवाहा ने विदेशी अधिनियम-1946 के तहत दोष सिद्ध करार करते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

निचलौल के रेंगहिया बार्डर पर पुलिस को नेपाल से एक संदिग्ध व्यक्ति को आते देख उसको पूछताछ के लिए सीमा चौकी शीतलापुर लाया गया। पुलिस चौकी प्रभारी रेंगहिया की निगरानी में संदिग्ध व्यक्ति से आईबी, रॉ तथा एसएसबी ने पूछताछ की। उसने नाम रियाज मोरल पुत्र हनीफ मोरल निवासी धानोखोला, जनपद जसूर बांग्लादेश बताया। निचलौल पुलिस ने रियाज मोरल के विरुद्ध धारा 14-ए विदेशी अधिनियम 1946 का आरोप पत्र न्यायालय समक्ष प्रस्तुत किया। अपर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी का पक्ष को सुनने के बाद आरोपित रियाज को दो वर्ष का सश्रम कारावास तथा 10 हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

## हेरोइन तस्करी के आरोप में नेपाली नागरिक को सजा

सोनौली पुलिस ने 31 नवंबर 2023 क एक नेपाली व्यक्ति को नेपाल से नशीला पदार्थ लेकर आते नौतनवां से रजिया घाट पुल के पास पकड़ लिया था। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की पुड़िया में हल्का लाल भूरा पाउडर बरामद हुआ। जांच में वह नशीला पदार्थ हेरोइन मिला। उसने अपना नाम नारायण सुनार पुत्र रन बहादुर निवासी नगर पालिका रामग्राम थाना नवलपरासी नेपाल बताया। अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय की दलीलों को सुनने के बाद आरोपित नारायण सुनार को एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# हेरोइन की तस्करी में नेपाली नागरिक को एक साल की सजा

- सोनौली थाना क्षेत्र के रजिया घाट पुल के पास गिरफ्तार किया गया था नारायण सोनार
- अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सुनाई सजा

जागरण संवाददाता, महराजगंजः सोनौली थाना क्षेत्र के रजिया घाट पुल के पास से हेरोइन के साथ नेपाल राष्ट्र से भारत में तस्करी के आरोप में गिरफ्तार नेपाली नागरिक नारायण सोनार को अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने दोष सिद्ध करार करते हुए एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

सोनौली पुलिस को 31 नवंबर 2023 को सूचना मिली कि एक नेपाली तस्कर नेपाल राष्ट्र से नशीला पदार्थ तस्करी करके भारत ला रहा है। जो की नौतनवा से रजिया घाट पुल की तरफ पैदल आ रहा है। सूचना पर सोनौली पुलिस एसएसबी जवानों के साथ रजिया घाट पुल के पास से उस संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की पुड़िया में हल्का लाल भूरा पाउडर बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि वह नशीला पदार्थ हेरोइन है। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नारायण सोनार पुत्र रन बहादुर निवासी नगर पालिका रामग्राम थाना नवलपरासी, राष्ट्र नेपाल बताया। सोनौली पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

मुकदमें के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त को एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मुकदमें के परीक्षण के दौरान आरोपित लगभग 10 माह से अधिक जेल में बिता चुका था।

# टावर से तार चोरी का आरोप, मुकदमा

जासं , सिंदुरिया: मुंडेरा खुर्द में टावर से कापर तार चोरी का मामला सामने आया है। टावर टेक्निशियन शिव कुमार चौधरी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया शुक्रवार की शाम सहयोगी के साथ टावर की जांच के लिए पहुंचे तो देखा कि मिठौरा टोला हरतोडवा निवासी जीतेंद्र प्रसाद पावर सप्लाई से टावर के ऊपर लगे तार को काट रहा था। टेक्निशियन के मुताबिक, चोरी करते हुए देखे जाने पर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि टेक्निशियन की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश की जा रही है।

# मतांतरण मामले में दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

जासं, लक्ष्मीपुर खुर्द: बेलवा निवासी दो लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मतांतरण के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सुदामी देवी ने ठूठीबारी कोतवाली में तहरीर देकर बताया गांव के निवासी बलदीन व पप्पू व पांच अन्य लोगों द्वारा ईसाई धर्म का प्रसार किया जा रहा है। आरोपित गांव के लोगों को रुपये का लालच देकर हिन्दू धर्म से ईसाई धर्म अपनाने को दबाव डाला जा रहा है।

# साहब ! मुआवजा मिला नहीं, बुलडोजर से घर ध्वस्त करने की देते हैं धमकी

## डीएम के सामने पहुंच पीड़िता ने की शिकायत, 124 मामलों में का निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

फरेंदा। मकान सड़क के चौड़ीकरण में आ गया है, जिसके मुआवजे के लिए फरवरी से ऑफिस का चक्कर लगा रही हूं। सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

कई माह बीतने के बाद भी मकान का मुआवजा नहीं मिला है। विभागीय अधिकारी दरवाजे पर बुलडोजर खड़ा कर मकान के ध्वस्तीकरण करने की धमकी देते हैं। मन में डर सता रहा है कि कहीं विभागीय कर्मचारी बिना मुआवजे के मकान न गिरा दें।

यह बातें फरेंदा क्षेत्र के परसा महंथ निवासी गायत्री देवी ने डीएम अनुनय झा के सामने पहुंच कर अपनी पीड़ा बयां की। डीएम को पत्र में पीड़ित महिला ने कहा कि मकान के मुआवजे के लिए फरवरी में ही लेखपाल द्वारा कागज को भू-अध्यापित अधिकारी के कार्यालय में भेज दिया गया था।

कई बार ऑफिस में जाकर पता किया तो कार्यालय के बाबू ने बताया कि आपकी रकम भेज दी गई है। हमने कई बार बैंक पासबुक व स्टेटमेंट दी, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिल सका है। महिला ने शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की, जिससे मकान गिराने का कार्य शुरू किया जा सके।

वहीं दूसरा मामला बृजमनगंज क्षेत्र के नौसागर निवासी पुष्पा देवी ने गांव में दो डिस्मिल जमीन एक व्यक्ति से बैनामा ली थी। गांव के एक व्यक्ति ने उस पर कब्जा कर लिया है। हम ईंट भट्ठे पर काम करके जीवन यापन करते हैं।

लेखपाल की मिलीभगत से जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है।

फरेंदा क्षेत्र के सेमरा महराज टोला उसरी के दर्जनों ग्रामीण शिकायती पत्र देकर कोटेदार पर दो किलो राशन प्रति कार्ड पर कम देने का आरोप लगाया, जिस पर जांच कर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, एसडीएम नवीन कुमार, सीओ अनिरुद्ध कुमार, तहसीलदार अमित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### श्रम विभाग के पोर्टल पर तकनीकी दिक्कतें

महराजगंज। श्रम विभाग का पोर्टल खुलने से योजनाओं का लाभ श्रमिकों को नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब पोर्टल खुल गया है। पंजीकरण, नवीनीकरण और योजनाओं के लाभ के लिए श्रमिक व उसका परिवार पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक पोर्टल न खुलने के कारण योजनाओं के लिए श्रमिक आवेदन नहीं कर पा रहे थें। हालांकि विभाग के मुताबिक पोर्टल खुलने के बाद तकनीकी दिक्कत के कारण पोर्टल पर सुचारु रूप से कार्य नहीं हो पा रहा है। जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी -पीआर अनिल ने बताया कि विभाग का पोर्टल खुल गया है। इससे शासन की योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिल सकेगा। अभी पोर्टल पर कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण कर्मचारी ठीक से कार्य कहीं कर पा रहे हैं। उम्मीद है पोर्टल जल्द ही ठीक से कार्य करने लगेगा। संवाद

## किशोरी भगाने के मामले में केस दर्ज

**सिंदुरिया।** थाना क्षेत्र एक गांव की किशोरी को गांव का एक युवक भगा ले गया। इस मामले में युवक पर केस दर्ज कर लिया गया है। पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कोतवाली क्षेत्र का एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया, जिसमें सिंदुरिया पुलिस ने 25 अगस्त को उसके विरुद्ध केस दर्ज हुआ। इसके बाद लड़की बरामद हुई और एक सप्ताह बाद युवक फिर बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक सदर मनोज राय ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है। संवाद

## पुलिस ने लापता युवती को बरामद की

**परसामलिक।** स्क्षेत्र के एक गांव का युवक गांव की एक युवती को भगा ले गया। मां ने युवक के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस के तहत केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को पुलिस ने सूचना पर 24 घंटे के अंदर थाना क्षेत्र के महदेईया टोला डगरपुरवा तिराहे से युवती को बरामद कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। संवाद

## गांजा रखने के मामले दो वर्ष का कारावास

**महराजगंज।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या द्वितीय अभय प्रताप सिंह ने गांजा बरामदगी के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त विनोद पासवान निवासी रामपुर

**अदालत से**

सोहरौना थाना हाटा जिला कुशीनगर को दो वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय के मुताबिक वर्ष 2006 ठूठीबारी पुलिस ने रामनगर तिराहे के पास एक मोटरसाइकिल पर बैठे दो संदिग्धों को दबोचा लिया था। पुलिस के पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम विनोद कुमार पासवान पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम रामपुर सोहरौना, थाना हाटा, जनपद कुशीनगर, दूसरे ने अपना नाम रमजान उर्फ रोजन पुत्र इसमाइल उर्फ भूटी निवासी ग्राम मोहनजोत जारा, थाना सोनौली, जनपद महराजगंज बताया। संवाद

# घुसपैठ के मामले दो साल का कारावास

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या एक फूलचंद कुशवाहा ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले की सुनवाई की। घुसपैठ का आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त रियाज मोरल निवासी धानोखोला जिला जसूर राष्ट्र बंग्लादेश को दो वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। 10000 रुपये का जुर्माना लगाया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार निचलौल थाना क्षेत्र के रेंगहिया दो पोस्ट की पुलिस को नेपाल राष्ट्र से एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे पूछताछ के लिए सीमा चौकी शीतलपुर लाया गया। जहां पर पुलिस चौकी प्रभारी रेंगहिया की निगरानी में उक्त संदिग्ध व्यक्ति से आईबी, एसएसबी ने पूछताछ की। संवाद

# हेरोइन रखने के मामले में एक साल का कारावास

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या द्वितीय अभय प्रताप सिंह ने शनिवार को हेरोइन बरामदगी मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त नारायण सुनार निवासी नगर पालिका रामग्राम जिला नवलपरासी नेपाल राष्ट्र को एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 5000 रुपये का जुर्माना लगाया है। विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, वर्ष 2023 में सोनौली पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर रजिया घाट के पुल के पास 15 ग्राम हेरोइन बरामद किया था।पुलिस के पूछताछ में अभियुक्त ने कबूल किया था कि मादक पदार्थ (हेरोइन)को नेपाल राष्ट्र से लाकर उसे बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। पुलिस ने उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जांच करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। संवाद

# दहेज उत्पीड़न के मामले में तीन साल की सजा

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन ने दहेज उत्पीड़न मामले की सुनवाई की।आरोप सिद्ध होने पर मीना पत्नी शेषमणि पटेल व विचत्रमणि पुत्र राजेन्द्र पटेल निवासी रामपुर उपाध्याय थाना श्यामदेरुवा जिला महराजगंज प्रत्येक को 3-3 वर्ष की सजा सुनाई है और 5500 -5500 रुपये का जुर्माना लगाया। संवाद

# छेड़खानी का केस दर्ज कराया

फरेंदा। क्षेत्र की एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायती पत्र देकर एक वर्ष से फोन करके परेशान करने व छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पुलिस व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुरंदरपुर क्षेत्र की महिला ने पत्र में कहा कि फरेंदा क्षेत्र का एक व्यक्ति फोन पर परेशान कर रहा है। सामने आने पर छेड़खानी भी करता है। अपने पास बुलाकर नौकरी दिलाने का झांसा भी देता रहता है। नौकरी के नाम पर एक लाख पचास हजार रुपये भी ले लिए हैं। संवाद

# साहब ! मनबढ़ों ने भूमि पर कर कब्जा कर लिया

## जिले की चारों तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में आए 227 मामले, 34 को ही मिला न्याय

जागरण टीम, महराजगंजः साहब बैनामा सुदा भूमि पर मनबढ़ों ने कब्जा कर लिया है। इस संबंध में स्थानीय एवं उच्चाधिकारियों से भी न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से परेशान हूं। अतिशीघ्र न्याय दिलाया जाए। यह कहना है बृजमनगंज क्षेत्र की कुआंडाड़ी निवासी पुष्पा देवी का। वह फरेंदा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना को अपनी पीड़ा सुना रही थी। उसने बताया कि पति ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। रोज-रोज अधिकारियों के चक्कर लगाने के लिए किराया भाड़ा नहीं है। भूमि को कब्जा से मुक्त कराया जाए।

यह तो सिर्फ बानगी है। जिले के चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के कुल 227 मामले आए, जिसमें 34 का निस्तारण किया गया।

- शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से निस्तारित करें अधिकारी : डीएम
- भूमि संबंधित मामले में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम करे कार्रवाई



जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में समस्या सुनते डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेंद्र मीना • जागरण

फरेंदा में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने फरियादियों की शिकायत सुनी।

| तहसील | शिकायत | निस्तारण |
|---|---|---|
| सदर | 16 | 02 |
| फरेंदा | 124 | 20 |
| निचलौल | 20 | 03 |
| नौतनवा | 67 | 09 |

समाधान दिवस में कुल 124 मामले आए, जिसमें 20 का निस्तारण किया गया। शेष राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। वहीं फरेंदा क्षेत्र के हरपुर निवासी उमेश यादव ने गांव के नवीन परती पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत किया है। फुलमनहा निवासी गिरिजेश ने रास्ते में कूड़ा करकट रखने का आरोप लगाया है। फरेंदा क्षेत्र के गोपलापुर निवासी गायत्री देवी का आरोप है कि मकान सड़क चौड़ीकरण में आ गया है, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी समाधान दिवस में आए शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से निस्तारित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भूमि संबंधित मामले में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जाकर मामले का निस्तारण कराए। उपजिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, तहसीलदार अमित सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक, सत्येंद्र राय, पुरुषोत्तम राव मौजूद रहे।

# राशन की कालाबाजारी करने में कोटेदार के खिलाफ केस दर्ज

## कोटेदार पर 72 क्विंटल गेहूं और 110 क्विंटल चावल बेच देने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी



बरामद चीनी के साथ आरोपी। स्रोत पुलिस

निचलौल। थाना क्षेत्र के औराटार गांव में संचालित सस्ते गल्ले की दुकान के दुकानदार (कोटेदार) ने राशन कार्ड धारकों में वितरण होने वाले गेहूं, चावल और चीनी की कालाबाजारी कर दी है। यह खुलासा विभाग के जिम्मेदारों की ओर से दुकान की जांच के बाद हुआ। वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्ति निरीक्षक मिठौरा की तहरीर पर आरोपी कोटेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मिठौरा पूर्ति निरीक्षक अतींद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि औराटार के राशन कार्ड धारकों ने राशन वितरण में धांधली की शिकायत एसडीएम से की थी। एसडीएम के निर्देश पर 4 सितंबर को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की जांच की गई। इस दौरान अनियमितता मिलने पर दुकान को निलंबित कर दिया गया। इतना ही नहीं सितंबर में वितरण के लिए उठान किए गए राशन को कोहड़वल गांव के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानदार बिकाऊ प्रसाद को सौंपने का निर्देश दिया गया, लेकिन निलंबित दुकान के दुकानदार की ओर से दुकानदार बिकाऊ प्रसाद को राशन नहीं सौंपा गया।

वहीं कोहड़वल के दुकानदार बिकाऊ प्रसाद ने 12 सितंबर को कार्यालय में शिकायत पत्र से अवगत कराया कि राशन वितरण का कार्य 7 सितंबर से शुरू हो चुका है। निलंबित औराटार के दुकानदार से कई बार कहने के बाद भी उन्हें राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है। उसके बाद 13 सितंबर को निलंबित दुकानदार को एक बार फिर कार्यालय की ओर से निर्देशित किया गया।

# धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने के आरोप में दो गिरफ्तार

## नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र ठूठीबारी में सामने आया मामला

ठूठीबारी (महराजगंज)। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित छोटकी बेलवां गांव में लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवां निवासी सुदामी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव के छोटकी बेलवां टोला निवासी बलदीन, पप्पू और 5-6 अन्य लोग ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और गांव के लोगों को रुपये का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाते हैं। बलदीन और पप्पू की बातों में आकर गांव के कई लोग उनके साथ प्रार्थना सभाओं में शामिल होने लगे हैं। आरोप है कि बीते 15 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे बलदीन ने सहयोगियों के साथ मिलकर अपने घर पर ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा का आयोजन किया था जिसमें 30-40 लोग शामिल हुए।

इस प्रार्थना सभा में भी लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया गया। निचलौल क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के छोटकी बेलवां गांव निवासी आरोपी बलदीन और पप्पू के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिबंध अधिनियम, 2021 के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# किशोरी को भगाने समेत दुष्कर्म के मामले में केस

बृजमनगंज। पुलिस टीम ने किशोरी को भगाने समेत दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी थी। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने दी। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचने लगी राहत

**धनघटा (एसएनबी)।** बीते 19 सितम्बर को जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा धनघटा क्षेत्र में आई सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित गांवों का जायजा लेने के बाद युद्ध स्तर पर प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने के सख्त निर्देश का असर बाढ़ प्रभावित गांवों में दिखने लगा है।

विदित हो कि बीते दिनों सरयू नदी में आई ऊफान के बाद नदी की धारा और महाबांध के बीच बसे आगापुर-गुलरिहा,चपरापूर्वी का पटहार टोला,नरायनपुर, गुनवतिया, कंचनपुर, ढोलबजा,गायघाट दक्षिणी, सीयरकला, चकदहा, भउवापार, दौलतपुर, कटहा खैरगाड़, तुर्कवलिया नायक, खालेपुरवा, कुर्मियान व रामअधीन टोला समेत बाढ की चपेट में आ गए थे। सैकड़ों घरों में बाढ का पानी भर गया था। इधर तीन दिनों से नदी के जलस्तर में कमी तेजी से आ रही है।

नदी के जलस्तर में कमी आते ही प्रशासन की देखरेख में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बाढ प्रभावित गांवों में डेरा डालकर युद्ध स्तर पर राहत कार्य शुरू कर दिया है। शनिवार को अपर जिलाधिकारी ने भी बाढ प्रभावित गांवों में पहुंचकर वहां चल रहे बाढ राहत सामग्री किट वितरण, पशुओं के चारे की व्यवस्था, पशुओं

**पशुओं के चारे का वितरण, पशुओं का टीकाकरण, छिड़काव एवं स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधित कार्य**

के टीकाकरण कार्य, छिड़काव एवं अन्य स्वास्थ्य और स्वच्छता कार्यों का जायजा लिया। बाढ प्रभावित 20 गांवों में 2100 परिवारों को बाढ़ पीड़ित परिवार के तौर पर प्रशासन द्वारा चिन्हित किया गया है जिन्हें राहत कार्य पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

शनिवार को बाढ पीड़ित 450 परिवारो के बीच राहत सामग्री किट वितरित की गई बाकी बचे 1650 बाढ परिवारों के बीच अगले तीन दिनों के भीतर राहत सामग्री किट वितरित कराने का दावा स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। बाढ प्रभावित गांवों में जलजनित संक्रामक बीमारियों का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए साफ-सफाई एवं दवा का छिड़काव करने में ब्लाक के जिम्मेदार सफाईकर्मियों के साथ जुटे हुए है। शनिवार को सीएचसी हैंसर बाजार की स्वास्थ्य टीम बाढ प्रभावित चकदहा गांव में शिविर लगाकर चिकित्सीय परीक्षण कर बीमारो को निःशुल्क दवा वितरित करने में जुटी रही। बाढ़ प्रभावित गांव ढोलबजा में पशु पालन विभाग द्वारा कैंप लगाकर पशुओं का परीक्षण कर उन्हें इलाज की सुविधा प्रदान करते हुए बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण किया गया। बाढ प्रभावित गांवों में राजस्व टीम द्वारा बाढ से हुए फसलो के नुकसान का आकलन प्रशासन की देखरेख में तेजी से किया जा रहा है जिससे फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए बाढ पीड़ितों के बीच मुआवजा वितरण जल्द हो सके। शनिवार को राहत कार्य का जायजा लेने के लिए अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश जिले के अपर पुलिस अधीक्षक के साथ बारी-बारी से बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों ने बातचीत कर राहत कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी के साथ राजस्वकर्मी और तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र पांडेय के अलावा कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एएसपी और सीओ ने किया जागरूक

बस्ती। ट्रेनों के डीरेल होने की घटनाओं को रोकने के लिए एएसपी ओपी सिंह व सीओ सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने जवानों संग रेल ट्रैक पर गस्त कर लोगों को जागरूक किया। एएसपी ने रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आसपास के लोगों को बुलाकर उनसे बातचीत की। जनता से निरन्तर संवाद बनाए रखने के लिए मोबाइल नंबर भी दिए गए। वहीं सीओ सिटी/यातायात के निर्देश पर टीएसआई अवधेश तिवारी ने शनिवार को रेलवे स्टेशन बस्ती पर ऑटो टेम्पो चालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया।

## वैदिक धर्म सब संस्कारों और सत्य विद्याओं का मूल

**बस्ती (एसएनबी)।** आर्य समाज के 51वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर 20 सितंबर से जन जागरण का कार्य आचार्य सुरेश जोशी के नेतृत्व में चल रहा है। प्रातः काल प्रभात फेरी का उद्‌घाटन ओम प्रकाश आर्य ने किया। यज्ञ कराते हुए आचार्य सुरेश जोशी ने बताया कि वैदिक धर्म सब संस्कारों और सत्य विद्याओं का मूल है। कार्यक्रम में ब्रजकिशोर गुप्ता, मुरलीधर भारती, राधेश्याम आर्य, शिव श्याम, सत्येंद्र आर्य, प्रवीण कसौधन, रानी कसौधन, जानकी गुप्ता, रामजी जायसवाल, प्रिया जायसवाल, कृष्णदेवी, पूजा कसौधन, सोनी कसौधन, सीमा, बुद्धदेव, अजीत कुमार पांडे, देवव्रत आर्य, सर्वेश, विश्वनाथ प्रसाद, लाल बहादुर, रोहित कुमार, नीलम, चमली देवी, राज महिमा आर्य, निधि, प्रिया, मनीषा, संजना, प्रीति, मिथलेश देवी, वंदना, हरिहर मुनि वानप्रस्थी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## महिला अपराध की रोकथाम को किया जागरूक

**रूधौली (एसएनबी)।** साइबर क्राइम एवं महिला संबंधी अपराधों में रोकथाम हेतु चलाए जा रहे शक्ति दीदी अभियान के तहत शनिवार को भितेहर क्षेत्र में महिलाओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।अभियान के बारे में संबोधित करते हुए महिला एसआई सरोज माला ने बताया कि गांव हो घर सड़क या स्कूल कहीं भी छात्रों को डरने की आवश्यकता नहीं है । एसआई गोकरन पांडेय द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विशेष जानकारी देते हुए एनसीआरपी पोर्टल एवं बैंक संबंधी होने वाले फ्रड के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही साथ इससे बचाव की जानकारी दी गई तथा स्वयं कि सुरक्षा और बचाव करने हेतु जागरूक किया गया तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति बुकलेट भी वितरित किया गया।

# महिला से बदसलूकी पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** मुण्डेरवा क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव की रहने वाली एक महिला अपने घर में बच्चो के साथ सोयी हुई थी। इस दौरान गांव के राकेश चौधरी व राम प्रताप जबरदस्ती अन्दर घुस आये और जाति सूचक गालियां देते हुए उसके गलत नियत से उसका हाथ पकड़कर खींचने लगे। महिला के चिल्लाने की आवास सुनकर जब पड़ोसी पहुंचे तो विपक्षीगण महिला के गले का मंगलसूत्र व पांच हजार रूपये लेकर भाग गये। मामले को लेकर महिला न्यायालय पहुंची और आपबीती सुनाई जिसमें न्यायालय के आदेश पर मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी राकेश चौधरी पुत्र सीताराम, रामप्रताप पुत्र गुरुदास, सुमन पुत्री सीताराम, राकेश की मां निवासीगण मिश्रौलिया थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 323, 504 , 506, 452, 354 392, 379 आईपीसी व 3(1) द, ध व 3(2)(5ए), 3(2) (5) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बिजली चोरी के आरोप में महिला वारंटी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** बिजली चोरी के आरोप में वांछित चल रही एक महिला के विरुद्ध वारंट जारी होने के बाद पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए संबंधित न्यायालय में पेंश किया है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक सैयद कमाल अहमद द्वारा महिला वारंटी मुन्नी पत्नी गुड्डू निवासी उचवा मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय रवाना किया गया। महिला के विरुद्ध वर्ष 2021 में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज था जिसके क्रम में पुलिस ने गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महेश सिंह व उप निरीक्षक सैयद कमाल अहमद के साथ महिला आरक्षी अंजली सिंह, थाना पुरानी बस्ती मौजूद रही।

# अग्निकांड से बचने को मॉकड्रिल



**रूधौली (एसएनबी)।** कार्यपालक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश के क्रम में बजाज हिन्दुस्थान सुगर लिमिटेड इकाई रुधौली के आसवानी प्रभाग में अग्नि सुरक्षा पर आनसाइट इमरजेंसी प्लान पर माकड्रिल किया गया।मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद ने अग्नि सुरक्षा पर होने वाले माकड्रिल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के माकड्रिल का आयोजन समय समय पर कराते रहना चाहिए। जिससे लोग जागरुक होते रहे और भविष्य में होने वाली किसी संकट से निपटने में सक्षम होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इकाई प्रमुख विवेक कुमार तिवारी, अग्निशमन केन्द्र प्रभारी पशुपतिनाथ मिश्रा, इंजीनियरिंग हेड डिस्टलरी उदय प्रताप सिंह, एचआर हेड एनके शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पढ़ने गया छात्र गायब, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** स्कूल पढ़ने के लिए घर से निकला एक छात्र वापस नही लौटा। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी छात्र का कहीं कुछ पता नही चला। इस सम्बन्ध में छात्र के बाबा की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है।नगर थानान्तर्गत महरीपुर गांव निवासी जियालाल का नाती राज पुत्र रामू जो बचपन से ही उनके पास रहता था वह बेलाड़ी स्थित घर से पैदल ही शक इण्टर कालेज में सुबह पढ़ने के लिए निकला था। लेकिन स्कूल से वापस घर नही लौटा। छात्र की परिजनों द्वारा नात रिश्तेदारो में काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं कुछ पता नही चल सका। मामले में छात्र के बाबा जियालाल पुत्र छिपावन निवासी मरवटिया बाबू थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है।

# आटो पलटने से मां बेटी जख्मी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार वाहन की ठोकर लग जाने से आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार एक महिला व उसकी बेटी गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। इस सम्बन्ध में घायल महिला के पित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चाल पर मुकदमा दर्ज किया है।नगर थानाक्षेत्र के बसहवा के पास आटो संख्या यूपी 51 बीटी 5652 में एक अन्य वाहन द्वारा तेजी से आकर जोरदार ठोकर मार दिया। जिसमें बैठी पाण्डेय बाजार की रहने वाली मंजू देवी व उसकी लड़की सौम्या गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। मामले में घायल मंजू देवी के पति सुरेश पुत्र मेहीलाल निवासी पाण्डेय बाजार बासी रोड पुरानी बस्ती थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 281, 125 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पंचायत भवन में चोरी

**दुबौलिया (एसएनबी)।** स्थानीय विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकटिहवा की प्रधान अनुराधा चौधरी ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीतीरात पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर इन्वर्टर, दो बैटरी, सीसीटीवी कैमरे का रिकार्ड उठा ले गये। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है।

# विद्यालय के रसोईघर में चोरी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कलवारी क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय देवडाड़ विकास क्षेत्र कुदरहा में अज्ञात चोरो द्वारा विद्यालय के रसोईघर का दरवाजा तोड़कर 35 किग्रा चावल , 1 किग्रा अरहर की दाल, 1 किग्रा सरसों का तेल चोरी उठा ले गये। विद्यालय के शिक्षण कक्ष का एक ताला व दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन असफल रहे। मामले में भूपेन्द्र चौधरी पुत्र राम केवल चौधरी निवासी विमावल थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर हालपता प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवडाड़ विकास क्षेत्र कुदरहा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 331(4), 305, 324(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीन का कराया अवैध बैनामा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कागजो में धोखाधड़ी कर अभियुक्तो द्वारा पूरी जमीन को अपने नाम से बैनामा करा लिए। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता न्यायालय पहुंची। जहां के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानाक्षेत्र के रसोइया गांव की रहने वाली प्रभावती देवी पत्नी पारस राम की जमीन का विपक्षीगण प्रदीप कुमार, संयज व तुलसीराम ने कागजो में हेरफेर करते हुए रजिस्ट्री कार्यलय बस्ती से अपने ना बैनामा करा लिया। जिसकी जानकारी प्रभावती को हुई तो वह पहले स्थानीय थाने पर इसकी शिकायत किया लेकिन न्याय न मिल पाने की स्थिति में उसने न्यायालय का सहारा लिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर कलवारी पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र रामानन्द निवासी गौसपुर थाना कलवारी, संजय कुमार, तुलसीराम पुत्रगण रामलौट निवासीगण सैफाबाद थाना कलवारी, त्रिवेनी प्रसाद चौधरी एडवोकेट कलेक्ट्री कचेहरी के विरुद्ध धारा 419, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# समयबद्धता के साथ मामलों का करें निस्तारण




फरियादियों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी रवीश गुप्ता तथा हर्रैया में फरियाद सुनते एसडीएम।

बस्ती (एसएनबी)। सदर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जनसमस्याओ का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ करें। जनसमस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक हिला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जायेंगा।

उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं के निस्तारण का समय-समय पर गुणवत्ता आख्या उच्चाधिकारियों द्वारा अवलोकन किया जायेंगा। इसमें किसी भी स्तर पर गुणवत्ता आख्या ठीक न पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेंगी। जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता के विवाद-समस्या के निस्तारण हेतु विवादित स्थल पर जाने से पूर्व उनको फोन द्वारा अवगत कराते हुए दोनों पक्षों को गम्भीरतापूर्वक सुनने के बाद निस्तारित करें। उप जिलाधिकारी ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 मामले प्राप्त हुए, जिसमें से 10 का मौके पर निस्तारित किया गया। इसमें राजस्व के 18, पुलिस के 14, विकास के 12, नगरपालिका के 6, नलकूप के 3, विद्युत के 4 तथा अन्य के 11 मामले है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय सिंह, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, डीपीआरओ रतन कुमार, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, जिलापूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, सीवीओ राजेश त्रिपाठी, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस, तहसीलदार सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**बस्ती में 68 में 10, हर्रैया में 59 में छह तथा रूधौली में 39 छह मामलों का हुआ निस्तारण**

**डीएम रवीश गुप्ता ने अधिकारियों के साथ सदर तहसील में सुनी फरियाद**

**हर्रैया कार्यालय** के अनुसार तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 59 मामले आये जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अध्यक्षता उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने किया। एसडीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। आज के समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 19, विकास विभाग के 14, पुलिस विभाग के 12, विद्युत विभाग के 8, आपूर्ति एवं वन विभाग के दो-दो तथा अन्य विभागों के दो सहित कुल 59 मामले आये। छः मामलों का मौके पर निस्तारण कर शेष को निस्तारण हेतु सौंप दिया गया।

इस मौके पर तहसीलदार अभयराज सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। **रूधौली प्रतिनिधि** के अनुसार तहसील संपूर्ण समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जइंट मजिस्ट्रेट ने फरियादियों की समस्याओं को सुन रहे थे इस दौरान पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की कमान संभाली और आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । समाधान दिवस में कुल 39 मामले आये जिसमे 6 मामले का मौके पर निस्तारण हो सका। इस अवसर पर तहसीलदार रवि सिंह ,बीडीओ विनय त्रिवेदी ,थाना प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, पुलिनिरीक्षक शैलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# एएसपी ने किया निरीक्षण



अभिलेखो की जांच करते एएसपी ओम प्रकाश सिंह।

बस्ती (एसएनबी)। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि को थाना मुंडेरवा व नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने क्षेत्र की कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना प्रभारियों को जरूरी दिशा निर्देश देने के साथ ही साफ सफाई, कार्यालय का रख रखाव के बारे में आवश्यक सुझाव दिये। बीती रात अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह पहले थाना मुंडेरवा पहुंचे, जहां आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मेस, मालखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय ,बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यकता दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को पूर्ण कर अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु समीक्षा भी किया। इसी क्रम में वह थाना नगर पर भी पहुंच कर आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, भोजनालय, शस्त्रागार, बन्दी गृह, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क पर पुलिस कर्मचारियों से जानकारी हासिल की। परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख-रखाव हेतु संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# वध के लिये बांधे गौवंश को कराया मुक्त

**बस्ती (एसएनबी)।** वध के लिए झाड़ी में बंधे एक बछड़े को स्थानीय निवासी एक व्यक्ति द्वारा देख लेने पर वहां पर मौजूद गौर तस्कर मौके से फरार हो गये। इस सम्बन्ध में उक्त व्यक्ति द्वारा बछड़े को बंधन से मुक्त करते हुए थाना मुण्डेरवा में मुकदमा दर्ज कराया है।मुण्डेरवा थाने पर लिखित तहरीर देकर बटेला गांव निवासी अजीत गुप्ता उर्फ सुन्दर पुत्र हृदयराम ने बताया कि वह जब घास लेने अपने रेलवे लाइन के किनारे स्थित खेत में जा रहा था तो देखा कि रेलवे के पोल संख्या 562/2024, 562/26 के मध्य एक व्यक्ति काले रंग के बछड़े को क्रूरता पूर्वक झाड़ी में बांधकर रखा है तथा उसका वध करने के लिये किसी अज्ञात व्यक्ति को बुला रहा है। जब वह नजदीक पहुंचे तो उसे देख उक्त लोग भाग गये। मौके पर जाकर देखा तो एक गाय का बछड़ा क्रूरता पूर्वक बंधा था जिसको खोलकर मुक्त कराया। वहीं मौके पर चाकू , तराजू , बाट व पन्नी तथा रबड़ की रस्सी के साथ ही जानवर का अवशेष भी पड़ा मिला मामले में मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक महिला को उसके पति व अन्य ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित चार लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।सोनहा थाने पर लिखित तहरीर देकर कुसुमतला ने बताया उसके पति सिद्धार्थ शंकर पाठक तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज में अतिरिक्त रूपये की मांग को लेकर आये दिन तरह तरह से प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा गया तथा जानमाल की धमकी देने के साथ ही घर से खदेड़ दिया। जिसके बाद वह अपने पिता राजमणि ग्राम सिकौथा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के पास चली आयी। मामले में सोनहा पुलिस ने आरोपी ससुर मनोहर पाठक, पति सिद्धार्थ शंकर पाठक पुत्र मनोहर पाठक, देवर रविशंकर पुत्र मनोहर पाठक, सास कुशलावती देवी पत्नी मनोहर पाठक निवासीगण जोगिया पाठक थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 85, 115(2), 352, 351(2) व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश तथा पूर्व में किये गये शिकायत की बात को लेकर विपक्षीगणो द्वारा एक व्यक्ति को गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर पर मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज थानाक्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी हरिश्चन्द्र पाण्डेय द्वारा विपक्षी विनीत पाण्डेय व अन्य लोगो के खिलाफ किये गये शिकायत तथा पुरानी रंजिश की बात को लेकर गालियां देते हुए घेर लिया और लाठी डण्डे से जमकर पिटाई करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले में पीड़ित हरिश्चन्द्र पाण्डेय पुत्र चन्द्रशेखर पाण्डेय निवासी गोपालपुर थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनीत पाण्डेय पुत्र जगदीश पाण्डेय, यशवीर पाण्डेय पुत्र विनीत पाण्डेय, राहुल पाण्डेय पुत्र रामभरोस पाण्डेय निवासीगण गोपालपुर थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 131, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रहस्यमय हाल में स्कूल गया किशोर लापता

बस्ती। नगर पुलिस ने रहस्यमय हाल में किशोरी के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के मरवटिया बाबू निवासी जियालाल ने तहरीर में बताया है कि उनका नाती राज ( 15 ) पुत्र रामू निवासी महरीपुर थाना नगर बचपन से ही उनके साथ रहता है। शुक्रवार की सुबह सात बजे वह पैदल ही बेलाड़ी स्थित स्कूल में पढ़ने के लिए गया था। छुट्टी होने के बाद भी घर नहीं लौटा तो खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

# लड़की की हत्या के आरोप में सात लोगों पर केस

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने लड़की की हत्या आरोप में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि जहर खिलाने के बाद लड़की को तालाब में डाल दिया, जिससे उसकी जान चली गई। थाना प्रभारी हर्रैया का कहना है कि घटना की लगभग तीन साल पुरानी है। जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता महिला ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को बहलाकर विपक्षी 17 मार्च 2021 को अपने घर ले गए। यहां उसे किसी पदार्थ में जहर मिलाकर खिला दिया। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद गांव से थोड़ी दूरी पर स्थित तालाब में ले जाकर डूबो दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी अमन, रेखा, गरिमा, गंजे, विक्रम, बज्जात व बज्जात की पत्नी के खिलाफ आईपीसी 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गोवध और पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने गोवध के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी थाने के बटेला निवासी अजीत गुप्ता ने तहरीर में बताया है कि गुरुवार को वह घास लेने सुबह करीब साढ़े नौ बजे रेलवे लाइन के पास खेत में गए थे। यहां देखा कि एक व्यक्ति काले रंग के बछड़े को क्रूरतापूर्वक रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी में बांधे हुए है और उसका वध करने के लिए किसी व्यक्ति को बुला रहा है। नजदीक पहुंचने पर वहां मौजूद व्यक्ति भाग गया। बंधे बछड़े को खोला दिया। मौके पर चाकू, रबड़ की रस्सी और जानवर का अवशेष पड़ा मिला।

# सहायक अध्यापक ने की अश्लील हरकत

## केस दर्ज

बस्ती, निज संवाददाता। प्राइमरी स्कूल में छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने सहायक अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना इसी साल मई माह की है। आरोप है कि घटना की जानकारी होने पर छात्रा के परिजन आरोपी शिक्षक को उलाहना दी तो उसे अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की जांच सीओ हर्रैया को सौंपी गई है।

हर्रैया थानाक्षेत्र की रहने वाली दस वर्षीय बालिका गांव के प्राइमरी स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा है। तहरीर में छात्रा की मां ने बताया है कि उनकी बेटी बीते नौ मई स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी। आरोप है कि स्कूल में कार्यरत सहायक अध्यापक विजय उसे बहला-फुसलाकर स्कूल के एक कक्ष में साफ-सफाई के बहाने अपने साथ ले गए। इस कमरे में बेटी को अकेला पाकर अध्यापक उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करते हुए बेटी जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो वह कमरे में उसे छोड़कर भाग गया। घर आकर बेटी ने आपबीती परिजनों से बताई। जानकारी होने पर बेटा इसकी उलाहना देने के लिए अध्यापक के पास गया तो उसे अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में करीब चार माह बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# रंजिश को लेकर मारपीट

बस्ती। लालगंज पुलिस ने रंजिश को लेकर मारपीट में तीन पर केस दर्ज किया है। गोपालपुर निवासी हरिश्चंद्र पांडेय ने तहरीर में बताया है कि रंजिश व दिए गए प्रार्थना पत्र को लेकर विपक्षियों ने जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने विनीत पांडेय, यशवीर व राहुल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से दो घायल, भर्ती

रुधौली। नगर पंचायत रुधौली के थाने गेट के सामने राहगीर बाइक की चपेट में आ गया। हादसे में दो लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के भितेहरा निवासी जोधा यादव शनिवार को पैदल थाना परिसर से निकलकर सड़क पार कर रहे थे। तभी अचानक रुधौली कस्बे की तरफ से आए बाइक सवार सेखुईया निवासी चिंटू उर्फ दिनेश चौरसिया से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में घायल जोधा व चिंटू को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रुधौली भिजवाया गया।

# दहेज उत्पीड़न के आरोप में नौ लोगों पर केस

बस्ती। दुबौलिया थाने में तहरीर देकर पीड़िता नाजमा खातून की शादी छावनी थाने के अकवारे निवासी फिरोज के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। उनका आरोप है कि ससुराल में पति व उनके रिश्तेदारों ने दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस ने पति के अलावा ससुर मो. अमीन, सास सायरा खातून, देवर नफीस, ननद शबाना, शहजादी, सकिना, शबनम समेत नौ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेल्समैन को चमका दे तेल भराकर भागा वाहन चालक

बभनान। पेट्रोल पंप पर तेल भराने के बाद सेल्समैन को चकमा देकर चार पहिया चालक भाग निकला। पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पैकोलिया थानाक्षेत्र के पूरा पैकोलिया गांव में किसान फीलिंग स्टेशन है। पेट्रोल पंप के मैनेजर कृष्ण मुरारी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 20 सितंबर 2024 की रात आठ बजे एक काले रंग की चार पहिया वाहन आया। सेल्समैन से 4880 रुपए का डीजल भराया।

# दुकान से पैसे लेकर भागते दो संदिग्ध धराए

सल्टौआ। सोनहा थानाक्षेत्र के पड़रिया दत्तू चौराहे पर शनिवार की शाम को करीब छह बजे एक किताब की दुकान के गल्ले से रुपये लेकर भागने के आरोप में स्थानीय लोगों ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जबकि इनके साथ मौजूद एक अन्य युवक भाग निकला। बताया जा रहा है कि पड़रिया दत्तू चौराहे पर रवि चौधरी कापी किताब की दुकान चलाते हैं। शनिवार की शाम बाइक सवार तीन युवक आए। कॉपी खरीदने के लिए कहते हुए दुकानदार को पांच सौ रुपये का नोट थमाया। आरोप है कि दुकानदार के व्यस्त होते ही गल्ले से रुपये व काउंटर पर रखी कॉपी लेकर भागने लगे। शोर सुन लोगों ने दो युवकों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा भाग निकला।

# महिला अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड मुस्तैद, रोस्टर हुआ जारी

बस्ती, निज संवाददाता। जिला महिला अस्पताल के लिए चयनित 13 सिक्योरिटी गार्डो ने शनिवार को महिला अस्पताल पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया। सीएमएस डॉ. एके वर्मा ने सभी गार्डों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगा दी है।

सुरक्षा गार्डों का समूह सुबह जिला महिला अस्पताल में पहुंचा। सीएमएस के यहां अपना योगदान आख्या प्रस्तुत किया। उसके बाद वार्डों में उनकी ड्यूटी लगाई गई। सीएमएस ने बताया कि गार्डों की ड्यूटी रोस्टिंग के अनुसार लगा दी गई है। उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिडेट गोरखपुर की ओर से पूर्व रिटायर्ड सैनिकों, उनके प्रशिक्षित आश्रित व ब्लड रिलेटेड से संबंधित गार्ड तैनात हुए हैं। सीएमएस ने सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक मेन इंट्री गेट पर शिबृ कुमार, इमरजेंसी में राम सुगन व जय प्रकाश यादव, ओपीडी में अजीत कुमार गुप्ता, सीएमएस चेंबर गेट नीशू और पार्किंग में रवि कुमार पांडेय की ड्यूटी लगी है। दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक दीना गुप्ता मेन गेट व पार्किंग, प्रदीप वर्मा व पल्लवी इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी करेंगी। रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक मनीष यादव, उर्मिला देवी और बंदना सिंह की ड्यूटी इमरजेंसी व अन्य जरूरी प्वाइंट पर लगा दी गई है।

गोरखपुर-अयोध्या फोरलेन पर रिठिया अंडर पास का मामला, समाजसेवी राहुल ने परिवहन मंत्री व पीएम को लिखा था खून से पत्र

# सड़क के लिए आंदोलन पर डाल दिया था जेल में





रिठिया अंडर पास के पास व सर्विस रोड पर उगी झाड़ियां।

■ वैकल्पिक रास्ता बनाया था उसे गड्ढा करके छोड़ा, इससे दुश्वारियां और बढ़ गई हैं

" रिठिया सर्विस रोड का मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। इसे डीपीआर में शामिल कर प्रस्ताव भेजने की तैयारी चल रही है।

– रूचेर आग्रवाल, परियोजना प्रबंधक, एनएचएआई, गोरखपुर

कलवारीगंज (बस्ती), निज संवाददाता। फोरलेन से सरकार ने भले ही खूब कमाई की हो पर आम लोगों के लिए यहां असुविधाओं की लम्बी फेहरिस्त है। फोरलेन का निर्माण हुए दशक बीत जाने के बाद भी बस्ती शहर के करीब रिठिया के पास बने अंडर पास की सर्विस रोड का निर्माण नहीं कराया गया।

गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन के बीच अकेले रिठिया ही ऐसी जगह है, जहां पर सर्विस लेन बनाई ही नहीं गई। एनएचएआई के जिम्मेदारों का कहना है कि जिस समय काम चल रहा था, मुआवजे को लेकर विवाद हो गया, इसके बाद कार्यदायी संस्था काम छोड़कर आगे बढ़ गई। काम समाप्त होने के बाद संस्था के लोग चले भी गए। ग्रामीणों का कहना है कि यहां कोई विवाद नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने राह चलने के लिए अपने स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था की, लेकिन ड्रेन की खुदाई के नाम पर इसे भी बर्बाद कर दिया गया। बरसात के दिन में यहां बुरा हाल हो जाता है।

स्थानीय समाजसेवी राहुल पटेल ने सर्विस रोड बनवाने के लिए अपने खून से प्रधानमंत्री व केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा, लेकिन उसे शायद कूड़ेदान में डाल दिया गया। बात नहीं बनती देख जब उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन शुरू किया तो इससे नाराज जिला प्रशासन ने उन्हें जेल में डाल दिया। जनवरी 2023 में पांच दिन जेल की काल कोठरी में बिता कर वह रिहा हो पाए। आज भी वह हर जिम्मेदार अधिकारी को पत्र लिखकर समस्या से अवगत करा रहे हैं, लेकिन ऐसा लग रहा है कि शायद यह समस्या सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। रिठिया, फार्मेसी कॉलेज, दुबखरा व दर्जनों गांव के लोग सर्विस रोड न होने के कारण समस्या से जूझ रहे हैं। रानीपुर, बेलाड़ी, मरवटिया आदि गांव के लिए यह वैकल्पिक रास्ता भी है।

**सिक्स लेन के दौरान सर्विस रोड बनाने का मिला था आश्वासन:** राहुल पटेल की मानें तो सर्विस रोड के लिए पीएमओ, सीएम पोर्टल व डीएम को दर्जनों बार पत्र लिखा गया। एनएचएआई के अधिकारियों ने गोरखपुर कार्यालय बुलाकर उन्हें बताया कि कार्यदायी संस्था काम अधूरा छोड़कर जा चुकी है। जब सिक्स लेन का निर्माण होगा तो उसमें सर्विस रोड बनवा दी जाएगी। बताया जा रहा है कि अब यहां सिक्स लेन का निर्माण ही नहीं कराया जाएगा, इसलिए यह आश्वासन भी कोरा साबित हुआ है।

**डीएम को कार्यदायी संस्था ने दिया था आश्वासन:** रिठिया सर्विस रोड निर्माण को लेकर चले आंदोलन के बाद हरकत में आए जिला प्रशासन ने जिम्मेदारों को पत्र लिखा था। प्रशासनिक सक्रियता के बाद एनएचएआई के टीम लीडर केपी सिंह ने तत्कालीन डीएम को नौ जनवरी 2023 को लिखित आश्वासन दिया था। पत्र में कहा गया था कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अस्थाई रूप से एक लेन से दूसरे लेन जाने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। अस्थाई रूप से कच्चा ड्रेन की व्यवस्था कराई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन लोगों ने जो वैकल्पिक रास्ता बनाया था उसे गड्ढा करके छोड़ दिया गया। दुश्वारियां और बढ़ गई हैं।

## बोले राहगीर


सर्विस रोड के लिए दर्जनों पत्र उच्च अधिकारियों के माध्यम से दिया गया, लेकिन आज तक समस्या का हल नहीं निकल पाया। आंदोलन की चेतावनी पर पर हमें पांच दिन जेल भी काटना पड़ा। अपने खून से पत्र भी लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।
**राहुल पटेल, रिठिया**


सर्विस रोड नहीं होने के कारण यहां के लोगों को दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि हमारी सुनने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। लोगों के आंदोलन के बाद एनएचएआई की ओर से सर्वे कराया गया। लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया।
**राष्ट्रदीप चौधरी, राहगीर**


सर्विस रोड न होने के कारण कई साल से हम लोग काफी परेशान हैं। शिकायती पत्र देकर समस्या को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया गया, लेकिन वहां से सिर्फ आश्वासन ही मिला। जब भी आंदोलन की बात लोगों ने किया तब जिम्मेदारों ने सिर्फ आश्वासन दिया।
**रामकृपाल चौधरी, पूर्व प्रधान दुबखरा**


रिठिया में अंडर पास तो बना लेकिन सर्विस रोड आज तक अधूरी है। यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। बरसात के दिनों में तो दुपहिया व पैदल गुजरना मुश्किल हो जाता है।
**राम प्रकाश चौधरी, भूतपूर्व सैनिक**

# छेड़खानी व लूट का मुकदमा

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी, लूट व अन्य धाराओं में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र की रहने वाली महिला ने तहरीर देकर बताया है कि बीते छह मई की रात करीब नौ बजे वह अपने घर में बच्चों के साथ सो रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी राकेश चौधरी व राम प्रताप घर में जबरदस्ती घुस गए। राकेश ने अपशब्द व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गलत नीयत से उनका हाथ पकड़कर खींचा और बेइज्जत करना चाहा। शोर मचाने पर पड़ोसी आए और आरोपितों की ही तरफदारी की। राकेश ने उनके गले से मंगलसूत्र खींच लिया और बैग में रखा पांच हजार रुपया उठा ले गए। पुलिस ने राकेश, रामप्रताप समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार रेप, मारपीट व अन्य धाराओं में आरोपी गौर थानाक्षेत्र के रहने वाले श्रवण कुमार यादव को टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

डीएम ने की सदर तहसील में शिकायतों की सुनवाई, गुणवत्ता आख्या ठीक नहीं पाए जाने पर होगी कार्रवाई

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**समाधान दिवस**

बस्ती, निज संवाददाता। शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो। निस्तारण में समय का विशेष ध्यान दें। जन समस्या के निस्तारण में देरी को गंभीरता से लिया जाएगा। यह निर्देश डीएम रवीश गुप्ता ने दिया। वह बस्ती सदर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई कर रहे थे। उनके साथ एएसपी ओम प्रकाश सिंह, एसडीएम शत्रुहन पाठक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण का समय-समय पर आख्या की गुणवत्ता का परीक्षण अधिकारी करें। किसी भी स्तर पर गुणवत्ता आख्या ठीक नहीं पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता के विवाद व समस्या के निस्तारण के लिए विवादित स्थल पर जाने से पूर्व उनको फोन से अवगत कराते हुए दोनों पक्षों को गम्भीरतापूर्वक सुनने के बाद निस्तारित करें।



भानपुर तहसील में जनशिकायतों की सुनवाई करते एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान।

एसडीएम सदर ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 मामले प्राप्त हुए, जिसमें से 10 का मौके पर निस्तारित किया गया। इसमें राजस्व के 18, पुलिस के 14, विकास के 12, नगर पालिका के छह, नलकूप के तीन, विद्युत के चार तथा अन्य के 11 मामले हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय सिंह, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, डीपीआरओ रतन कुमार, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, जिलापूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, सीवीओ राजेश त्रिपाठी, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों की संख्या नहीं बता पाए एडीओ पंचायत

रुधौली। सीडीओ जयदेव सीएस की अध्यक्षता में रुधौली तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस की सुनवाई में 39 मामले आए। छह मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। सीडीओ ने एडीओ पंचायत राज कुमार गौतम से रुधौली ब्लॉक में कितने पंचायत भवन हैं के बारे में पूछा तो एडीओ पंचायत नहीं बता पाए। जिस पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर करते कारवाई करने का निर्देश दिया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, तहसीलदार रवि यादव, प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, बीडीओ विनय द्विवेदी, एसडीओ विद्युत अनंत यादव आदि उपस्थित रहे।

## भानपुर में 26 मामलों की हुई सुनवाई

भानपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिवसाधिकारी के रूप में एडीएम प्रतिपाल चौहान ने फरियादियों के मामलों की सुनवाई की। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से सम्बधित कुल 26 मामले पंजीकृत किए गए। जिसमें से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग के सर्वाधिक 13 शिकायतें दर्ज की गई। उक्त दिवस में एसडीएम आशुतोष तिवारी, तहसीलदार पंकज गुप्ता, नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव व पूजा वर्मा सहित समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चियों का मनाया जन्मोत्सव, सौंपा किट

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम
- जिला चिकित्सालय में पैदा हुई 42 बच्चियों के लिए काटा गया केक

जागरण संवाददाता, बस्ती: बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत राजकीय महिला चिकित्सालय में स्थित वन स्टाप सेंटर पर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी रहे। जिला चिकित्सालय में पैदा हुई कुल 42 बच्चियों का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। उसके बाद बच्चियों के स्वजन को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए उपहार के रूप में बेबी किट, कपड़ा, मिठाई, कंबल, तौलिया, जैतून का तेल आदि सामान दिया गया।

उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत तीन बच्चियों को एफडीआर वितरित किया गया, जिसमें दो बच्चियों को तीन-तीन लाख एवं एक बच्ची को सात लाख का एफडीआर (फिक्स्ड डिपाजिट रिसिप्ट) दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुनीता सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिंह, मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।




बच्चियों के स्वजन को बेबी किट समेत अन्य सामान देते जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी • जागरण

# किशोरियों को भगाने के दो आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। रुधौली व दुबौलिया पुलिस ने किशोरियों को अगवा करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करने का केस दर्ज किया था। पुलिस कार्यालय के अनुसार फरार आरोपी अमित यादव को टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वहीं रुधौली थाने में रिश्तेदारी में आए युवक पर किशोरी भगा ले जाने के आरोप में पीड़िता की मां ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी साबिर को शनिवार को भानपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत किशोरी भी मिल गई है।

# चिंताजनक है एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग : हाई कोर्ट

- हाई कोर्ट ने कहा, ऐसे मामलों के लिए बनाया जाए निगरानी तंत्र
- झूठी शिकायत कर मुआवजा लेने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई

**विधि संवाददाता, जागरण, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग पर चिंता जताई है और राज्य सरकार को निगरानी तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक प्राथमिकी दर्ज करने से पहले घटना व आरोप का सत्यापन किया जाए साथ ही झूठी शिकायत कर सरकार से मुआवजा लेने वालों को धारा 182 व धारा 214 में कार्रवाई कर दंडित किया जाए।

यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने बिहारी व दो अन्य की याचिकाओं पर दिया। झूठी शिकायत कर लिया गया 75 हजार रुपये का मुआवजा सरकार को वापस लौटाने और दोनों पक्षों में समझौते के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष अदालत में चल रही एससी-एसटी एक्ट की कार्रवाई रद कर दी है। मामला थाना कैला देवी (संभल) में दर्ज था। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। सरकार ने पीड़ित को 75 हजार रुपये मुआवजा दिया। समझौता हो गया तो आपराधिक केस रद करने को याचिका दायर की गई।

कोर्ट ने मुआवजा वापस करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संज्ञेय व असंज्ञेय अपराधों को समझौते से समाप्त किया जा सकता है। पक्षकारों के बीच समझौते को कोर्ट ने सही माना और आदेश दिया कि शेष बकाया मुआवजा 25 हजार रुपये का भुगतान न किया जाए। शिकायतकर्ता ने हाई कोर्ट में कहा कि गांव वालों के उकसावे में उसने झूठी रिपोर्ट लिखाई थी। हाई कोर्ट ने कहा, 'एक्ट पीड़ित और कमजोर तबके को तुरंत न्याय देने का साधन है, किंतु कई केस में मुआवजा लेने के लिए झूठे केस दर्ज हो रहे हैं।' ऐसे लोगों की जवाबदेही तय की जाए व उन्हें दंडित किया जाए। झूठे केस न्याय प्रक्रिया पर संदेह पैदा कर रहे हैं। लोगों का भरोसा खत्म कर रहे हैं। इस पर रोक लगनी चाहिए।



> सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने वाले कानून का दुरुपयोग होने से न्याय प्रणाली पर संदेह व जनविश्वास को नुकसान पहुंचता है। इसलिए प्राथमिकी का सत्यापन जरूरी है।
>
> **-न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान**, हाई कोर्ट

कानून का दुरुपयोग » संपादकीय

# लखनऊ में नहीं मिली अमरमणि की दूसरी संपत्ति

- उपनिबंधक लखनऊ की रिपोर्ट न्यायालय में की गई पेश
- 25 अक्टूबर को फिर होगी इस प्रकरण की सुनवाई

जागरण संवाददाता, बस्तीः कोतवाली क्षेत्र के 23 वर्ष पुराने राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड में भगोड़ा घोषित अमरमणि त्रिपाठी की लखनऊ में कोई दूसरी संपत्ति नहीं मिलने की न्यायालय में पेश की रिपोर्ट के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने अगली सुनवाई के लिए 25 अक्टूबर की तारीख तय की है।

शनिवार को न्यायालय में कोतवाली पुलिस की ओर से उपनिबंधक लखनऊ की रिपोर्ट दाखिल की गई। रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ में पूर्वमंत्री की अन्य दूसरी कोई संपत्ति नहीं मिली है। न्यायालय ने कोतवाली पुलिस की रिपोर्ट पर विश्वास करते हुए कार्रवाई आगे बढ़ा दी है। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 23 वर्ष पूर्व अपहरण व गैंगस्टर एक्ट के मामले में पूर्व मंत्री अमरमणि न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे हैं। उनके अधिवक्ता की ओर से न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जिसे न्यायालय ने निरस्त कर दिया था। न्यायाधीश ने आदेश में कहा था कि आरोपित का लंबा आपराधिक इतिहास है। नौतनवा, महराजगंज, गोरखपुर, बस्ती, संतकबीर नगर सहित विभिन्न जनपदों में 36 मुकदमे दर्ज है। पूर्वमंत्री 25 अगस्त 2023 को जिला कारागार गोरखपुर से रिहा होने के बाद एमपी-एमएलए न्यायालय से फरार चल रहे हैं।

यह था राहुल मद्धेशिया के अपहरण का मामलाः छह दिसम्बर 2001 को रोडवेज तिराहा निवासी राहुल मद्देशिया का अपहरण हुआ था। उसकी बरामदगी तत्कालीन मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित आवास से हुई थी। इस मामले में 19 दिसंबर 2001 को अमरमणि को लखनऊ में गिरफ्तार किया गया था। 20 दिसंबर को लखनऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। 21 दिसंबर को सीजेएम बस्ती की अदालत में पेश किया गया था। कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। एक फरवरी 2002 को उच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त होने के बाद वह जेल से रिहा हो गए थे।

# मिशन शक्ति के तहत जागरूक किए गए स्कूली छात्र-छात्राएं

## जागरूकता

जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्तीः महिला संबंधी अपराधों में रोकथाम के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को भितेहर क्षेत्र में महिलाओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के बारे में संबोधित करते हुए एसआइ सरोज माला ने बताया कि गांव हो या घर, सड़क व स्कूल कहीं भी छात्रों को डरने की आवश्यकता नहीं है। किसी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत 1090, 112 या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। इसके अलावा ग्रामीणों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 सशक्तिकरण अभियान व महिला संबंधी अपराधों के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति बुकलेट वितरित किया गया।

# वाद विवाद के बाद दो शिक्षा मित्र हुए अचेत

जासं, सल्टौआः प्राथमिक विद्यालय सल्टौआ गोपालपुर प्रथम में उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई, जब वहां तैनात दो शिक्षा मित्र किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी करने लगे। दोनों में विवाद बढ़ते-बढ़ते बात हाथापाई तक पहुंच गई।

इसी बीच शिक्षा मित्र उमेश चंद्र गिरकर बेहोश गए। कुछ ही देर में दूसरी शिक्षा मित्र सुमन मिश्रा भी गिरकर बेहोश हो गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक रुकसार अहमद, सहायक अध्यापक रीना व शिक्षा मित्र पुष्पा देवी ने दोनों को पीएचसी सल्टौआ पहुंचाया। इलाज के बाद सुमन को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं उमेश चंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डा. प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि उमेश का शुगर लेबल काफी कम हो गया था।

# सगे भाइयों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्तीः थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव में सगे भाई आपस में मारपीट कर लिए।

पुलिस ने प्रेमनाथ पांडेय की तहरीर पर अरविंद के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

## किशोर को किया अगवा

बस्तीः नगर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर के अगवा करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने किशोर के दादा जियालाल निवासी महरीपुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किशोर की खोजबीन शुरू कर दिया है।

# रेल पटरी की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर, किया जागरूक

## अव्यवस्था फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एएसपी

बस्तीः रेल की पटरियों पर आए दिन सामने आ रही डिरेल की घटनाओं को लेकर जनपद के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी गंभीर हो गए हैं। शनिवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बस्ती पर एक बैठक की गई। इस मौके पर एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि रेल लाइन सुरक्षा व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों से सहयोग की इस कार्य में जानकारी साझा करने अपील की। मौजूद अधिकारियों को सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने, जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने के लिए मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान करने को कहा।



आरपीएफ पोस्ट पर बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी व एएसपी • जागरण

इस दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार टुडू, शहर कोतवाल राना देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ संजय मिश्र, प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज मोतीचन्द्र राजभर, जीआरपी निरीक्षक एमपी चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह, एसओ मुंडेरवा द्वारिका प्रसाद चौधरी मौजूद रहे।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

जासं, बस्ती: यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन बस्ती पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। टीएसआइ ने सभी आटो चालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्हें आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, छिनैती, महिला चेन स्नेचिंग गिरोहों से सवारियों को बचाने, सही स्थान पर पार्किंग, रात में सवारियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने को लेकर जागरूक एवं सतर्क किया गया। यातायात नियमों को पालन करने हेतु अपील किया गया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, न्यायालय रवाना

कप्तानगंज: पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा हैं। युवती को शादी का झांसा देकर एक साथ रहता था। कुछ दिन बाद उससे किनारा कर लिया। शनिवार की सुबह सूचना पर आरोपित युवक श्रवण कुमार यादव निवासी ग्राम साड़ी हिच्छा थाना गौर को घर से गिरफ्तार किया गया।

**शिक्षक पर छेड़खानी का मुकदमा**
बस्ती: हर्रैया थानाक्षेत्र में छात्रा के साथ छेड़खानी किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छात्रा की मां की तहरीर पर सहायक अध्यापक विजय वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना नौ मई 2024 की बताई गई है।

**अदालत के आदेश पर हत्या का मुकदमा,** बस्ती: हर्रैया थानाक्षेत्र के गंगापुर गांव में युवती को तालाब में डूबा कर हत्या किए जाने की घटना सामने आई। इस मामले में पुलिस ने अदालत के आदेश पर पुलिस ने गांव के ही अमन, रेखा, गरिमा, गंजे, विक्रम, बज्जात समेत सात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एएसपी ने किया नगर थाने का निरीक्षण

**नगर बाजार (बस्ती)।** अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने शुक्रवार की रात नगर थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, महिला-पुरुष बंदी गृह, शस्त्रागार आदि का निरीक्षध किया। पुलिसकर्मियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए निर्देश दिए। दस्तावेजों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने व फालोवर को साफ व स्वच्छ तरीके से भोजन बनाने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण, शांति, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस गश्त तेज करने के निर्देश दिए। संवाद

# मारपीट व जानमाल की धमकी देने में मामले में सौंपा ज्ञापन

जासं, बस्तीः सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विनय चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी व सदस्य मारपीट व जानमाल की धमकी देने के दो प्रकरण को लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि ललितपुर जनपद में गौना थाना क्षेत्र के नारहट निवासी हुकुम सिंह के पुत्र इन्दल सिंह पटेल को गांव के ही कुछ लोग घर में घुसकर मारे पीटे। इसके बाद पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया। मुंडेरवा नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी सर्वेश चौधरी, अशोक चौधरी ने कहा कि चित्रकूट में पेरियार ईवी रामास्वामी के जयंती पर पर्चा बाटने के दौरान नत्थू कुशवाहा व धर्मेन्द्र भाष्कर को मारा पीटा गया। कहा कि अगर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई नही हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान राजेश कुमार चौधरी, राम सिंह पटेल, डा. रामपाल चौधरी, अखिलेश प्रजापति, अभिषेक चौधरी, विजय पटेल, अमरजीत चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# यूपी में एसटीएफ एक गुलाम संगठन : अमिताभ

## मेडिकल कॉलेज में खुदकुशी के मामले में मुआवजे की मांग उठाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स सरकार के गुलाम के रूप में काम कर रही है।

एसटीएफ राजनीतिक और अन्य कारणों से लोगों के एनकाउंटर कर रही है। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की ठोक डालो नीति के कारण यूपी में लगातार फर्जी हाफ और फुल एनकाउंटर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंगेश यादव एनकाउंटर पूरी तरह संदिग्ध है। इसकी जांच के लिए उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है। रुधौली में दंपती के खुदकुशी करने वाले के परिवार से मिलकर लौटे जिले के पूर्व एसपी रहे अमिताभ ठाकुर ने दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज में भानपुर की आराधना की खुदकुशी में केस दर्ज करने और मुआवजे की मांग की है।

युवती के भाई रामविलास से बात की, जिनके अनुसार जिला प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने बस्ती के मेडिकल कॉलेज में सामानों के खरीद-फरोख्त की जांच की मांग की।



रुधौली में मृतक दंपती के परिजन से वार्ता करते अमिताभ ठाकुर। विज्ञप्ति

### खुदकुशी करने वाले दंपती के परिवार से मिले अमिताभ

**रुधौली।** पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने शनिवार को खुदकुशी करने वाले दंपती के परिजनों से मिलकर अब तक हुई कार्रवाई और मिलने वाले योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि बच्चों की परवरिश इत्यादि के लिए ढाई हजार रुपये प्रतिमाह के अलावा अब तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ एवं धनराशि नहीं मिल पाई है। घटना के बाद कुछ सरकारी विभागों के जिम्मेदारों ने मृतक के बच्चों को आवासीय विद्यालय में दाखिला कराने का आश्वासन दिया था। मगर, वह भी अब तक नहीं हो पाया। बच्चों की निजी विद्यालय में पढ़ाई करवाई जा रही है। एक वर्ष पहले 21 सितंबर को रुधौली नगर पंचायत क्षेत्र के दंपती ने जहर खाकर खुदकुशी की थी। जहर खाने के बाद बेचैनी बढ़ने लगी तो दोनों ने वीडियो बनाया था, जिसमें कहा था कि उनके करीबी त्रिलोकी और एक अन्य आरोपी ने उसकी पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है। संवाद

# आमने-सामने बैठा विवाद का कराएं समाधान

## लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जनता दर्शन, सुनी 300 फरियादियों की समस्या

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दो दिन पूर्व गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तमाम व्यवस्था के बावजूद जनता दर्शन करना नहीं भूले। लगातार दूसरे दिन शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कर उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्या सुनी और संतुष्टिपरक समाधान का आश्वासन दिया। पारिवारिक विवाद की समस्या लेकर आए लोगों की अधिक संख्या देख मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकार की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसमें दोनों पक्षों की संतुष्टि का ख्याल रखा जाए। पारिवारिक विवादों का समाधान दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर कराया जाए।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या के समाधान का प्रार्थना-पत्र लिया। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जमीन कब्जा करने वाले भू-माफिया को चिह्नित किया जाए और ऐसी कार्रवाई की जाए कि और ऐसा करने की हिम्मत न जुटा सकें। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे के अभाव में किसी का भी इलाज बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि मरीज के इलाज संबंधी एस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। एस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त करा दिया जाएगा।



गोरखनाथ मंदिर मे जनता दर्शन मे आये लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ, गोरखनाथ मंदिर

### पोलियोग्रस्त बच्चे को देख भावुक हुए योगी

शनिवार को एक महिला दिव्यांग बच्चे को लेकर गोरखनाथ मंदिर आई थी। उसे व्हीलचेयर पर देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने महिला से बातचीत की। पता चला कि यह बच्चा जन्म से दिव्यांग नहीं था, उसे बाद मे पोलियो हुआ। उसे लखनऊ और दिल्ली के बड़े अस्पताल मे दिखाया गया है, लेकिन डाक्टरों ने जवाब दे दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने महिला को आश्वस्त किया कि उसके बालक को एक बार फिर से पीजीआइ लखनऊ के चिकित्सकों को दिखाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

# नेपाल में अवैध असलहे के साथ बस्ती के दो युवक गिरफ्तार

काठमांडो। नेपाल पुलिस ने सीमा से लगे कपिलवस्तु जिले में दो भारतीय नागरिकों को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पांच राउंड गोलियां भी बरामद हुईं। आरोपियों की पहचान प्रीतम कुमार (35) और सूरज द्विवेदी (22) के रूप में हुई है। दोनों बस्ती जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी बाइक से चन्द्रौटा से कृष्णनगर जा रहे थे। शुक्रवार रात जब पुलिस ने उन्हें रोका तो तलाशी के दौरान 'मेड इन कानपुर' लिखी पिस्तौल बरामद हुई, जिसमें पांच राउंड गोलियां लोड थीं। पुलिस ने उनके पास से तीन फेरामाइन इंजेक्शन, दो सीरिंज और कुछ दवाएं भी बरामद कीं। ब्यूरो

# रेलवे ट्रैक पर एएसपी ने की गश्त

बस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने रेल दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार की रात मुंडेरवा क्षेत्रांतर्गत रेलवे ट्रैक पर गश्त की। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आसपास के लोगों को बुलाकर रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने संबंधित बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया। संवाद

## तेल डलवाकर बगैर पैसे दिए भागे स्कार्पियो सवार

**बभनान (बस्ती)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के बभनान-हरैया मार्ग स्थित किसान फिलिंग स्टेशन पूरा पैकोलिया से स्कार्पियो सवार युवक गाड़ी में डीजल डलवा कर दबंगई दिखाते हुए बिना भुगतान किए भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पेट्रोल पंप के मैनेजर कृष्ण मुरारी सिंह ने पैकोलिया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 सितंबर की रात करीब 9:00 बजे एक काले रंग की स्कॉर्पियो तेल भरवाने आई। चालक ने 4880 रुपये का डीजल भरने के लिए कहा। डीजल भरने के बाद सेल्समैन ने गाड़ी की टंकी का ढक्कन जैसे ही बंद किया, वैसे ही चालक बगैर पैसा दिए गाड़ी लेकर फरार होगा। संवाद

## अहमदाबाद में थन्हवा मुड़ियारी के युवक की मौत

**गायघाट (बस्ती)**। कलवारी क्षेत्र के थन्हवा मुड़ियारी निवासी 25 वर्षीय युवक की गुजरात में मौत हो गई। वहां के अहमदाबाद शहर में चक्कर आने से वह गिर पड़ा था। सिर में गंभीर चोट लगने से इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजन एंबुलेंस से शव को घर ला रहे हैं। थन्हवा मुड़ियारी निवासी मोहम्मद हुसैन पुत्र मोहम्मद मुस्तकीम गुजरात के अहमदावाद में सिलाई का काम करता था। शुक्रवार को भोजन करने के बाद चाय पीने गया था। दुकान से निकलते ही चक्कर आने से गिर गया था। संवाद

## चोरों ने पंचायत भवन को खंगाला

**दुबौलिया**। हरैया थाना क्षेत्र के सिकटिहवा गांव में बने पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर उसमें रखा सामान चुरा ले गए। ग्राम प्रधान ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, हरैया थाना क्षेत्र के सरैया ग्राम प्रधान अनुराधा चौधरी ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि सिकटिहवा में बने पंचायत भवन का शुक्रवार की रात ताला तोड़कर चोर उस में रखा इनवर्टर, दो बैटरी, सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड उठा ले गए। मौके पर पहुंची हरैया पुलिस छानबीन में जुटी है। संवाद

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**बस्ती**। कोतवाली पुलिस ने धोखे से जमीन बैनामा कराने के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। कलवारी क्षेत्र के रसोइया निवासी प्रभावती देवी का आरोप है कि विपक्षियों ने रजिस्ट्री कार्यालय में इसी साल दो मार्च को जालसाजी कर धोखे से जमीन का बैनामा करा लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी प्रदीप कुमार यादव निवासी गौसपुर थाना कलवारी, संजय, तुलसीराम निवासी सैफाबाद व अधिवक्ता त्रिवेनी प्रसाद चौधरी पर केस दर्ज किया है। संवाद

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बस्ती**। लालगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। गोपालपुर निवासी हरिश्चंद्र पांडेय ने तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश व पूर्व में दिए गए प्रार्थनापत्र को लेकर विपक्षियों ने लाठी-डंडा लेकर दौड़ाकर मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के विनीत पांडेय, यशवीर व राहुल पांडेय पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं

**रुधौली।** साइबर क्राइम व महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे शक्ति दीदी अभियान के तहत शनिवार को भितेहर क्षेत्र में महिलाओं व स्कूली छात्राओं को जागरूक किया गया। एसआई सरोज माला ने बताया कि गांव, घर, सड़क या स्कूल कहीं भी छात्राओं को डरने की जरूात नहीं है। किसी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगे तो 1090 या 112 पर फोन कर सूचना दें। पुलिस उससे निपट लेगी। बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 भी अपराध रोकने के लिए बनाए गए हैं। संवाद

# रंजिश में मारपीट, मुकदमा

**सोनहा :** थाना क्षेत्र के बस्थनवा गांव निवासी सुबाष पुत्र रामदेव ने सोनहा थाना पर तहरीर देकर बताया कि 24 अगस्त की शाम करीब सात बजे रंजिश को लेकर बिंदु, डब्लू, बब्लू व सब्लू ने लाठी डंडा से मारा पीटा। पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में केस दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर के त्रिलोकपुर की रहने वाली कुसुमलता ने तहरीर में बताया है कि सोनहा थक्षेत्र के जोगिया पाठक स्थित ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग की गई। पूरा न कर पाने प्रताड़ित किया गया। अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने ससुर मनोहर पाठक, पति सिद्धार्थशंकर पाठक, रविशंकर व कुशलावती देवी पर डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## छेड़खानी व लूट का केस दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी, लूट के आरोप में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र की महिला ने तहरीर देकर बताया है कि छह मई की रात करीब नौ बजे वह घर में बच्चों के साथ सो रही थीं। आरोपी राकेश चौधरी व राम प्रताप घर में घुस आए। राकेश ने अपशब्द व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गलत नीयत से हाथ पकड़कर बेइज्जत करने लगे। पांच हजार रुपये उठा ले गए। पुलिस ने राकेश, रामप्रताप समेत चार पर केस दर्ज किया है। संवाद

## स्कूल गया किशोर लापता

**बस्ती।** नगर पुलिस ने रहस्यमय हाल में किशोर के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। मरवटिया बाबू निवासी जियालाल ने तहरीर देकर बताया है कि उनका नाती राज ( 15 ) पुत्र रामू निवासी महरीपुर थाना नगर बचपन से उनके साथ रहता है। शुक्रवार की सुबह सात बजे वह पैदल ही बेलाड़ी स्थित स्कूल गया था। छुट्टी के बाद भी घर नहीं लौटा तो खोजबीन की। मगर, कुछ पता नहीं चल सका। संवाद

## मारपीट के मामले में चार पर केस

**सोनहा।** सोनहा पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। बस्थनवा गांव निवासी सुभाष का आरोप है कि 24 अगस्त की शाम सात बजे गांव के बिन्दु, डब्लू, बब्लू व सब्लू ने गाली देते हुए लाठी-डंडे व ईंट स मारापीटा। इससे उसका बायां हाथ टूट गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

## स्कूल में चोरी मामले में एफआईआर

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय देवडाड़ में चोरी के मामले में शनिवार को केस दर्ज कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक भूपेंद्र चौधरी ने तहरीर देकर बताया  कि 17 सितंबर की रात स्कूल में घुसे चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर 35 किलो चावल, एक किलो दाल, एक लीटर तेल चुरा ले गए। शिक्षण कक्ष का एक ताला भी टूटा मिला। दरवाजे को भी तोड़ने का प्रयास किया गया। संवाद

## खेत में जानवर चराने पर मारपीट

**बस्ती।** हर्रैया क्षेत्र के केशवपुर में खेत में जानवर चराने को लेकर मारपीट हो गई। गांव के प्रेमनाथ पांडेय ने तहरीर में आरोप लगाया है कि चरी के खेत में जानवर को चराने की बात को लेकर विपक्षी ने उनके भाई को लाठी-डंडे से मारापीटा। पैर में गंभीर चोट आई। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी अरविंद कुमार पांडेय पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## दूसरे दिन भी सरयू में किशोरी की तलाश हुई

**कलवारी।** माझा खुर्द घाट पर आंबेडकर नगर को जोड़ने के लिए बने पुल से सरयू नदी में छलांग लगाने वाली किशोरी का शनिवार को दूसरे दिन भी पता नहीं चला।थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 12वीं की 16 वर्षीय छात्रा पूजा यादव निवासी कलवारी मुस्तहकम ने शुक्रवार शाम करीब चार बजे नदी में छलांग लगा दी थी। सूचना पर किशोरी के तलाश के लिए स्थानीय नाविकों व गोताखोरों से तलाश कराई गई, लेकिन शनिवार शाम तक उसका पता नहीं चल सका। संवाद

## हत्या के आरोप में सात पर केस

**बस्ती।** कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने लड़की की हत्या आरोप में सात लोगों पर केस दर्ज किया है। लड़की की मां ने आरोप लगाया है कि जहर खिलाने के बाद लड़की को तालाब में डाल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। एसएचओ तहसीलदार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमन, रेखा, गरिमा, गंजे, विक्रम, बज्जात व बज्जात की पत्नी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## ट्रैक्टर मालिक को मिला स्कूटी का चालान

**महराजगंज (बस्ती)।** ट्रैक्टर व संतकबीरनगर में स्कूटी पर एक ही नंबर प्लेट लगा है। बुधवार को खलीलाबाद में स्कूटी का चालान कटा तो उसका मैसेज हर्रैया क्षेत्र के त्रिलोकपुर तिवारी के रमावती पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद तिवारी के मोबाइल पर आया।जांच करवाई तो पता चला कि यह चालान संतकबीरनगर के सरौली खलीलाबाद में बगैर हेलमेट को लेकर 16 अगस्त को काटा गया है। जबकि उसी नंबर का रमावती का ट्रैक्टर उनके आवास पर खड़ा है। ट्रैक्टर स्वामिनी रमावती ने बताया कि वह किसान है। 19 सितंबर को उनके मोबाइल पर चालान काटे जाने का मैसेज आया है। संवाद

## खाद के गड्ढे की जमीन से कब्जा हटाने की मांग

**पैकोलिया।** ग्राम पंचायत सेमरा के प्रधान सुनील ने एसडीएम हर्रैया को शिकायती पत्र देकर बताया कि पंचायत के गाटा संख्या 26/0.023 हेक्टेयर जमीन खाद गड्ढा के रूप में अभिलेख में दर्ज है। लेकिन, इस पर गांव के ही एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। उन्हें जनहित में जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि लेखपाल को जमीन की पैमाइश कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए हैं। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

**कप्तानगंज (बस्ती)।** कप्तानगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी युवक शादी का झांसा देकर युवती के साथ रहता था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस आरेपी को खोज रही थी।

पुलिस के अनुसार, कप्तानगंज क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का गौर क्षेत्र के युवक से प्रेम संबंध था। युवती के मुताबिक, युवक उसे शादी का झांसा देकर उसे बस्ती शहर में लिव इन रिलेशनशिप में रखा था। डेढ़ साल तक वह शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। जब उसने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया और मारपीट कर वह धमकी देता रहा। पीड़िता ने मामले की शिकायत कप्तानगंज थाने में की। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक अगस्त में आरोपी युवक सहित परिवार के अन्य लोगों पर केस दर्ज किया था। शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक श्रवण कुमार यादव निवासी साड़ी हिच्छा थाना गौर जिला बस्ती को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने गोवध के मामले में अज्ञात शख्स पर केस दर्ज किया है। बटेला निवासी अजीत गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार को वह घास लेने सुबह करीब 9:30 बजे रेलवे लाइन के पास खेत में गए थे।

वहां एक व्यक्ति काले रंग के बछड़े को क्रूरता पूर्वक रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी में बांधते हुए दिखा। वह उसका वध करने के लिए किसी व्यक्ति को बुला रहा था। नजदीक पहुंचने पर वह भाग गया। अजीत ने बंधे बछड़े को खोला दिया।

मौके पर चाकू, तराजू, बांट, पन्नी, रस्सी और जानवर का अवशेष पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मिले सामान को कब्जे में ले लिया। प्रकरण में अज्ञात शख्स पर गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

# शिक्षक पर छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

## अदालत के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने दर्ज किया केस

**बस्ती।** प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। हर्रैया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सहायक अध्यापक पर केस दर्ज किया है। घटना की जांच सीओ हर्रैया को सौंपी गई है।

हर्रैया क्षेत्र की रहने वाली 10 वर्षीय बालिका गांव के प्राइमरी स्कूल में पढ़ती है। छात्रा की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बेटी नौ मई स्कूल गई थी। स्कूल में सहायक अध्यापक विजय उसे बहला-फुसलाकर एक कक्ष में साफ-सफाई कराने के बहाने ले गए।

कमरे में बेटी को अकेला पाकर अध्यापक उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। विरोध करते हुए बेटी चिल्लाने लगी तो वह कमरे में उसे छोड़कर भाग गए। घर आकर बेटी ने आपबीती परिजनों से बताई।

जानकारी होने पर बेटा इसकी उलाहना देने अध्यापक के पास गया तो उसे जातिसूचक व अपशब्द कहते हुए अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना में करीब चार माह बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## जांच आख्या की गुणवत्ता का भी ध्यान रखें उच्चाधिकारी : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सदर तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम रवीश गुप्ता फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें। इसमें अनावश्यक लापरवाही न करें। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीएम ने कहा कि अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण का समय-समय पर गुणवत्ता आख्या उच्चाधिकारियों भेजते रहें। इसमें किसी भी स्तर पर गुणवत्ता आख्या ठीक न मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम शत्रुहन पाठक ने बताया कि कुल 68 मामले आए थे। 10 का मौके पर निस्तारित किया गया। शेष में टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एएसपी ओम प्रकाश सिंह, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय सिंह, डीपीआरओ रतन कुमार, डीएसओ सत्यवीर सिंह, सीबीओ राजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



भानपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं बताते क्षेत्र के लोग। संवाद

भानपुर संवाद के अनुसार, संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कुल 26 मामले आए। महज चार का ही निस्तारण हो पाया। बनवधिया निवासी गिरीश चंद्र पांडेय ने सड़क पर कब्जा करने को लेकर शिकायत की। थुम्हवा पांडेय गांव की लक्ष्मी ने आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। दोनों मामलों में एडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

भाकियू (टिकैत गुट) के तहसील अध्यक्ष श्याम नरायन सिंह ने एडीएम को प्रार्थनापत्र देकर सीएचसी में एक ही चिकित्सक की तैनाती है। इससे लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेने के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। एडीएम ने बताया कि सीएमओ को चिकित्सकों की तैनाती के लिए अवगत करा दिया गया है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# संपूर्ण समाधान दिवस : कमिश्नर, आईजी, डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते कमिश्नर व आईजी, फरियाद सुनते जिलाधिकारी, एसपी, फरियादियों की भीड़ व समाधान दिवस में शिकायत सुनते सीडीओ। -फोटो : एसएनबी

**बांसी(एसएनबी)।** स्थानीय तहसील पर मंडलायुक्त व पुलिस-महानिरीक्षक की सह अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पेश हुए मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्तीअखिलेश कुमार सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 33 मामले प्रस्तुत हुए। मंडलायुक्त अखिलेश कुमार ने पूर्व समाधान दिवस में आए मामलों की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया। मौके पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग से संबंधित मामलों को पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सुनवाई की गई।

पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित कराएं। मौके पर, क्षेत्राधिकारी बांसी , एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, तहसीलदार बांसी पियुष श्रीवास्तव,नायब तहसीलदार अमित सिंह, विंद्रेश गुप्ता, सभी खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष के अलावा अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

**डुमरियागंज कार्यालय के अनुसार** डुमरियागंज तहसील में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ जुटी रही।

तहसील डुमरियागंज में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 165 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-80, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 25, विकास 18, अन्य 42 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 9, पुलिस 1, विकास 1 व अन्य विभाग के 1 कुल 12 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, डीपीआरओ पवन कुमार, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**जुटी फरियादियों की भारी भीड़**

**इटवा कार्यालय के अनुसार** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का न्यायोचित एवं पारदर्शिता पूर्वक तथा समयबद्ध निस्तारण करना अनिवार्य है। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त जानकारी मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने इटवा तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा एक ही छत के नीचे आम जनता को न्याय दिलाने के लिए माह के पहले एवं तीसरे शनिवार को सभी तहसीलों पर समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाने की कार्यवाही करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। यदि किसी का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही' की जायेगी। शिकायती प्रार्थना पत्रों को एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही करें। पिछले समाधान दिवस की समीक्षा करके उन्होंने लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कुल 27 मामले आये। जिसमे सर्वाधिक 14 शिकायतें राजस्व विभाग की थी। इसके अलावा पुलिस की 2 तथा विकास का 3 व आपूर्ति विभाग का 1, नगर पंचायत का तीन शिकायत इसमें शामिल है। प्राप्त शिकायतों में से एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया है। सभी मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का सीडीओ ने निर्देश दिया है। राजस्व इसमें एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य, तहसीलदार देवेन्द्र मनि त्रिपाठी, सीएचसी इटवा के अधीक्षक डा.संदीप कुमार द्विवेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा महेन्द्र कुमार तथा खुनियांव ओम प्रकाश मिश्र सहित कई विभागों व तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी व तहसील के राजस्व निरीक्षक के तथा लेखपालगण उपस्थित रहे।

**बानगंगा प्रतिनिधि के अनुसार** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस शोहरतगढ़ तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर उमाशंकर की अध्यक्षता में हुआ आयोजन। शोहरतगढ़ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 मामले आये राजस्व 28, आपूर्ति 2, पुलिस 3, विकास खण्ड-3 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व दो का निस्तारण कर दिया गया इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, एसडीएम चंद्र भान सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, बीडीओ यशोवर्धन सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

## डुमरियागंज तहसील सभागार में समाधान दिवस पर डीएम के समक्ष आए 165 मामले, पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

# फरियादियों को चक्कर लगवाने वाले अफसर नपेंगे

**बोले डीएम**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। डुमरियागंज तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम डॉ. राजागणपति आर के सामने 165 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। मौके पर पांच मामलों का निस्तारण हुआ। शेष को समय से निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। बांसी तहसील सभागार में मंडलायुक्त अखिलेश सिंह और आइजी आरके भारद्वाज ने पीड़ितों की सुनवाई की।

डुमरियागंज तहसील में जनसुनवाई करते हुए डीएम ने कहा कि फरियादियों को सरकारी कार्यालयों का बेवजह चक्कर लगवाने वाले जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। संपूर्ण समाधान दिवस समापन के बाद डीएम जब बाहर निकले तो डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के रमवापुर कोहलचक बड़हरा गांव की करीब दर्जन भर महिलाएं अपनी दुखड़ा सुनाने के लिए खड़ी हो गईं। बाढ़ से कटान को लेकर महिलाओं ने डीएम को समस्या बताई। साथ ही मौका मुआयना करने के लिए अपील करने लगी।



डुमरियागंज तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम डॉ. राजा गणपति आर व एसपी प्राची सिंह । • हिन्दुस्तान

### मंडलायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

बांसी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज की उपस्थिति में जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते हुए समय से निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, सीओ मयंक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### 27 मामले आए, निदान एक का भी नहीं

इटवा। इटवा तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गांवों से आए 27 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। इसमें से मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य, तहसीलदार देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस का कोई भी प्रकरण न रहे लंबित:** शोहरतगढ़ तहसील सभागार में एडीएम उमाशंकर ने 36 फरियादियों की फरियाद सुनीं। मौके पर दो मामलों का निस्तारण हुआ। एडीएम ने अफसरों से कहा कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रभान सिंह, तहसीलदार अजय कुमार मौजूद रहे।

## डीएम साहब ! भू-माफिया से हम लोगों को बचाएं...

डुमरियागंज। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के हल्लौर सहित अन्य गांव के शिकायतकर्ता निहाल अहमद, महताब अहमद, हेलाल हैदर, इंतजार मेहंदी, मुर्तजा खान, जफर अब्बास, अंजुम जरीन, अरमान हैदर, मेहताब हैदर आदि समाधान दिवस पर डीएम के आने से पहले तहसील में हाथ में तख्ती लिए कतारबद्ध खड़े थे। उन्होंने कहा कि डीएम साहब भूमाफिया से हम लोगों को बचाएं। शिकायतकर्ताओं ने भटंगवा गांव निवासी एक व्यक्ति पर जमीन हेराफेरी आरोप लगाते हुए उसे भूमाफिया बताया। उन्होंने डीएम से न्याय की गुहार लगाई। वहीं एक अन्य शिकायतकर्ता सर्वेंद्र राम त्रिपाठी गले में तख्ती लटकाए डीएम से अपनी पत्नी (लिपिक) को न्याय दिलाने की मांग की।

मकान खाली करवा दीजिए साहब

बैदौला निवासी अनूप सोनी ने अपने मकान को विपक्षी के कब्जे से खाली करवाने के बाबत प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसके मकान पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है।

मरियागंज कस्बे के वार्ड नंबर चार रामनगर बनगांव बाईं निवासी महेंद्र चौरसिया ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके यहां ग्राम समाज की जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण किया जा रहा है। इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।



शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कागज पर लिखी तख्ती को लेकर खड़े शिकायतकर्ता। • हिन्दुस्तान

# आरोपी को एक साल नौ माह की सजा

सिद्धार्थनगर। एडीजे प्रथम मोहम्मद रफी ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को एक साल नौ माह की सजा शनिवार को सुनाई। आरोपी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पचमोहनी निवाससी मुकेश पुत्र सिताबी के खिलाफ 2022 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। एडीजे प्रथम मोहम्मद रफी ने इस मामले की सुनवाई के बाद शनिवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी को एक साल नौ माह की सजा सुनाई। उन्होंने आरोपी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासन की ओर से पैरवी अभियोजक रामसूरत यादव ने की।

# दुर्गा पूजा से पहले सीमा पर बढ़ी..बकरों की तस्करी

## नेपाल में दशहरे पर है बलि देने की प्रभा, बढ़ी मांग का फायदा उठाते हैं तस्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लहसुन और अन्य सामान के साथ ही नेपाल के लिए बकरे की तस्करी होने लगी। तस्कर बकरों को बार्डर पार पहुंचाने के लिए कई प्रयोग कर रहे हैं। इसमें कैरियर के माध्यम से कुछ चराने के बहाने बार्डर पार कर दे रहे हैं। तो वहीं पिकअप से भी बार्डर पार पहुंचाया जा रहा है।

इस माह कई बार बकरा पकड़े जाने का मामले सामने आ चुका है। नेपाल से जुड़े लोगों के मुताबिक नेपाल में दशहरा बकरे के बलि की प्रथा है। नेपाल में बकरे का पालन कम होता है। इसलिए भारतीय बाजार से बकरे की डिमांड रहती है। पूजा को देखते हुए मौजूदा समय में तस्करी बढ़ी है। मोटी कमाई के चक्कर में तस्कर बकरे की तस्करी कर रहे हैं।

नेपाल सीमा पर तस्कर नहीं रुक नहीं रही है, कभी तस्कर नेपाल सीमा



एसएसबी की गिरफ्त में पिकअप में लदे हुए बकरे। स्रोत एसएसबी

इधर लाते हैं। वहीं, नेपाल में वस्तुओं की कीमत बढ़ने के बाद उस सामान की तस्कर बढ़ जाती है। मौजूदा समय में सीमा पर बकरे की तस्करी बढ़ी है। इसी बीच एक बार पिकअप से बकरे पकड़े गए, जबकि दोबार पांच से आठ बकरे चराते हुए सीमा पार करने की कोशिश में पकड़े जा चुके हैं।

### प्रसाद के रूप में होता है वितरण

नेपाल के निवासी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि दुर्गा पूजा और दशहरा का विशेष महत्व है। इसमें मनौती के रूप में लोग देवी मां को प्रसन्न करने के लिए बलि देते हैं। जिसकी जैसी क्षमता होती है, उतने का बकरा खरीदता है। बली के बाद प्रसाद के रूप में पड़ोस के लोगों में वितरण करते हैं और सब लोग खाते हैं। देवी मां मनौती पूरी भी करती हैं।

### एक बकरे में कम से कम ढाई से तीन हजार रुपये मुनाफा इसलिए होती है तस्करी

एकाएक सीमा पर बकरा तस्करी होने के कारण की जानकारी ली गई तो कई बात सामने आई। नेपाल के मरजादपुर में मीट बेचने वाले रउफ ने बताया कि बकरी पालन यहां वैसे भी बहुत कम होता है। मौजूदा समय में बकरे की तस्करी इसलिए हो रही है कि नेपाल में दशहरा पर बलि देने और उसका प्रसाद वितरण करने की प्रथा है। इसीलिए पितर पक्ष में ही लोग बकरे को खरीद लेते हैं और उसके खिलाते हैं। इसके बाद नौ दिन पूजन के बाद बलि होती है।

दुकानदार ने बताया कि यहां मीट के भाव में काफी अंतर है। भारतीय दर से 900-1000 रुपये किलो बकरा का मीट बिक रहा है। वहीं, सिद्धार्थनगर मीट कारोबारी अकबर अली के मुताबिक यहां पर मीट की कीमत 600 रुपये किलो है। तस्कर इस चार रुपये किलो को एक खड़े बकरे के रूप में तब्दील कर लेते हैं।

वजन का अनुमान लगाने के साथ ही एक बकरे में 1500- 2500 रुपये मुनाफा कमा रहे हैं। इस संबंध में सीओ सदर अरुण कांत सिंह ने बताया कि सीमावर्ती थानों को पुलिस अलर्ट है। नियमित जांच और चेकिंग करती है और कार्रवाई की जाती है।

### तस्करी के कारण

नेपाल में मधेस को छोड़ दिया जाए तो पहाड़ी इलाके में बकरी पालन बहुत कम होता है। जबकि ठंडी होने के कारण मांस लोगों का खाना मजबूरी है। इसलिए मांस की डिमांड रहती है। उसकी पूर्ति तस्करी और अन्य माध्यम होता है। नेपाल से मिली जानकारी के मुताबिक इधर से जाने वाले बकरे कानपुर, बहराइच और गोंडा जनपद की मंडी से लाया जाता है। तस्करों का बार्डर पर नेटवर्क सेट रहता है। बार्डर परआपूर्ति दी जाती है। इसके बाद नेपाल के कारोबारी, भैरहवा, बुटवल सहित अन्य बाजार में लेकर जाकर कुछ चुनिंदा दुकानदारों और बाजारों में बिक्री करते हैं। चार दिन पहले बार्डर पर पिकअप में लदा हुआ 27 बकरा पकड़ा गया था। इसके अलावा इसी माह सीमा पर दो बार में पांच और सात बकरा दो बार में पकड़ा गया था। तस्कर भागने में कामयाब हो गए थे।

# दुष्कर्म मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

शोहरतगढ़। ढेबरुआ पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर छह पश्चिम पोखरा निवासी शमशाद अली पुत्र अख्तर अली पर धारा 74/78(2)/352 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था। तब से वह फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। टीम में एसआई जयप्रकाश पाण्डेय, आरक्षी राजू प्रसाद शामिल रहे।

## बढ़नी कस्बे से सटे नेपाल के कृष्णानगर में हुई गिरफ्तारी

# नेपाल में हथियार के साथ दो भारतीय हुए गिरफ्तार

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। बढ़नी कस्बे से सटे नेपाल के गणेशपुर चौक में शनिवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान वहां पुलिस ने दो भारतीय नागरिकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस ने उनके पास से एक रिवाल्वर व पांच कारतूस तथा प्रतिबंधित दवाएं बरामद की है।

नेपाल स्थित कृष्णनगर के डिप्टी एसपी हरि बहादुर वली ने बताया कि शनिवार को चंद्रौटा से आ रहे वाहनों की नगर पालिका-8 सैनो गणेशपुर चौक में पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने एक वाहन को रोका तो उसमें दो भारतीय सवार थे। पूछताछ में मालूम हुआ कि एक का नाम प्रीतम कुमार है और वह उत्तर प्रदेश के बस्ती जिला स्थित पिपरा गौतम फकीरा जनूबी का निवासी है। वाहन में पीछे बैठे व्यक्ति ने बताया कि उसका नाम सूरज द्विवेदी है और वह भी बस्ती जिले के ही देवापार हरनखा का निवासी है।

डिप्टी एसपी ने बताया कि पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके पास से कानपुर लिखा पांच कारतूस, एक रिवाल्वर और एक खोखा बरामद हुआ। इसके अलावा उनके पास से नेपाल में प्रतिबंधित इंजेक्शन व कुछ दवाएं भी बरामद हुईं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।



बढ़नी कस्बे से सटे नेपाल के कृष्णानगर के गणेश चौक से हथियार के साथ पकड़े गए दोनों भारतीय।

### कहां से लाए रिवाल्वर, पुलिस कर रही पूछताछ

नेपाल में पकड़े गए दोनों आरोपियों से पुलिस यह पता कर रही है कि उनके पास रिवाल्वर कहां से आया। क्या व इंडिया से लेकर नेपाल में आए थे या फिर उन्होंने नेपाल से लिया है। उनका हथियार के साथ नेपाल में आने का क्या मकसद था।

# खेत में मिला नवजात

शोहरतगढ़ : थानाक्षेत्र के हलौरा-मोहनकोला मार्ग पर गौशाला के आगे शनिवार की सुबह धान के खेत में एक नवजात शिशु मिला। गांव वालों ने 112 पर फोन से सूचना दी। इसके बाद नवजात को सीएचसी शोहरतगढ़ भेजा गया। जहां गहन चिकित्सा कक्ष में उक्त नवजात का उपचार किया जा रहा है।

सुबह करीब पांच बजे गांव वाले खेत की तरफ जा रहे थे तो बच्चे के रोने की आवाज सुन पास में गए देखा कि नवजात रो रहा है, देखने में लग रहा था कि कुछ ही घंटे पहले पैदा हुआ है। जो यहीं पर किसी ने फेंक दिया। चिकित्सक राकेश मौर्या ने कहा कि शिशु का उपचार चल रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मूर्ति क्षतिग्रस्त

खेसरहा : बांसी कोतवाली के पिपरा फरदंग गांव स्थित समय माता मंदिर में स्थापित शनिदेव की मूर्ति संदिग्ध परिस्थितियों में क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन की भांति दुर्गवा गांव निवासी हरिनाथ माली सुबह मंदिर की सफाई के लिए गए। उन्होंने शनिदेव के मूर्ति का एक हाथ टूटा देखा। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान आशुतोष पांडेय को दी। इस दौरान ग्रामीण की भीड़ भी एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। एसएचओ बांसी रामकृपाल शुक्ला ने बताया कि प्रधान ने सूचना दी। मूर्ति को देखने के बाद प्रतीत होता है कि इसे किसी व्यक्ति ने नहीं तोड़ा है।

# नेपाल में रिवाल्वर व छह कारतूस के साथ दो भारतीय पकड़े गए

जागरण संवाददाता, बढ़नी : नेपाल के सीमावर्ती कपिलवस्तु जिले की पुलिस ने एक रिवाल्वर व छह कारतुस के साथ दो भारतीयों को पकड़ा है। छह कारतूसों में एक खाली है। रिवाल्वर के साथ पकड़े गए दोनों भारतीय नेपाल में कपिलवस्तु जिले के चंद्रौटा से कृष्णानगर बार्डर की तरफ आ रहे थे। इनकी पहचान प्रीतम कुमार निवासी ग्राम पिकौरा जुनूबी, पिपरा गौतम, महसो थाना लालगंज जिला बस्ती तथा सुरज द्विवेदी निवासी ग्राम हरनखा देवापार, थाना नगर जिला बस्ती के रूप में हुई है।

जिला प्रहरी कार्यालय कपिलवस्तु के डीएसपी व सूचना अधिकारी हरि बहादुर वली ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े छह बजे कपिलवस्तु जिले के बहादुरगंज थाने की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग कर रही थी। कृष्णानगर नगरपालिका वार्ड नंबर आठ छोटा गणेशपुर चौक पर चंद्रौटा से कृष्णानगर बार्डर की ओर आ रही एक बाइक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो पीछे बैठे सूरज द्विवेदी द्वारा कमर में छिपाकर लाया जा रहा मेड इन कानपुर लिखा पांच राउंड लोडेड रिवाल्वर, गोली का एक खोखा, तीन मोबाइल फोन बरामद किया। नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाला तीन फेनरामाइन इंजेक्शन, एक पत्ता एंबुलेक्स, दो सीरिंज सहित कई अन्य दवाओं के खाली पत्ते भी बरामद किए गए। कपिलवस्तु पुलिस दोनों को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। नवरत्न पौडेल, एसपी, कपिलवस्तु ने बताया कि अवैध रिवाल्वर के साथ दो भारतीयों को पकड़ा गया है। रिवाल्वर पर मेड इन कानपुर लिखा हुआ है। वह चंद्रौटा से कृष्णानगर की तरह ले जा रहा था।



बरामद रिवाल्वर • सौ.इंटरनेट मीडिया

# पति की मृत्यु के सदमे से बाहर नहीं निकल पा रही पीड़िता

**एंबुलेंस कांड**

जागरण संवाददाता, सकारपार : लखनऊ से पति का इलाज करवाकर घर लौट रही महिला के साथ बीते 29 अगस्त को एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश हुई। उसने विरोध किया तो एंबुलेंस चालक व उसके सहयोगी ने महिला को एंबुलेंस से नीचे उतार दिया। इससे पीड़िता के पति की मौत हो गई। बीते चार सितंबर को लखनऊ के गाजीपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया। इस प्रकरण में दोनों आरोपित जेल में हैं। घटना को 23 दिन बीते गए हैं, लेकिन अभी तक पीड़िता सदमे से उबर नहीं पा रही है। लगातार सदमे से पीड़िता की तबीयत भी नहीं ठीक हो पा रही है। शुक्रवार की रात उसे अचानक घबराहट होने लगा, लेकिन कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो गई।

बांसी कोतवाली क्षेत्र की इस महिला की पति के ब्रह्मभोज के पहले भी उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी तो स्वजन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के बाद पीड़िता को कुछ आराम हुआ। चिकित्सकों की सलाह के अनुसार परिवारवाले पीड़िता को घर लेकर चले आये थे, लेकिन घर पर आने के बाद भी बीच में सोच-सोच कर अचानक कई बार पीड़िता की तबीयत खराब हो जा रही है। बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डा आरके सिंह ने बताया कि सदमे की हालत में आने के बाद अक्सर लोगों को कई प्रकार की परेशानियां महसूस होने लगती है। जबकि ऐसे लोगों का यदि जांच परीक्षण किया जाए तो अक्सर रिपोर्ट में कुछ नहीं निकलता है।

सदमे में आने के बाद अक्सर मरीज सोचता रहता है। जिससे मरीज को कई प्रकार की परेशानियां होने लगती है, जबकि मरीज को ऐसी किसी प्रकार की बीमारी नहीं रहती है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे मरीज सदमे से बाहर आता है, वैसे-वैसे यह सब परेशानियां दूर दूर हो जाती है।

# तहसील पहुंचे ग्रामीण बोले–अब आश्वासन नहीं, समस्याओं का समाधान चाहिए

## डुमरियागंज में कुल 165 मामले आये, 12 का मौके पर निस्तारण किए गए, डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ डुमरियागंज में संपूर्ण समाधान दिवस

अमर उजाला टीम, सिद्धार्थनगर : राप्ती की कटान से भयभीत डुमरियागंज तहसील के रमवापुर उर्फ नेबुआ के टोला पड़रा के 160 ग्रामीण शनिवार को जिलाधिकारी से मिलकर अपनी व्यथा कही। उन्होंने बताया कि गांव के बगल से बहने वाली राप्ती कटान करते हुए मुख्य संपर्क मार्ग तक पहुंच गयी है। गांव पहले राप्ती से 500 मीटर की दूरी पर था। कटान के चलते यह दूरी घटकर 50 मीटर हो गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कहा कि स्थानीय प्रशासन से वह करीब एक वर्ष से अपनी समस्या बता रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सही-सही उम्मीद अब जिलाधिकारी से ही है। उन्होंने ध्यान नहीं दिया तो यह गांव राप्ती में विलीन हो जाएगा।



फरियाद सुनते जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. मध्य में • अमर उजाला

डुमरियागंज संवाददाता के अनुसार ग्रामीण शनिवार को जिलाधिकारी से डुमरियागंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मिले। यहां गांव के अखिलेश कुमार, विकास, प्रमिला, श्यामदुलारी, दिनेश, ओमप्रकाश व अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को गांव की समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने इसे गंभीरता से लिया। सभी की समस्याएं सुनने के बाद वह सीधे पड़रा गांव पहुंचे। मार्ग उच्चीकरण के लिए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डुमरियागंज महेश श्रीवास्तव व सहायक अभियंता सिंचाई आलोक भारती को निर्देशित किया। मार्ग का उच्चीकरण किया जाए और उन्हें इसकी रिपोर्ट भेजी जाए।

बांसी में मंडलायुक्त व आईजी ने सुनी फरियाद मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने शनिवार को बांसी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। मंडलायुक्त ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और समय से निस्तारण कराया जाए।

### पत्नी का हो रहा मानसिक

नगर पालिका सिद्धार्थनगर के जगदीशपुर खुर्द के सतेन्द्र राम त्रिपाठी ने बताया कि उनकी पत्नी जिले के एक इंटर कालेज में लिपिक के पद पर तैनात है। उन्होंने विद्यालय का ही एक कर्मी उनकी पत्नी का मानसिक व आर्थिक शोषण करता है।



सतेन्द्र

जिलाधिकारी ने समस्या समाधान कराने की बात कही।

### गांव के लोगों ने पाट दी नाली

मधुकरपुर चौक के सतेन्द्र राम त्रिपाठी के गांव के कुछ लोगों के द्वारा नाली पाटने का मामला लेकर आए थे। उपजिलाधिकारी से समस्या समाधान को कहा। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती पत्रों को तीन दिन में निस्तारण की कार्यवाई विभाग के अधिकारियों को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।



सतेन्द्र राम त्रिपाठी

### राजस्व विभाग के रहे सर्वाधिक मामले

डुमरियागंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में 165 मामले आए। इसमें राजस्व के 80, विकास के 18, पुलिस के 25 व अन्य 42 शामिल हैं। राजस्व के 9, विकास का एक, पुलिस का एक व अन्य का एक कुल 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

समाधान दिवस में एसपी प्राची सिंह, सीएमओ डा. रजत कुमार चौरसिया, सीडीओ नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, डीडीआरओ पवन कुमार, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, बीडीओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

**यहां आए इतने मामले**

| तहसील | मामले | निस्तारण |
| --- | --- | --- |
| शोहरतगढ़ | 36 | 2 |
| इटवा | 27 | 0 |
| नौगढ़ | 67 | 5 |
| बांसी | 36 | 3 |

# मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त हुई

खेसरहा। पिपरा फरदंग गांव स्थित समय माता के स्थान पर स्थापित एक मूर्ति को शुक्रवार रात किसी ने खंडित कर दी। दुर्गवा गांव निवासी हरिनाथ माली शनिवार सुबह मंदिर की सफाई के लिए गए थे। वहां एक मूर्ति खंडित देखा। इसकी सूचना प्रधान आशुतोष पांडेय को दी। कोतवाल बांसी रामकृपाल शुक्ला ने कहा कि मूर्ति को किसी ने नहीं तोड़ा है। लगता है कि किसी पशु के कारण मूर्ति क्षतिग्रस्त हुई है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सिद्धार्थनगर। नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को ढेबरुआ पुलिस ने शनिवार को दबोच लिया। उसकी पहचान शमशाद अली निवासी वार्ड नंबर छह पश्चिम पोखरा बढ़नी थाना ढेबरुआ हुई है। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी एसओ संतोष कुमार सिंह ने दी है। संवाद

# मादक पदार्थ रखने के दोषी को सजा

अदालत से

सिद्धार्थनगर। मादक पदार्थ के मामले में न्यायाधीश मो. रफी, न्यायालय एडीजे प्रथम ने दोषी करार देते हुए एक वर्ष नौ माह के कारावास की सजा सुनाई है।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना गोल्हौरा पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मो. रफी, न्यायालय एडीजे प्रथम सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त मुकेश निवासी पंचमोहनी थाना गोल्हौरा को एक वर्ष नौ माह के कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पंकज कुमार थाना गोल्हौरा का योगदान रहा। संवाद

# एंबुलेंस में दरिंदगी की कोशिश से सहमी पीड़िता अब अवसाद में

संवाद न्यूज एजेंसी

**29 अगस्त को लखनऊ से घर लौटते समय एंबुलेंस वालों ने की घटना**

सक्सरपार। 29 अगस्त को अपने पति का इलाज करवा के लखनऊ से घर लौट रही महिला के साथ एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश के बाद पीड़िता के पति की मौत हो गई थी, जिसके बाद से अक्सर सदमे की हालत में रहने से पीड़िता की तबियत बिगड़ती रहती है।

पति की मौत और एंबुलेंस वालों की घिनौनी करतूत को याद कर पीड़िता आज भी सिहर जाती है। यही कारण है कि अक्सर पीड़िता की सेहत बिगड़ जाती है। फिलहाल पति के ब्रह्मभोज के पहले पीड़िता की तबियत अचानक अधिक खराब हो गई थी तो परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी में भर्ती करवाया था।

जहां चिकित्सकीय इलाज के बाद पीड़िता को कुछ आराम महसूस हुआ। तो डॉक्टर के सलाह के अनुसार परिवार वाले पीड़िता को घर लेकर चले आये थे। घर पर भी बीच में कई बार पीड़िता की सेहत बिगड़ी तो घर के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोनहाडीह के चिकित्सकों ने पीड़िता के घर पहुंच कर इलाज किया। लेकिन बीते घटनाक्रम को सोचकर पीड़िता सदमे में आ जाती है और अचानक उसकी तबियत फिर से खराब हो जाती है।

बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि सदमे की हालत में आने के बाद अक्सर लोगों को कई प्रकार की परेशानियां महसूस होने लगती हैं। जबकि ऐसे लोगों का यदि जांच परीक्षण हो तो अक्सर रिपोर्ट में कुछ नहीं निकलता है।

सदमे की हालत में आने के बाद अक्सर मरीज सोचता रहता है, जिससे मरीज का ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। तो कभी हाथ पांव में झनझनाहट होने लगता हैं। कभी कभी मरीज को रात में नींद भी नहीं आती हैं, जबकि मरीज को ऐसी किसी प्रकार की बीमारी नहीं रहती है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

## समाधान दिवस

# खलीलाबाद में 67 में एक व मेंहदावल में 41 में महज तीन मामले निस्तारित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील खलीलाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी शैलेश कुमार दूबे व पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान की उपस्थिति में संपन्न हुई। अधिकारीद्वय ने विभिन्न मामलों से संबंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, जमीन की पैमाइश, अतिक्रमण, वरासत एवं खतौनी में सभी प्रकार की त्रुटियों से संबंधित शिकायतों को गंभीरतापूर्वक संबंधित कर्मचारी के साथ मौके की जांच कर एवं उभयपक्षों की बात को सुनते हुए नियमानुसार निस्तारित कराया जाय। तहसील खलीलाबाद में कुल 67 प्रार्थना पत्र आये जिनमें से मौके पर 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को उप जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कन्नौजिया, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, तहसीलदार जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं राजस्व निरीक्षक/लेखपाल व फरियादी उपस्थित रहे। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सीडीओ ने विभिन्न मामलों से संबंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील मेंहदावल में कुल 41 प्रार्थना पत्र आये जिनमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलंब निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित तहसील से संबंधित राजस्व अधिकारी/कर्मचारी एवं लेखपाल उपस्थित रहे।





खलीलाबाद मे फरियादियों की समस्याएं सुनते एसडीएम व मेंहदावल में प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते सीडीओ। फोटो : एसएनबी

# 153 मामले आए, मौके पर चार का निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के तीनों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 153 मामले आए, लेकिन इनमें से महज चार का ही मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने शेष शिकायत पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा। धनघटा में एडीएम जय प्रकाश और मेंहदावल में सीडीओ जयकेश त्रिपाठी ने सुनवाई की। खलीलाबाद तहसील में एसडीएम शैलेश कुमार दुबे ने सुनवाई की।

धनघटा तहसील में सुनवाई के दौरान एडीएम जय प्रकाश के साथ ही एएसपी सुशील कुमार सिंह भी मौजूद रहे। एडीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान उप जिलाधिकारी धनघटा रमेश चन्द्र, तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



धनघटा तहसील दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते एडीएम व एएसपी।

### मेंहदावल में आए 41 मामले

मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई सीडीओ जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कुल 41 मामलों में से मौके पर तीन मामलों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलम्ब निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। वहीं, खलीलाबाद में आयोजित समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी शैलेश कुमार दूबे व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अजीत चौहान की उपस्थिति में हुई। इस दौरान 67 मामले आए, इसमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया।

## जनसहयोग से 4 कैमरा लगवाया

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत शनिवार को जनसहयोग से 4 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। एसओ जितेंद्र यादव ने कहा कि कैमरा घर ,दुकान और प्रतिष्ठान की रखवाली करता है। किसी तरह की आपराधिक घटना होने पर कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान कर उस तक पहुंचना पुलिस के लिए आसानी होती है। लोगों से अपील किया कि वे अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कैमरें जरुर लगवाएं।

# रात को पलट दी गुमटी, युवक गंभीर

नाथनगर। महुली के ग्राम धांयपोखरा में शुक्रवार की आधी रात को गांव के निकट एक गुमटी को कुछ मनबढ़ों ने पलट दिया जिससे गुमटी में सो रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए निकट के अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के ग्राम धायपोखर निवासी अमित कुमार पुत्र महेंद्र रोज की तरह गांव के उत्तर स्थित प्राइमरी पाठशाला के निकट अपने परचून की दुकान की गुमटी में चोरी की वजह से सो रहा था।

# प्रसव के 4 घंटे बाद प्रसूता की मौत, नवजात सुरक्षित

संतकबीरनगर। धर्मसिंहवा के अमरहा में मायके में आई एक प्रसूता की प्रसव के चार घंटे बाद मौत हो गई। घटना से पीड़ित परिजन गमगीन थे। सूचना पर शनिवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धर्मसिंहवा क्षेत्र के अमरहा गांव निवासी पीड़ित भाई हरेंद्र ने बताया कि उसकी 27 वर्षीय बहन शीलम की शादी बखिरा क्षेत्र के खैरहवा में हुई है। बहनोई भरत रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं। बहन के पास तीन साल का बेटा सुशांत है।

# इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में केस

बखिरा। बखिरा पुलिस ने इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी करके धार्मिक भावना को भड़काने की कोशिश करने के मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। गौरा निवासी एजाज अहमद पुत्र नियाज अहमद का आरोप है कि नगर पंचायत बखिरा के तरकुलवा निवासी सोनू पाल ने अपने इंस्टाग्राम आईडी से एवं एक दूसरे यूजर ने भी अपनी आईडी से अल्लाह और पैगम्बर मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी की है और अपशब्द टिप्पणी की है। जो आपत्तिजनक है।

# धोखे से बुजुर्ग से कराया 6 बिस्वा जमीन बैनामा

धनघटा। क्षेत्र के बालमपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने बुजुर्ग को फुसलाकर उससे निर्धारित भूमि की जगह कम पैसे में ज्यादा बैनामा करवा लिया। जब इसकी जानकारी उसकी बेटी को हुई तो अपने पिता को लेकर एसडीएम के पास पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पत्र में रुक्मणी पुत्री हरिवंश निवासी लहुरेगांव का आरोप है कि वह अपने पिता के साथ बालमपुर में रहकर उनका सेवा सत्कार करती है। गांव का एक व्यक्ति प्रार्थी के पिता हरिवंश को 12 सितंबर को बहला-फुसला कर रजिस्ट्री कार्यालय पर ले आया 1,10,000 प्रति बिस्वा की दर से जमीन तय कर मात्र 20 हजार रुपए उन्हें देकर छह बिस्वा तीन धुर भूमि बैनामा करा लिया।

# अवैध खनन के आरोप में सात ट्रैक्टर-ट्राली सीज

सेमरियावां। प्रशासन ने शनिवार को अवैध खनन के आरोप में बड़ी कार्रवाई की। छितरापार में अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार मेंहदावल गौरव कुमार और दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में संययुक्त टीम ने छापा मारा। अवैध खनन कर रहे सात ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर सीज करने की कार्रवाई की।

# दहेज हत्यारोपी पति को हुई सात वर्ष की कारावास

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। दहेज हत्यारोपी पति को दोषसिद्ध करार देते हुए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पति मनीष मिश्र उर्फ दिलीप मिश्र पर सजा के अतिरिक्त विभिन्न धाराओं में तीन हजार रुपए का अर्थदण्ड का भी फैसला सुनाया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी पति को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अच्युतानंद शुक्ल ने बताया कि मामला जिले के कोतवाली खलीलाबाद के शहर क्षेत्र के मोहल्ला बंजरिया का है। प्रकरण में मृतका के पिता राम कवल मिश्र पुत्र राम आसरे मिश्र रामपुर थाना कलवारी जनपद बस्ती ने अभियोग पंजीकृत कराया था । आरोप था कि उन्होंने अपनी पुत्री की शादी मनीष मिश्र उर्फ दिलीप मिश्र पुत्र ज्वाला प्रसाद मिश्र मोहल्ला बंजरिया थाना कोतवाली खलीलाबाद संग 29 मई 2010 को की थी। 27 जुलाई 2012 को चारों लोग खाद्य पदार्थ में जहर मिलाकर दे दिए। जिससे 28 जुलाई को मेडिकल कॉलेज में उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत करके विवेचना के पश्चात आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

## अध्यक्ष, महामंत्री समेत तीन पदों पर होगा चुनाव, किसी ने नहीं लिया नाम वापस

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। जनपद बार एसोसिएशन के चुनाव में नामांकन वापसी के दिन किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस न लेने के चलते चुनावी परिदृश्य पूरी तरह से साफ हो गया। अध्यक्ष व महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव होगा। जबकि कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष दो पद पर तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद का निर्विरोध निर्वाचन हो गया। अध्यक्ष, महामंत्री पद पर पंचकोणीय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला होगा।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जुम्मन खां, सदस्य दिनेश चन्द्र राय व चुनाव सहायक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि वापसी के दिन शनिवार को किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। नामांकन वापस न लेने के कारण तीन पदों अध्यक्ष, महामंत्री व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा।

चुनाव में विभिन्न पदों के लिए नामांकन करने वाले 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें से पांच प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए तथा पांच प्रत्याशी महामंत्री पद के लिए चुनावी समर में ताल ठोंक रहे हैं। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

# एमवी एक्ट में 59 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 59 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 74,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अवैध मिट्टी खनन कर रही सात ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

## बेलहर क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही थी खनन, नायब तहसीलदार ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। क्षेत्र के कई गांवों में एक सप्ताह से अवैध मिट्टी खनन चल रहा था। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने इसकी शिकायत एसडीएम मेंहदावल सहित जिलाधिकारी से की। जिस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को जांच के लिए भेजा। नायब तहसीलदार ने मौके से सात ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज किया है।



बेलहर क्षेत्र धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन चल रहा है। संवाद

ग्रामीणों ने बताया कि खनन माफियाओं ने कुछ काश्तकारों और दलालों से मिलकर मिट्टी खोदाई शुरू कर दी। इससे उन खेतों से सटे काश्तकारों का भारी नुकसान हो रहा है। खेत की मिट्टी टूटकर गड्ढे में गिरती है और किसान उसे सहेजने में परेशान हो जाता है।

बेलहर और दुधारा क्षेत्र स्थित जेसीबी मालिक खोदाई करवा रहा है। विरोध करने पर धमकी देता है। इसकी शिकायत एसडीएम मेंहदावल सहित जिलाधिकारी से की गई, जिस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार गौरव कुमार को जांच के लिए भेजा। नायब तहसीलदार ने मौके से सात ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दुधारा थाने पर भेज दिया है।

# रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए सीओ ने की बैठक



रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर खलीलाबाद कोतवाली में बैठक करते अधिकारी• जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अनेक स्थानों पर रेलवे ट्रैक पर खंभे, पत्थर आदि रखे मिलने के मामले सामने आने पर पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शनिवार को सीओ ने रेल कर्मियों व रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित गांवों के ग्राम प्रहरियों के साथ खलीलाबाद कोतवाली में बैठक कर सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीओ अजीत चौहान ने ग्राम प्रहरियों व जीआरपी तथा रेलवे पुलिस को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी को हर दिन सक्रिय रहकर रेल ट्रैक पर नजर रखनी होगी। ग्राम प्रहरियों को अपने गांव के सामने से गुजरने वाली रेललाइन तक एक बार अनिवार्य रूप से जाना चाहिए। रेल लाइन पर कोई व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूमता मिले तो इसकी जानकारी तत्काल संबंधित थाने को दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सतत निगरानी से रेल दुर्घटनाओं के कुचक्र को रोका जा सकता है।

# अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप में पति पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : पत्नी की अश्लील फोटो एडिट कर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने के आरोप में गोरखपुर निवासी पति पर पत्नी ने खलीलाबाद के साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।

साइबर थाना प्रभारी आलोक सोनी ने बताया कि धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि नौ जुलाई को उनकी शादी गोरखपुर जनपद के तिवारीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद से ही उनका पति लगातार मानसिक उत्पीड़न करने लगा। जिससे तंग आकर वह अपने मायके चली आई। जिसके बाद उनका पति 19 अगस्त को उनके घर आकर उन्हें ले जाने की बात करने लगा। पूर्व में हुए विवाद के चलते युवती पति के साथ जाने से मना कर दी। पति ने युवती का मोबाइल लेकर चला गया। मोबाइल फोन में मौजूद युवती की फोटो व वीडियो को गलत तरीके से एडिट करके अश्लील बनाकर युवती के परिचितों को भेजकर बदनाम करने लगा। एडिट की हुई युवती की गलत फोटो को इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।

# फरियादियों की पीड़ा सुनकर जिम्मेदारों को दिया गया निर्देश



धनघटा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई करते अधिकारी ● फोटो सूचना विभाग

- संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम, सीडीओ व एसडीएम ने की सुनवाई
- एक सप्ताह के अंदर मामलों को निस्तारित करने का दिया गया निर्देश
- लापरवाही मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** जनपद के तीनों तहसीलों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। पूर्व की तरह इस बार भी फरियादी आए। अधिकारियों ने फरियादियों की पीड़ा सुनकर जिम्मेदारों को मामला अविलंब निस्तारित करने का निर्देश दिया।

धनघटा में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व एएसपी सुशील कुमार सिंह ने सुनवाई की। एडीएम ने प्राप्त शिकायतों को को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर दोनों पक्षों की सुनने के बाद किया जाना चाहिए।

लापरवाही मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर एसडीएम रमेश चंद्र, तहसीलदार योगेंद्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे। मेंहदावल में सीडीओ जयकेश त्रिपाठी ने सुनवाई की यहां प्रस्तुत 41 मामलों में तीन का मौके पर निस्तारण हुआ। यहां एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे। खलीलाबाद में एसडीएम शैलेश कुमार दूबे व सीओ अजीत चौहान ने फरियादियों की सुनने के बाद उन्हें राहत दिलाने का आश्वासन दिया। यहां सीएमओ डा. रामानुज कन्नौजिया, डीडीओ सुरेश चंद्र केसरवानी, तहसीलदार जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी कमलेश विश्वकर्मा, रमेश शर्मा राजेश शुक्ला, हरिकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अपराध संक्षेप

## घर से निकला युवक लापता

**मेंहदावल।** मेंहदावल क्षेत्र के जमुवरिया कला गांव निवासी युवक घर से लापता हो गया। परिजन और गांव के लोगों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। युवक मानसिक रोगी बताया जा रहा है। क्षेत्र के जमुवरिया कला निवासी वीरेंद्र पांडेय पुत्र स्वर्गीय सीताराम पांडेय ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि सतीश उर्फ सुनई बचपन से ही उनके पास रहता था। कुछ वर्षों से वह मानसिक रूप से बीमार था। सतीश का इलाज गोरखपुर से चल रहा था। शुक्रवार को वह घर से निकला, लेकिन काफी देर तक जब वापस नहीं लौटा। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए युवक की तलाश में जुट गई है। संवाद

## बाइक चोरी का केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में प्रार्थनापत्र मिलने पर केस दर्ज किया है। विजय कुमार निवासी बयारा ने शिकायत में बताया कि सात सितंबर शाम चार बजे वह बाइक से बरदहिया बाजार आया था। बाइक खड़ी कर कपड़ा खरीदने चला गए। वापस आया तो बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन व तलाश के बाद भी बाइक के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर बाइक का तलाश शुरू कर दी है। संवाद

## शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। जनपद में अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना बखिरा व दुधारा पुलिस ने एक-एक और थाना धनघटा पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ कर विधिक कार्रवाई पूरी कर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर दिया। संवाद

## एक वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके जेल भेज दिया है। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारंटी तवरेज उर्फ तबरेज पुत्र रफीक निवासी बुद्धाखुर्द को गिरफ्तार कर संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# पेपर मिल में लगी आग के मामले में केस दर्ज

संतकबीरनगर। हाईवे स्थित रैना पेपर मिल के गोदाम में 18 सितंबर को हुई अगलगी की घटना में कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने प्रबंधक की तहरीर पर केस दर्ज किया है। घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। प्रबंधन अभी भी नुकसान के आकलन में जुटा हुआ है।

कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में रैना पेपर मिल बोर्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधक गोरखपुर जनपद के गोमतीनगर निवासी अखिलेश्वर गिरि ने बताया कि 18 सितंबर को दोपहर 02:15 से 02:20 बजे के बीच में मिल में यूनिट दो के गोदाम में आग लग गई थी। सूचना के बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। कारखाने के श्रमिकों व अधिकारियों ने तत्परता पूर्वक आग को बुझा दिया।

अग्निशमन विभाग ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। आग से गोदाम में रखे तैयार माल पेपर, स्टोर्स के सामान, केमिकल और चार लाईनोमेटिक प्रिटिंग मशीन व उसका केमिकल, प्रिटिंग पेपर जल गया है। जिस शेड में आग लगी थी, उसको भी भारी क्षति पहुंची है, जिसका आकलन किया जा रहा है। कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रबंधक की तहरीर पर इत्तेफाकिया घटना का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## 18 सितंबर को मिल के गोदाम में लगी थी आग




19 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## प्रबंधक को भी नहीं पता कैसे लगी आग

रैना पेपर मिल के प्रबंधक को भी आग लगने की वजह पता नहीं चल पाया। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में भी प्रबंधक अखिलेश्वर गिरि की तरफ से कोई उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं जिले के आला अधिकारी भी अंभी तक संभावना ही जाहिर कर रहे हैं। अग्निशमन विभाग से लेकर कोई अधिकारी भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहा है।

# जन सहयोग से लगवाया चार सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने स्थानीय जन सहयोग से एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना बेलहरकला पुलिस ने एक स्थान पर चार कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया। साथ ही पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र एवं हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया कि वह अपने घरों, कॉलोनियों पर सीसीटीवी कैमरें जरूर लगवाएं। संवाद

# बार-बार लगा रहे दौड़, नहीं हो रहा समाधान

## संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को लोगों ने बताई पीड़ा, धनघटा में एडीएम ने सुनी फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिले के तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों समस्याएं सुनीं और उसका निस्तारण कराया। इस दौरान कुछ फरियादियों ने बार-बार दौड़ने के बाद भी कार्रवाई न होने की बात कहीं।

एडीएम जय प्रकाश की अध्यक्षता में धनघटा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों एवं शिकायतों को अधिकारीगण संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न किया जाए। कहा कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाए साथ ही जवाबदेह लोगों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाए।

धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसे सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने किया।

उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए। कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को त्वरित न्याय मिल सकें। इस दौरान एसडीएम धनघटा रमेश चंद्र, तहसीलदार योगेंद्र कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित समाधान दिवस की सुनवाई सीडीओ जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। यहां पर कुल 41 प्रार्थनापत्र आए, जिसमें मौके पर तन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलंब निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्ताव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खलीलाबाद तहसील में की सुनवाई एसडीएम शैलेश कुमार दूबे व सीओ सदर अजीत चौहान ने की। एसडीएम ने कहा कि भूमि विवाद, जमीन की पैमाईश, अतिक्रमण, वरासत एवं खतौनी में किसी भी प्रकार के त्रुटियों से सम्बंधित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सम्बंधित कर्मचारी के साथ मौके की जांच कर नियमानुसार निस्तारित कराया जाए। तहसील खलीलाबाद में कुल 67 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मौके पर एक प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ. रामानुज कन्नौजिया, डीडीओ सुरेश चंद्र केसरवानी, तहसीलदार जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी आदि मौजूद रहे।



धनघटा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्या सुनते एडीएम जय प्रकाश। स्रोत-सूचना

### साहब! आग से सब कुछ जल गया, मुआवजा दिलाएं



खलीलाबाद समाधान दिवस में आए उमरी कला निवासी अशोक कुमार ने कहा कि साहब आग में सबकुछ जल गया। एक महीने से भागदौड़ कर रहे है, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। इस पर संबंधित लेखपाल से रिपोर्ट मंगाने की बात कहीं गई।

### कई माह से आवास के लिए लगा रहा हूं दौड़



खलीलाबाद समाधान दिवस में आए सेमरियावां क्षेत्र के रामपुर मसौना निवासी नंदलाल गौड़ ने कहा कि दिव्यांग हूं, कई महीने से आवास के लिए दर दर भटक रहा हूं, सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। इस पर अधिकारियों ने कार्रवाई की आश्वासन दिया।

# दहेज हत्या के दोषी पति को सात वर्ष की कैद

**संतकबीरनगर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय देवेंद्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दहेज के लिए पत्नी को जहर देकर हत्या करने के दोषी पति को सात वर्ष कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड का आदेश दिया है। साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए जेठ, जेठानी और ननद को बरी कर दिया।

विशेष लोक अभियोजक फौजदारी ने बताया कि सत्यभामा ऊर्फ मीरा के पिता राम कवल मिश्र निवासी ग्राम रामपुर थाना कलवारी बस्ती ने 31 जुलाई 2012 को कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया कि पुत्री सत्यभामा का विवाह 29 मई 2010 को मनीष मिश्र उर्फ दीपक पुत्र ज्वाला प्रसाद मिश्र वर्तमान पता मोहल्ला बंजारिया पूर्वी थाना कोतवाली खलीलाबाद के साथ किया था।

बेटी की शादी में नकदी व जेवरात, कपड़ा, बाइक आदि दिया था। इसके बाद भी ससुराली दो लाख रुपए नकद दहेज में मांगकर लड़की को प्रताड़ित करते थे। 27 जुलाई 2012 को सुबह दस बजे ससुरालियों ने बेटी के खाने में जहर मिलाकर दे दिए। जिससे उसकी 28 जुलाई को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में मौत हो गई। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, कई लोग घायल

धानेपुर, संवाददाता। नैपुरिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है । धारदार हथियार से भी हमला किया गया है। जिससे दोनों पक्ष के लोगों को चोटें आई हैं।दोनों ओर से आरोप प्रत्यारोप चारों प्रत्यारोप लगाते हुए शिकायत की गई जिस पर पुलिस ने एक पक्ष की ओर से एफआईआर व दूसरे पक्ष का एनसीआर दर्ज किया गया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दूल्हापुर बनकट के मजरा नैपुरिया के रहने वाले पूर्व प्रधान राजबहादुर सिंह के पुत्र रविन्द्र प्रताप सिंह के मुताबिक गांव के पश्चिम इंटरलॉकिंग का काम हो रहा था जिसे वह देख रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी विपक्षी गण पहुंचे और भद्दा भद्दा अपशब्द कहने लगे, विरोध करने पर मूका थप्पड़ से मारने लगे। अभिषेक सिंह ने किसी धारदार हथियार से वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। हल्ला गुहार मचाने पर गांव के लोग आ गए और बीच बचाव किया। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि पीड़ित रविन्द्र सिंह की तहरीर पर अतुल सिंह, रोहित सिंह व अभिषेक सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया और विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उधर दूसरे पक्ष के अभिषेक सिंह के मुताबिक विपक्षीगण रविन्द्र प्रताप सिंह, अमरेन्द्र बहादुर सिंह, राम बहादुर सिंह ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीटा है जिससे चोटें आई हैं।

चोरी के दौरान गोली मारने के मामले में शामिल बताया जा रहा बदमाश, मौके से 12 बोर कट्टा व बाइक पुलिस ने की है बरामद

# पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

**धरपकड़**

- पुलिस की गाड़ियों के हूटर और लाइटों से डरे सहमे नजर आये ग्रामीण, गांव में मची रही अफरातफरी
- सुबह मामले की जानकारी होने पर पुलिस का जताया आभार, घायल को गोंडा रेफर किया गया



पुलिस मुठभेड़ के बाद मौके पर जांच करती फोरेंसिक टीम

करनैलगंज, संवाददाता। कोतवाली करनैलगंज पुलिस की शुक्रवार की देर रात नारायनपुर मांझा प्राथमिक स्कूल के करीब बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि एक अन्य बदमाश को पुलिस ने पकड़ लेने का दावा किया है। घायल बदमाश को स्थानीय सीएचसी में उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया।

विगत दिनों कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत बालपुर चौकी क्षेत्र के परसागोंड़री छोटकीपुरवा में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के दौरान बदमाशों ने घर के सदस्य को गोली मार दिया था। जिसे जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी विनीत जायसवाल ने तभी से घटना के अनावरण में पुलिस व एसओजी टीम को लगाया हुआ था। शुक्रवार की देर रात करीब 1:30 बजे करनैलगंज पुलिस के जवान नारायनपुर मांझा की ओर गश्त पर थे। तभी बाइक सवार दो युवक संदिग्ध दशा में दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो बाइक सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए आगे की ओर भागे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बाइक पर बैठे एक बदमाश बच्चन (40) पुत्र गंगाराम निवासी बौनापुर लोनियनपुरवा थाना कौड़िया के पैर में गोली लगी। जिससे वह बाइक से गिर पड़ा। जबकि उसका साथी राजेश पुत्र मनोहर निवासी ग्राम पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार बाइक छोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। गोली लगने से घायल बच्चन को पुलिस उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज गोंडा रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ में पुलिस ने बदमाशों के पास से एक बाइक, एक 12 बोर तमंचा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक समेत पुलिस टीम, एसओजी, सर्विलांस व फॉरेंसिक टीम मौजूद रही।

**बच्चन व राजेश बताये जा रहे छटे हुए बदमाश :** कोतवाल करनैलगंज ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गये दोनों बदमाशों का अच्छा खासा आपराधिक इतिहास रहा है। एक तरफ जहां बच्चन पुत्र गंगाराम पर थाना कौड़िया में तीन व कोतवाली देहात में एक अभियोग दर्ज है तो वहीं दूसरी तरफ राजेश पुत्र मनोहर पर अकेले थाना कटरा बाजार में 5 मामले दर्ज है। अभी पुलिस दोनों आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

## जब धायं-धायं की आवाज से गूंजा नरायनपुर मांझा

करनैलगंज, संवाददाता। शुक्रवार की रात रोज की तरह सब शांत चल रहा था। करनैलगंज जरवल फोरलेन स्थित नरायनपुर मांझा मोड़ की दूरी नगर से लगभग 3 किलोमीटर है। आसपास के गांवों में लोग खाना खाकर गहरी नींद में थे कि रात लगभग एक बजकर 30 मिनट पर पूरा इलाका गोलियों की धायं - धायं से गूंजने लगा। जिससे टूटी ग्रामीणों की नींद के बाद वे गोलियों की आवाज को लेकर तरह तरह के कयास लगाने लगे।

थोड़ी ही देर में पुलिस के हूटरों व लाइटों से फिर पूरा इलाका गूंजने लगा। किसी अनहोनी की आशंका में ग्रामीण पूरी रात अपने घरों में ही दुबके रहे। सुबह होते ही जब लोगों को यह सूचना मिली कि बालपुर व थाना कटरा बाजार में चोरी व घर मालिक को गोली मारने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी और बदमाश को गोली लगी तथा वे पकड़े गये तो सभी ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने पुलिस के इस अच्छे कार्य को लेकर सराहना भी की है।

### इन पुलिस वालों को मिली कामयाबी

पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी में एसओजी प्रभारी शदाब आलम व टीम, कोतवाल श्रीधर पाठक, चौकी प्रभारी बालपुर नागेश्वर पटेल, दरोगा सरफराज खां, अंकित सिंह, दीवान संजय सिंह, विजय कुमार, अख्तर अली सहित सिपाही रिसीकेश व प्रदीप कुमार का विशेष योगदान रहा है।

**ये हुई बरामदगी :** पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी के 20 हजार नकद, एक बाइक, एक देशी तमंचा व कारतूस व खोखा कारतूस।

# व्यापारी को गोली मारने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## एसओजी व करनैलगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, आरोपी बच्चन के पैर में लगी गोली

संवाद न्यूज एजेंसी

**करनैलगंज/बालपुर (गोंडा)।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के परसा गोड़री छोटी पुरवा में दस दिन पहले किराना व्यापारी को गोली मारने वाले बदमाशों से शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया, जबकि भाग रहे दूसरे बदमाश को पुलिस टीम ने दौड़ाकर दबोच लिया। गोली लगने से घायल बदमाश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

**परसा गोड़री छोटी पुरवा में चोरी के दौरान गोली मारकर भागे थे बदमाश**

क्यूआर कोड स्कैन कर देखें घटना का वीडियो

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार रात करनैलगंज पुलिस व एसओजी गश्त पर निकली थी। रात करीब डेढ़ बजे नारायणपुर माझा प्राथमिक स्कूल के पास बाइक सवार दो युवक आते दिखे। पुलिस टीम को देखते ही दोनों फायरिंग कर भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

दूसरे बदमाश को पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह व करनैलगंज इंस्पेक्टर श्रीधर पाठक मौके पर पहुंचे। घायल बदमाश की पहचान कौड़िया थाना क्षेत्र के बौनापुर लोनियन पुरवा के रहने वाले बच्चन के रूप में हुई है। जबकि दूसरा बदमाश राजेश निवासी ग्राम पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार है। बच्चन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, बाइक व 20 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई है।








करनैलगंज के नारायणपुर माझा में शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश बच्चन को पकड़कर ले जाते पुलिसकर्मी। मुठभेड़ स्थल पर पड़ा तमंचा, कारतूस व बाइक। स्रोत: पुलिस

### तीसरे बदमाश की तलाश

एसओजी व करनैलगंज पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी संगठित गिरोह के बदमाश हैं। ये लोग चोरी की वारदातें अंजाम देते हैं। पुलिस के मुताबिक 10 सितंबर की देर रात करनैलगंज क्षेत्र के परसा गोड़री छोटी पुरवा में तीन बदमाश एक मकान का दरवाजा खोलने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच घर के लोग जाग गए और शोर मचाने लगे। इस पर बच्चन ने गृहस्वामी सत्येदव दीक्षित को गोली मार दी थी। सत्येदव को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। जहां ऑपरेशन के बाद उनकी हालत में सुधार है। पुलिस के मुताबिक बच्चन व राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरे बदमाश की तलाश की जा रही है।

# बीडीसी सदस्य पर धारदार हथियार से हमला

परसपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम हरदिहा के सीर पुरवा में इंटरलाकिंग लगवाए जाने के दौरान लाठी डंडे व धारदार हथियार से लैस चार लोगों ने बीडीसी सदस्य पर हमला बोल दिया। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। एसओ ने बताया कि पीड़ित दिलावर के तहरीर पर थाने में गांव के तैफीक, यावर, शमां प्रवीन व शबनम पर हमला करने सहित मारपीट का केस दर्ज हुआ है।

# युवक पर छेड़खानी का मुकदमा

**मनकापुर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी 11वीं कक्षा की छात्रा है। शुक्रवार दोपहर वह कॉलेज से घर लौट रही थी। रास्ते में मझरिया निवासी संदीप उनकी बेटी की फोटो खींचने लगा। बेटी ने फोटो डिलीट करने के लिए कहा तो वह फोटो डिलीट करने का झांसा देकर मजार के पास ले जाकर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर बेटी को पीटा। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी गोंडा से दबोचा

**देहरादून।** नाबालिग के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गोंडा से गिरफ्तार किया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया, एक व्यक्ति ने 16 सितंबर को शिकायत की थी कि उनकी बेटी को एक व्यक्ति अपने साथ ले गया है। अपहरण का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। सीसीटीवी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से पुलिस गोंडा तक पहुंच गई। जहां से ददन निवासी लाले मऊ पूर्वा, करनैलगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से किशोरी को मुक्त कराया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

# राहुल पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

गोण्डा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को प्रदर्शन किया गया। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का हुजूम कांग्रेस भवन में निकलकर सड़क जाम कर दिया। शहर अध्यक्ष रफीक रैनी ने आरोप लगाया कि भाजपाइयों द्वारा लगातार अभ्रद टिप्पणी कर विपक्ष नेता को निशाने पर रखा जा रहा है।

जिससे पाटी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में इसको लेकर आक्रोश है और प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता का पुतला जलाने के प्रयास किए गए। तभी जिला प्रशासन की ओर से भारी सुरक्षा बल तैनाती से विफल हो गए। मौके पर नगर कोतवाल व पुलिस कर्मियों ने धक्का मुक्की करके पुतले को छीन लिया। बाद में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तहसीलदार को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जलील खान पीसीसी सदस्य मोहम्मद अहमद फारुकी, हनुमान प्रसाद आदि रहे।

# एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई

गोण्डा। बड़गांव की रीना गौतम ने नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में दर्ज एफआईआर में आगे की कार्रवाई कराए जाने की मांग एसपी से की है।

रीना का आरोप है कि उसके स्वर्गीय पति को नौकरी दिलाने के नाम पर जो रूपए लिए गए थे उसे नहीं लौटाने के आरोपी पर न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज तो कर लिया है लेकिन मामले में पुलिस ने उसका बयान नहीं लिया है।

# चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वजीरगंज : स्थानीय थाने में उदयपुरग्रंट के राजकरन मौर्य ने दीवाल गिराने के आरोप में दो महिलाओं समेत चार लोगों पर मुकदमा कराया है। उनका आरोप है कि शुक्रवार की रात बृजेश, विजय, बिंदु देवी व माधुरी ने उनकी दीवार को जबरदस्ती गिरा दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि चारों आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# इंटर कालेज की छात्रा के साथ छेड़खानी करने के आरोपित पर मुकदमा

संसू, जागरण • दतौली (गोंडा) : स्कूल से घर वापस आने के दौरान छात्रा के साथ छेड़खानी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक गांव की रहने वाली महिला ने कहा कि उसकी बेटी इंटर कालेज में पढ़ती है।

स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर वापस आते समय गांव का एक युवक उसकी बेटी से छेडखानी करते हुए झाड़ी में खींचने लगा। विरोध करने आरोपित धमकी देते हुए भाग गया। बेटी ने घर पहुंचकर आपबीती बताई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# ग्रामीणों को समझाने में पुलिस रही हलकान, डेढ़ घंटे जाम रहा हाईवे

संसू, जागरण • झंझरी (गोंडा) : कोतवाली देहात के डड़वा कानूनगो गांव के ट्रक चालक लालबाबू का नहर के किनारे शव मिला था। स्वजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार की शाम करीब सात बजे गोंडा-अयोध्या हाईवे पर पांडेयपुरवा गांव के पास शव रखकर जाम लगा दिया, लेकिन इसकी भनक कोतवाली पुलिस को नहीं लग सकी। पुलिस अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे तो आनन-फानन में छह थानों की फोर्स को मौके पर स्थिति संभालने के लिए बुलाना पड़ा। सीओ सदर शिल्पा वर्मा के कार्रवाई के आश्वासन देने के बाद भी ग्रामीणों का आक्रोश शांत नहीं हुआ। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व पश्चिमी राधेश्याम राय ने आक्रोशित स्वजनों से वार्ता की। इसके बाद आवागमन बहाल कराया जा सका।

पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार ने कहा कि मृतक की पत्नी गीता देवी की तहरीर पर विपक्षी अनिल, पंकज,सरजू, मीना, ननकनू व भानू के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक महिला को भी हिरासत में ले लिया गया है। अन्य आरोपितों की रफ्तारी को टीमें गठित की गई है।

**भाई की भी हुई थी हत्या :** स्वजन के मुताबिक 31 दिसंबर मृतक के भाई राम सुन्दर को विपक्षियों ने घर के सामने ही लाठी डंडे से मारा पीटा था, जिसमें राम सुन्दर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसमें भी पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। इसके बाद से लगातार विपक्षी धमकी दे रहे थे। एक महीने पूर्व भी विपक्षी लाल बाबू को धमकी दी थी, लेकिन पुलिस ने संजीदगी नहीं दिखाई, इससे लाल बाबू की हत्या कर दी गई।



गोंडा-अयोध्या हाईवे पर पांडेयपुर के पास जाम लगाए ग्रामीणों को समझाते एएसपी मनोज कुमार रावत व राधेश्याम राय • जागरण

### ये था मामला

शुक्रवार की सुबह कोतवाली देहात के दौलतपुर में नहर के किनारे युवक का शव मिला जिसकी पहचान डड़वा कानूनगो निवासी लाल बाबू यादव के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए स्वजन ग्रामीणों के संग गोंडा अयोध्या मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझाकर अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को अयोध्या भेजा।

# वजीरगंज क्षेत्र में दीवार को लेकर विवाद, केस

वजीरगंज (गोंडा)। उदयपुरग्रंट निवासी राजकरन मौर्य ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार की रात 11 बजे गांव निवासी बृजेश, विजय, बिंदु देवी व माधुरी ने वादी की दीवार जबरदस्ती गिरा दी। दीवार गिरने की आवाज सुनकर बहू किरन व सरिता दीवार गिराने से रोककर वीडियो बनाने लगी। इतने में विपक्षियों ने आकर बहुओं से अभद्रता करते हुए उन्हें मारा-पीटा। हाथ पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मनकापुर (गोंडा)। क्षेत्र के देवरिया मनकापुर गांव निवासी सालिकराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनका बेटा राकेश कुमार यादव 15 सितंबर को डिघिया अनुभा गांव अपनी ससुराल गया था। जहां रात में गांव के ही राघव यादव से पारिवारिक विवाद को लेकर राकेश को लाठी से पीटा और धमकी दी।

दूसरे मामले में क्षेत्र के ग्राम मधुपुर निवासी अमन यादव ने बताया कि 18 सितंबर सुबह गांव के ही बसंतराम ने अपनी ऑटो से उनकी दादी को टक्कर मार दी। जिससे उनका पैर टूट गया। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों मामलों में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# अदालत के आदेश पर छेड़छाड़ का मुकदमा

कटराबाजार (गोंडा)। अदालत के आदेश पर क्षेत्र की एक महिला ने एक युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में महिला ने कहा 12 जुलाई को वह कटरा बाजार शांतीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गई थी। वापस घर लौटते समय गांव के इरफान बाइक से आए और घर छोड़ देने की बात कही, वह इरफान की बाइक पर बैठ गई। रामापुर पुल के पास पहुंचने पर आरोपी उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर अभद्रता करते हुए मारापीटा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि अदालत के आदेश पर खरगूपुर थाना क्षेत्र के असिधा गांव निवासी इरफान के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

## युवती के अपहरण में तीन पर केस

मनकापुर। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 23 वर्षीय बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक बीते 12 अगस्त की दोपहर उनकी बेटी लापता हो गई थी। पता चला कि करनैलगंज के पैरोरी अमृत पुरवा निवासी ललई वर्मा उनकी बेटी को अगवा कर ले गया है। जिसमें आरोपी के भाई सुरेंद्र व चाचा पुजारी वर्मा का सहयोग रहा। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि ललई समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# दुष्कर्म के आरोपी को जेल

ललिया। ललिया थाना की पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी लैबुडवा निवासी सलमान को उपनिरीक्षक पवन श्रीवास्तव ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# संवेदनशील मामलों में मौके पर जाएं अफसर

## सुनवाई

बलरामपुर, संवाददाता। बलरामपुर सदर तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने जन शिकायतें सुनीं। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण करने का निर्देश दिया। कहा कि भूमि विवाद एवं लॉ एण्ड आर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराएं।



सदर तहसील में लोगों की शिकायतों का निस्तारण कराते डीएम व अन्य।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। कुछ मामलों का उन्होंने मौके पर निस्तारण कराया। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन अपने कार्यालयों में प्रातः दस से 12 बजे तक जनता दर्शन कर जनमानस की समस्याओं और शिकायतों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से मिल रही शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। इस मौके पर एएसपी अवधेश कुमार, एसडीएम सदर संजीव यादव, सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, डीडीओ सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह उतरौला तहसील में सीडीओ हिमांशु गुप्ता व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर कुल 41 मामले आए, जिसमें से मात्र एक का निस्तारण मौके पर कराया जा सका। इस मौके पर एसडीएम अवधेश कुमार, सीओ राघवेन्द्र सिंह, सीएचसी अधीक्षक सीपी सिंह सहित कई मौजूद थे।

# प्रतिदिन कार्यालय में 10 से 12 करें जनता दर्शन

**जागरण संवाददाता• बलरामपुर** : भूमि विवाद एवं ला एंड आर्डर के दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करे। सभी अधिकारियों को प्रतिदिन अपने कार्यालयों में सुबह 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन करते हुए जनमानस की समस्याओं की सुनवाई करके शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सदर तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान में सुनवाई के दौरान दिए।



सदर तहसील में सुनवाई करते जिलाधिकारी पवन अग्रवाल •सौ. सूचना विभाग

कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। आइजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते हुए करें। इसमें लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां 47 में से चार मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। यहां अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, एसडीएम सदर संजीव यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मुकेश रस्तोगी मौजूद रहे। उतरौला में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त ने 41 प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की। इसमें से एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तुलसीपुर में एसडीएम अभय कुमार सिंह ने सुनवाई की। यहां 31 में से चार का निस्तारण किया गया।

# बाइक चुराकर भागे चोर को पीटकर पुलिस को सौंपा

- ललिया के भरहापारा का मामला
- बाइक को पैदल ही लेकर जा रहा था चोर

ललिया, संवाददाता। ललिया थाना क्षेत्र के भरहापारा के ग्रामीणों ने बाइक चुराकर भाग रहे चोर को पकड़कर धुनाई कर दी। जिसके बाद उन्होंने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

श्रावस्ती जनपद में भिनगा क्षेत्र के भवनियापुर गांव निवासी धर्म राज उर्फ छोटकऊ वर्मा शुक्रवार रात में ललिया क्षेत्र के भरहापारा गांव में अजय वर्मा के घर लेटा था। परिवारीजनों के सो जाने पर छोटकऊ उसके घर से अजय की बाइक लेकर फरार हो गया। गांव के उत्तरी छोर पर खेत की रखवाली कर रहे लोगों ने बाइक ले जा रहे धर्मराज उर्फ छोटकऊ को रोककर पैदल बाइक ले जाने का कारण पूछा। इस पर पता चला कि अजय वर्मा की बाइक वह चुराकर ले जा रहा था। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी।

प्रधान प्रेम नारायन पासवान ने ललिया थाना की पुलिस को रात में सूचना देकर चोर को हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में धर्मराज वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सोहेलवा जंगल से पेड़ों को काटने पर लगेगा गैंगेस्टर

## वन माफिया के नाम जारी शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे

■ राकेश सिंह

बलरामपुर। सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में लगे कीमती वृक्ष काटने वालों की खैर नहीं। वन विभाग ने 20 ऐसे माफियाओं को चिन्हित किया है, जिनपर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। विभाग ने शनिवार को वन माफियाओं की सूची तैयार कर शासन को भेजी है। सूची में ऐसे माफियाओं के नाम शामिल हैं, जिनपर वन अधिनियम के 20 से अधिक केस दर्ज हैं। जिन वन माफियाओं के पास शस्त्र हैं, उनके लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। उनकी सम्पत्ति का ब्योरा भी एकत्रित किया जा रहा है।

सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग 452 वर्ग किमी में फैला है। इसमें साखू, सागौन, खैर, शीशम, चीड़ व अन्य कीमती वृक्ष लगे हैं। यह वन्यजीव प्रभाग पूर्वी सोहेलवा, पश्चिमी सोहेलवा, बनकटवा, बरहवा, तुलसीपुर रेंज, रामपुर व वीरपुर रेंज में बटा है। मानव आबादी का जंगल क्षेत्र में दखल बढ़ा है। जंगल में गांव हैं या गांव में जंगल, इस बात का पता नहीं चल पाता। वन सुरक्षा कर्मियों की संख्या कम होने से जंगल में वृक्षों के अवैध कटान चोरी छिपे हुआ करते हैं। सर्वाधिक कटान बरहवा रेंज में होता है। इस काम को अंजाम देने के लिए कुछ लोगों ने संगठित गिरोह बना रखा है। गिरोह में गांव के श्रमिकों को भी शामिल किया गया है। वे दिन के उजाले में वृक्षों को चिन्हित करते हैं और रात के अंधेरे में उन्हें काटने का काम होता है। वन माफिया श्रमिकों को जंगल से बाहर लकड़ी निकालने के लिए संसाधन उपलब्ध कराते हैं। बरहवा रेंज में इस तरह के दस गिरोह काम में लगे हैं। खैर की संख्या अधिक है, जो बरेली आदि के बाजार में मंहगे बिकते हैं।



पिकअप में लदी जंगली लकड़ी

### महंगी गाड़ियों से बाहर निकालते हैं लकड़ियां

जंगल में काटी गई लकड़ियों को बाहर निकालने में स्कार्पियो, पिकअप, बोलेरो, सफारी आदि मंहगी गाड़ियों का प्रयोग किया जाता है। बाइक से भी लकड़ी के बोटों को जंगल से बाहर निकालने का कई मामला प्रकाश में आया है। वन कर्मियों के दबिश देने पर चालक व अन्य लोग वाहन छोड़कर भाग निकलते हैं। अधिकांश वाहन सेकेंड हैंड होते हैं। यदि एक बार लकड़ी निकालने में सफलता मिल जाए तो वाहन की कीमत वसूल हो जाती है। यदि वाहन का कागजात उपलब्ध है तो जुर्माना अदा करके उसे छुड़ाने में भी वन माफिया नहीं चूकते। अवैध कागज होने पर वाहन रेंज कार्यालयों में पड़े-पड़े सड़ जाते हैं।

### वन माफिया, जिसपर दर्ज हैं 130 केस

बरहवा रेंज में एक वन माफिया ऐसा है, जिस पर 130 केस दर्ज हैं। 20 गिरोह ऐसे हैं, जिनके सभी सदस्यों पर 20-20 से अधिक मुकदमे कायम हैं। वन विभाग में दर्ज केस की विवेचना रेंज ऑफिसर को सौंपी जाती है। नियमों की शिथिलता का लाभ वन माफियाओं को मिलता है, लेकिन अब सरकार ने ऐसे वन माफियाओं को सबक सिखाने का मन बनाया है। प्रभागीय वनाधिकारी डॉ एम सेम्मारन बताते हैं कि वन माफियाओं पर अब गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई होगी। विभागीय पंजिका के आधार पर नाम चिन्हित कर कार्रवाई के लिए शासन को सूची भेजी गई है।

# बालू अवैध खनन का धंधा जोरों पर

महराजगंज तराई। तराई क्षेत्र के खरझार नाला में अवैध बालू खनन का धंधा खूब फल फूल रहा है। अवैध बालू खनन कर राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। रात के अंधेरे में नाला के अंदर बैलगाड़ी व ट्रैक्टर ट्राली से बालू खनन किया जा रहा है।

महराजगंज थाना क्षेत्र के खरझार नाला के तिवारीडीह गांव के पास रात के अंधेरे में बालू खनन का धंधा जोरों पर है। बालू खनन करने वाले पुलिस के मिलीभगत से रात में बैलगाड़ी व ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन कर रहे हैं।

हिन्दुस्त

# छात्राओं को फोन घुमाना है, पुलिस सक्रिय मिलेगी



बालिकाओं को जानकारी देती महिला कांस्टेबल दीपिका पांडेय।

## जागरूकता

**बलरामपुर, संवाददाता।** जागरूकता से ही अपराध पर रोक लगाई जा सकती है। सभी छात्राएं स्वयं जागरूक हों साथ ही अभियान चलाकर छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक करें। यह बातें थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने कही।

एसपी विकास कुमार के निर्देश पर थानाध्यक्ष थाना कोतवाली नगर में महिला पुलिस टीम के साथ जागरूकता अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रों को डरने की जरूरत नहीं है। महिला पुलिस टीम सिविल ड्रेस में हर समय क्षेत्र में तैनात रहती है। यूपी आपातकालीन सेवा भी सभी की मदद के लिए तत्पर है। बस आपको फोन घूमाना है और पुलिस आपकी मदद के लिए आपके पास खड़ी मिलेगी। उप निरीक्षक अजीत कुमार त्रिपाठी ने कहा कि थाना कोतवाली नगर पुलिस ने नारी सुरक्षा दल, एंटी रोमियो टीम, महिला बीट पुलिस अधिकारी की तैनाती की है। जो विद्यालय, कोचिंग सेंटर, बाजार व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर तैनात रहती है। सभी छात्राएं निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें।

महिला कांस्टेबल दीपिका पांडेय ने कहा कि विद्यालय में महिला पुलिस टीम ने छात्रों को जागरूक करने का जिम्मा ले रखा है। सभी छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जागरूक हों। इस अवसर पर उप निरीक्षक अविरल शुक्ला, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, कांस्टेबल बिंदेश्वरी प्रसाद, रमाकांत यादव, पंकज कुमार पांडेय सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## दो भाइयों को तीन साल की कैद

बलरामपुर : जिला एवं सत्र न्यायालय ने गाली-गलौज व मारपीट के आरोप में दो अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष कारावास एवं तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि देहात कोतवाली के ककरा गैंजहवा गांव निवासी प्रहलाद व उसके भाई चंद्रभान के विरुद्ध तीन जून 2019 को मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभावी पैरवी से दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने दोनों को सजा सुनाई है। (जासं)

## वांछित अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर : गैंड़ासबुजुर्ग थाना की पुलिस ने वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी की है। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि सुल्तानपुर जनपद के देहात कोतवाली अंतर्गत परऊपुर छत्तौना गांव निवासी सुरजीत को नयाघाट अयोध्या से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। (जासं)

# मेहमान बनकर आए चोरी कर ली बाइक गिरफ्तार

संवादसूत्र, जागरण• हरैया सतघरवा (बलरामपुर) : भरहापारा निवासी अजय वर्मा के घर मेहमान बनकर आए धर्मराज वर्मा ने घर वालों के सोते ही रात में बाइक चोरी कर ली। पैदल बाइक लेकर जा रहे धर्मराज को ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया।

प्रधान प्रेम नारायन पासवान ने बताया कि श्रावस्ती जनपद के थाना भिनगा क्षेत्र के भवनियापुर धोबहा धर्मपुर गांव निवासी धर्मराज उर्फ छोटकऊ वर्मा गांव में अजय वर्मा के घर में किसी काम से आया था। रात होने पर रूक गया था। सबके सो जाने पर घर में खड़ी बाइक लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने ललिया थाना की पुलिस को सूचना देकर चोर को सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में धर्मराज उर्फ छोटकऊ वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित समेत दो गिरफ्तार

बलरामपुर : ललिया थाना की पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लैबुड़वा निवासी सलमान को बलदेवनगर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उधर वारंटी आरोपित बनघुसरी गांव निवासी इरशाद की भी गिरफ्तारी की गई है। वाहन चोर को दबोचा : बलरामपुर : ललिया थाना की पुलिस ने वाहन चोरी मामले में आरोपित की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी का बाइक बरामद करते हुए भिनगा श्रावस्ती के धर्मराज उर्फ छोटकऊ को गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

कंपोजिट विद्यालय सिरसिया के सहायक अध्यापक लेकर सामना करना पड़

## पेड़ काटने वाले 20 माफिया चिन्हित, होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

संवाददाता, जागरण • बलरामपुर : सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में खैर का जंगल वन माफिया साफ कर रहे हैं। ऐसे वन माफिया पर नकेल कसने के लिए विभाग ने 20 लोगों को चिन्हित किया है, जिन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। विभाग ने शनिवार को वन माफियाओं की सूची तैयार कर शासन को भेजी है। सूची में ऐसे माफियाओं के नाम शामिल हैं, जिन पर वन अधिनियम के 20 से 110 केस दर्ज हैं। उनकी संपत्ति का ब्योरा भी एकत्रित किया जा रहा है। शुक्रवार को स्कार्पियो पर 17 बोटा खैर की लकड़ी पकड़ी गई थी। बरहवा रेंज में लगभग 10 गिरोह काम में लगे हैं। वन माफिया ने जंगलवर्ती गांवों में छोटी-छोटी आरा मशीनें लगा रखी हैं। खैर की लकड़ियों को बहराइच भेजा जाता है, जहां से अन्य जिलों में आपूर्ति की जाती है। प्रभागीय वनाधिकारी डा. सेम्मारन ने बताया कि चिन्हित वन माफिया की सूची तैयार कर भेजी गई है।

# मारपीट के दो दोषियों को तीन-तीन वर्ष की कैद

**बलरामपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने मारपीट का दोषी करार देते हुए दो लोगों को तीन-तीन वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। जिला जज ने दोषियों को तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। देहात कोतवाली के ग्राम ककरा गैजहवा निवासी एक व्यक्ति ने मारपीट का मुकदमा गांव के ही प्रहलाद और चंद्रभान के खिलाफ 12 अगस्त 2019 लिखाया था। पुलिस ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने सात गवाहों को न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला जज ने दोनों को मारपीट का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। (संवाद)

# पहले चकमार्ग पर कब्जा किया, अब दे रहे धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी



बलरामपुर तहसील सभागार में शनिवार को जनसुनवाई करते डीएम पवन अग्रवाल। स्रोत-सूचना विभाग

**बलरामपुर।** जिले की तीन तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस में 119 शिकायतें आईं। इसमें से सिर्फ नौ मामले निस्तारित हो सके हैं। सदर तहसील में डीएम पवन अग्रवाल के समक्ष ललिया थाना के हाथीगर्दा गांव के मोहनलाल, जगत राम, कंधई लाल, मन्ना देवी व उषा देवी आदि ग्रामीण पेश हुए। कहा कि दबंग ने पहले चकमार्ग पर जबरन कब्जा लिया। इससे गांव वालों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। अब दबंग ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। डीएम ने राजस्व व पुलिस को संयुक्त रूप से प्रकरण का निस्तारण करने को कहा है।

तहसील सदर के ग्राम विशुनापुर निवासी राम लखन ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। ग्राम बजरडीह निवासी राम दुलारे ने भूमि पर कब्जा करके हरे पेड़ को काटने की शिकायत की। आरोप है कि लेखपाल के पैमाइश न करने से मामले का निस्तारण अटका है।

नगर कोतवाली के नौव्वा बाग मोहल्ला निवासी मोहम्मद सईद आदि ने सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में 47 शिकायतें आईं, जिसमें चार का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। डीएम ने बार-बार भूमि विवाद के प्रार्थना पत्र आने पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। सभी अधिकारियों को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जनता दर्शन में समस्याएं सुनने और निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

उतरौला तहसील में सीडीओ हिमांशु गुप्त ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। 41 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें एक का मौके पर निस्तारण हुआ। तुलसीपुर तहसील में एसडीएम अभय सिंह ने मामलों की सुनवाई की। यहां 31 मामले आए, जिसमें चार का निस्तारण हुआ। डीएम ने बाकी बचे 110 मामलों का पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। एएसपी योगेश कुमार व सदर एसडीएम संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

**बलरामपुर।** ललिया थाना की पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने शनिवार को बताया कि ग्राम लैबुड़वा निवासी सलमान की पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। ललिया एसओ बीएन सिंह की टीम ने बलदेवनगर बाजार के पास से उसे गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# वारंटी को भेजा जेल

बलरामपुर। ललिया थाना की पुलिस ने वारंटी को जेल भेज दिया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि ग्राम बनघुसरी निवासी इरशाद को ललिया थाना की पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। (संवाद)

# दुष्कर्म में एक गिरफ्तार

**गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि सुल्तानपुर अंतर्गत देहात कोतवाली के परऊपुर छतौना निवासी सुरजीत को गैड़ास बुजुर्ग थाना की पुलिस ने जनपद अयोध्या के नया घाट के पास गिरफ्तार किया है। सुरजीत पर क्षेत्र की एक महिला ने पुत्री के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में उसकी तलाश की जा रही थी। (संवाद)

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि जनपद श्रावस्ती के भिनगा थाना अंतर्गत ग्राम भवनियापुर धोबहा धर्मपुर निवासी धर्मराज उर्फ छोटकऊ को भगता गांव के पास गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी की बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। ग्रामीणों का कहना है कि बाइक चुराकर ले जाते समय उसे पकड़कर पुलिस को सौंपा गया है। (संवाद)

# गिद्धौर प्रधान पद के मतगणना की भेजी गई सीडी

संवाद न्यूज एजेंसी

उतरौला (बलरामपुर)। श्रीदत्तगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत गिद्धौर के प्रधान पद के मतगणना के वीडियोग्राफी की सीडी जांच के लिए भेज दी गई है। उतरौला एसडीएम कोर्ट में मामले की सुनवाई 25 सितंबर को होगी।

उतरौला एसडीएम अवधेश कुमार ने बताया कि श्रीदत्तगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत गिद्धौर के प्रधान पद के परिणाम को लेकर विवाद चल रहा है। हाईकोर्ट ने विवाद के निस्तारण कराने का आदेश जारी किया है। उतरौला एसडीएम ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने के लिए पंच स्थानीय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश शुक्ल को ग्राम पंचायत गिद्धौर के प्रधान पद पर पंचायत चुनाव के दौरान कराई गई मतगणना के वीडियोग्राफी की सीडी के साथ ही संबंधित सहायक उपकरण भी मुहैया कराने का आदेश जारी किया था, जिसे उपलब्ध करा दिया गया है। उतरौला एसडीएम कोर्ट में मामले की 25 सितंबर को सुनवाई की तारीख तय की गई है। एसडीएम ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराकर विवाद का निस्तारण करा दिया जाएगा।

## उतरौला एसडीएम कोर्ट में 25 को होगी मामले की सुनवाई

**अदालत से**

## मारपीट में पांच दोषी

बलरामपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट इफ्तेखार अहमद ने मारपीट के मामले में पांच को दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने दोषियों को एक वर्ष की परिवीक्षा पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोतवाली उतरौला में न्यायालय के आदेश पर वादी ओम प्रकाश के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद दलित उत्पीड़न और मारपीट के मामले में खाम्हरिया निवासी लल्लू, सनेही, राजाराम, निमोही और शिवनाथ के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसी मामले में कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार दिया। (संवाद)

# बेटियों के लिए सुरक्षा कवच हैं हेल्पलाइन नंबर

बलरामपुर। एसपी विकास कुमार के निर्देश पर शनिवार को कोतवाली देहात के हरिहरगंज में जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। एंटी रोमियो स्कवायड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने चौराहों, गांवों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कार्यक्रम करके बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। एसपी ने बताया कि बेटियों व महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर सुरक्षा कवच के रूप में काम करते हैं। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

हिन्दुस्तान

# नवीनीकृत कार्यालय का किया उद्घाटन

बहराइच। एसपी वृन्दा शुक्ला ने गुरुवार को एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी के नवीनीकृत कार्यालय का लोकार्पण किया। कुछ माह से पुलिस कार्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था। एसपी ने दीप-प्रज्वलन, पूजा-पाठ किया। पारम्परिक तरीके से फीता काटकर नवीनीकृत कार्यालय का लोकार्पण किया। एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा, सीओ पयागपुर राहुल पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह मौजूद रहें।

# कोर्ट से जुड़े प्रकरणों में हीलाहवाली पर होंगे निलंबित

## समाधान दिवस

**बहराइच, संवाददाता।** संपूण समाधान दिवस में राजस्व व न्यायालयों से जुड़े मामले पटल पर आने से नाराज डीएम मोनिका रानी ने राजस्व विभाग के जिम्मेदारों को चेतावनी दी। कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही पर सीधे निलंबन की कार्रवाई करेंगी। उन्होंने मौके पर 16 मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निपटाए भी। अधिकारियों को अवशेष मामलों को त्वरित निपटारा कराने के निर्देश भी दिए।

डीएम, एसपी वृंदा शुक्ला व सीडीओ मुकेश चंद्र के साथ कैसरगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को लोगों की समस्याएं सुन रही थी। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवसों में एक ही प्रकरण के सम्बन्ध में बार-बार प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराएं। निस्तारण में अनावश्यक हीलाहवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा। कहा कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणों में समय से पैमाइश पूरी कराएं। ऐसे प्रकरणों में यदि किसी प्रकार के विलम्ब की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित को निलम्बित करने की कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गों, सार्वजनिक स्थानों पर दोबारा कब्ज़े की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें। छह तहसीलों में अधिकारियों के पटल पर 377 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। इनमें 45 मामलों का ही अधिकारी मौके पर निस्तारण करने में सफल रहे। 332 फरियादियों को जल्द ही समस्या दूर करने का आश्वासन देकर लौटा दिया गया। सीएमओ, उप निदेशक कृषि, डीएसओ , जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।



बच्चे को अन्नप्रासन कराती डीएम।

### डीएम ने पूरी की गोदभराई की रस्म

तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का डीएम, एसपी व सीडीओ ने निरीक्षण किया। डीएम ने आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर गर्भवती रामावती, जगरानी, साहिबा, सुमन देवी, अंजली की गोदभराई संग रिदा, शहनूर व आराध्या को अन्नप्रासन्न कराया।

### तहसीलवार फरियादियों की स्थिति

| तहसील | फरियाद | निस्तारण |
|---|---|---|
| पयागपुर | 78 | 06 |
| कैसरगंज | 203 | 16 |
| नानपारा | 43 | 15 |
| मिहींपुरवा | 14 | 02 |
| महसी | 24 | 03 |
| सदर | 15 | 03 |

हिन्दुस्तान

# चांदपुरा चौराहे तक हटाया गया अतिक्रमण

**बहराइच, संवाददाता।** शहर में तीसरे दिन शनिवार को भी नालों व पटरियों पर बने अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। नानपारा बस स्टैंड से लेकर चांदपुरा चौराहे तक सड़क के दोनों ओर बने पक्के निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। विरोध को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, ईओ प्रमिता सिंह पुलिस फोर्स संग मौके पर डटी रहीं। पटरी पर अवैध कब्जा जमाने वाले दुकानदार से जुर्माना भी वसूला गया।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से शहरी क्षेत्र में नालों व पटरियों पर बनाए गए अवैध निर्माण को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्र ने बताया कि बारिश में विकट समस्या से लोगों को जूझना पड़ा है। ऐसे में नालों से अतिक्रमण हटाकर उसकी सफाई का कार्य किया जाएगा। पटरियों पर अतिक्रमण की वजह से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कई मामलों को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। तीसरे दिन नानपारा बस स्टैंड से लेकर चांदपुरा चौराहें तक नालों पर अवैध कब्जेदारों को हटाया गया है। स्टीलगंज के अंदर से होकर गुजरे नालों पर कब्जा करने वाले 20 दुकानदारों को नोटिस दी गई है। तीन दिनों में अवैध कब्जा न हटाने पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



शहर में अतिक्रमण हटवाती ईओ व सिटी मजिस्ट्रेट

> पटरियों व नालों से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। इसके बाद नालों को गैंग लगार तल्लीझार सफाई कराई जाएगी, ताकि बारिश होने पर जलभराव की समस्या से राहत मिले।
>
> **प्रमिता सिंह,** ईओ, नपाप, सदर

# अवैध कब्जे दोबारा होने पर दर्ज कराएं मुकदमा

जासं • बहराइच : छह तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने कैसरगंज में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। 377 प्रार्थना पत्र आए, मौके पर 45 का निस्तारण किया गया।

तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह, एसडीएम आलोक प्रसाद, एसडीएम न्यायिक लालधर सिंह यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ आए हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। निर्देश दिया कि एक ही प्रकरण के बार-बार प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराएं। निस्तारण में अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गंभीरता के साथ लिया जाएगा। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण से मुक्त कराए गए मार्गों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर दोबारा कब्जा मिलने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय शर्मा, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी, डीपीओ राजकपूर, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त आदि मौजूद रहे।



कैसरगंज तहसील में फरियाद सुनतीं डीएम मोनिका रानी व एसपी वृंदा शुक्ल • जागरण

**डीएम ने की गोद भराई** : समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों का निरीक्षण डीएम ने किया। उन्होंने आइसीडीएस विभाग के स्टाल पर पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा तीन बच्चों का अन्नप्रासन कराया।

| तहसील | प्रार्थनापत्र | निस्तारित |
|---|---|---|
| पयागपुर | 78 | 06 |
| कैसरगंज | 203 | 16 |
| नानपारा | 43 | 15 |
| मिहींपुरवा | 14 | 02 |
| महसी | 24 | 03 |
| सदर | 15 | 03 |

हिन्दुस्तान

# एसपी ने तीन दारोगाओं को किया लाइन हाजिर

## कार्रवाई

- दो निरीक्षक सहित 16 अन्य पुलिस अफसरों के बदले कार्यक्षेत्र
- थानों में जमे कई और दारोगा भेजे जाएंगे लाइन,तैयार हो रही सूची

बहराइच, संवाददाता। जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने व कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले तीन दारोगाओं को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। दो निरीक्षक सहित 16 अन्य पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए हैं। विभिन्न थानों में लंबे समय से जमे शिथिल पुलिस जवान भी एसपी के रडार पर हैं। इनकी गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार हो रही है। जल्द ये भी लाइन हाजिर किए जाएंगे।

एसपी वृंदा शुक्ला ने फखरपुर थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिंदेश्वरी प्रसाद यादव, देहात कोतवाल में तैनात दारोगा वशिष्ठ कुशवाहा, अपराध शाखा में तैनात दारोगा प्र''ाद प्रसाद को कर्तव्य परायणता में शिथिलता बरतने पर तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात दारोगा सर्वजीत गुप्ता को देहात कोतवाली मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। पुलिस लाइन से पूर्व में रानीपुर स्थानांतरित सुदामा सिंह यादव का तबादला निरस्त करके फखरपुर थाने भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश तिवारी, सुभाष चंद्र मिश्रा को यूपी डायल 112 में तैनात किया गया है। मोतीपुर के दारोगा अश्वनी कुमार पांडेय का पूर्व में बौंड़ी थाने किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक राम नरेश, पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक कुलदीप कुमार त्रिपाठी को साइबर क्राइम थाने में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दारोगा आनंद सिंह को मोतीपुर थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर भेजा गया है। पुलिस लाइन से दारोगा अशोक कुमार को हरदी थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की तैनाती मिली है। कोतवाली नगर में तैनात दारोगा मुकेश मणि त्रिपाठी को जरवलरोड, पुलिस लाइन, असलम खान को नगर कोतवाली, रानीपुर थाने में तैनात दारोगा विजय कुमार गुप्ता को नगर कोतवाली, पुलिस लाइन में तैनात दारोगा दिवाकर मिश्रा को दरगाह थाने की सालारगंज चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# दो बहनों का अपहरण कर मतांतरण कराने का आरोप, मुकदमा दर्ज

संसू,जागरण • कैसरगंज (बहराइच) : कैसरगंज इलाके में रहने वाली दो बहनों का मुस्लिम युवकों पर अपहरण कर मतांतरण कराने का आरोप लगा है। इससे पहले भी आरोपित उसी घर की एक किशोरी का अपहरण कर मतांतरण करा चुके है। मामले में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन पुलिस मौन साधे रही। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद दो आरोपितों पर अपहरण व मतांतरण कराने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

कैसरगंज इलाके की रहने वाली दो बहनें 14 सितंबर को अचानक संदिग्ध हालात में लापता हो गई थीं। देर तक बेटियों के घर वापस नहीं आने पर पिता ने अपहरण की सूचना पुलिस को दी। आरोप है कि पुलिस मामले में मौन साधे रही। लापता बेटियों की खोज में लगे पिता को जानकारी हुई कि डिहवा शेर बहादुर निवासी शहादत अली व रामकरन निवासी बंजारी मोड़ कोतवाली देहात बेटियों का अपहरण कर ले गए हैं। आरोप है कि इससे पहले भी पीड़ित की एक 14 वर्षीय बेटी का अपहरण कर आरोपितों ने उसका जबरन मतांतरण करा चुके हैं। पीड़ित पिता का आरोप है कि आरोपित सुनियोजित तरीके से गरीब परिवार की किशोरियों का अपहरण कर मतांतरण कराने की मुहिम चला रहे हैं। मामले की शिकायत किए जाने के बाद से पीड़ित को लगातार जानमाल की धमकी दी जा रही है। उच्चाधिकरियों से इंसाफ की गुहार लगाने के बाद कैसरगंज पुलिस हरकत में आई। शनिवार को मामले के दोनों आरोपितों के खिलाफ अपहरण व उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- **आरोपित पहले भी एक बेटी का अपहरण कर मतांतरण करा चुके हैं**
- **सजग होती पुलिस तो न होती घटना, आरोप तहरीर देने के बाद भी रही मौन**

# उपनिरीक्षकों का तबादला

बहराइच : एसपी वृंदा शुक्ला ने फखरपुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विंदेश्वर प्रसाद यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। सर्वजीत गुप्त को लाइन से एसएसआइ कोतवाली देहात, सुदामा सिंह यादव को फखरपुर, सुभाषचंद्र मिश्र व श्रीप्रकाश तिवारी को पुलिस लाइन से यूपी 112 में तैनात किया है। (जासं)

# साइबर कार्यशाला में दिया तकनीकी प्रशिक्षण

बहराइच : शनिवार को साइबर अपराध के विषय में जागरूकता एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में कार्यशाला हुई। में 76 महिला व पुरुष उपनिरीक्षक शामिल रहे। छह माह प्रशिक्षण पूरा होने के बाद एसपी वृंदा शुक्ल ने फीडबैक लिया (जासं)



# ढूंढे नहीं मिल रहा भेड़ियों का 'सरदार'

## घाघरा की कछार छान रहे वनकर्मी 25 टीमें कर रहीं तलाश

संसू, जागरण • महसी(वहराइच) : कछार में दहशत का पर्याय बने भेड़ियों का सरदार ढूंढे नहीं नहीं मिल रहा है। वन कर्मी उसके पंजों के निशान ढूंढ रहे हैं। लोकेशन न मिलने से अधिकारी हलकान हैं।

बीते दिनों भेड़ियों ने हरदी, खैरीघाट व रामगांव थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में हमले किए। इनके हमलों में 10 लोग मारे गए। 43 लोग घायल हुए। हमलों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी। अब तक पांच भेड़िये पकड़े गए हैं। कुनबे का सरदार पकड़ में नहीं आया। कई बार वह वन कर्मियों को चकमा दे चुका है।

सात दिन पूर्व आखिरी बार उसकी लोकेशन सिसैया के निकट मिली थी। वनकर्मियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं लगी। भेड़िया भाग निकला। उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लग रहा। शनिवार को कोलैला, हरिवक्सपुरवा समेत अन्य गांवों में थर्मल ड्रोन से सर्च आपरेशन चलाया गया। वन कर्मी घाघरा की कछार छान रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि लगातार सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। लोकेशन मिलते ही छठवें भेड़िये को भी पकड़ लिया जाएगा।



हरदी थाना क्षेत्र के हरिबक्स पुरवा गांव के निकट भेड़िये की तलाश में गन्ने के खेत को खंगालते डीएफओ अजीत प्रताप सिंह व अन्य वनकर्मी • जागरण

### अज्ञात जानवर ने बछड़े का किया शिकार

संसू, जागरण • चित्तौरा( बहराइच) : कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत मोहरना में बैजनाथ यादव के घर के बाहर बछड़ा बंधा था। शुक्रवार की रात किसी अज्ञात जानवर ने हमला कर उसे घायल कर दिया। सुबह जब वह सो कर उठे तो बछड़ा मृत अवस्था में खूंटे पर मिला। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि कहीं भेड़िए ने तो हमला नहीं कर दिया है।

**भेड़िए की खामोशी से राहत :** डीएफओ -प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात भी भेड़िए की ओर से कोई हमला नहीं किया गया। प्रभावित क्षेत्र को तीन सेक्टरों में बांटकर सेक्टर प्रभारियों के नेतृत्व में उपद्रवी भेड़िये को रेस्क्यू करने की करवाई की जा रही है। चार थर्मल ड्रोन व ट्रैप कैमरे से सर्च किया जा रहा है। प्रभावित गांवों में टीमों की ओर से पोस्टर, बैनर लगाने के साथ गोष्ठी आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। रात में ग्रामीणों को घरों के दरवाजे बंद कर सोने की अपील की जा रही है। अति संवेदनशील गांवों के बाहर पटाखों को दगाकर भेड़िये के गांव में प्रवेश को रोकने की कार्रवाई की जा रही है। डीएफओ ने बताया कि प्रभाग स्तर पर स्थापित कमांड सेंटर पर गश्ती दलों से सूचनाओं को प्राप्त कर उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

भेड़िये के हमले में घायल 13 लोगों का इलाज कर भेजा घर चित्तौरा: महसी इलाके में भेड़िये के हमले में घायल हुए लोगों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। घायलों के एक स्पेशल वार्ड भी बनाया गया था। शनिवार को सभी का उपचार पूर्ण होने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

### योजनाओं से आच्छादित होंगे भेड़िया प्रभावित परिवार

जासं • बहराइच : महसी तहसील क्षेत्र के मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों को विभिन पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना, विद्युत कनेक्शन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाना है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि स्थलीय सत्यापन कर यह देख लिया जाए कि प्रभावित परिवारों को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है नहीं। डीएम ने डीएफओ को निर्देश दिए कि मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों के आवास/झोपड़ी में दरवाजा/बांस का टट्टर लगाने की व्यवस्था करें।



# घंटों जाम की चपेट में रहा बस अड्डा मार्ग

**बहराइच।** शहर के रोडवेज बस अड्डा मार्ग आए दिन जाम की चपेट में रहता है। यहां रोडवेज बसों व ई-रिक्शा संचालकों के चलते आए दिन लोगों को परेशान होना पड़ता है। शनिवार को भी सवारियों को जल्दी में बैठाने के चलते ई-रिक्शा संचालकों की बेतरतीब वाहनों को खड़ा कर देने से रोडवेज बस अड्डा जाम की चपेट में आ गया। इस दौरान देखते ही देखते मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे लोगों को करीब दो घंटे तक परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि बाद में पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाया, तब लोगों ने राहत की सांस ली। (संवाद)

# नेपाली तस्कर को दस वर्ष का कठोर कारावास

**बहराइच।** नेपाल के रकूम जिला निवासी अभियुक्त को शनिवार को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

रुपईडीहा की पुलिस सीमावर्ती क्षेत्र के पास पांच दिसंबर 2021 को गश्त कर रही थी। इस दौरान बैग लिए एक नेपाली युवक सीमावर्ती क्षेत्र से आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास चार किलो चरस बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नेपाल राष्ट्र के रकूम जिला स्थित थाना जूलखेत के साख वार्ड नंबर चार निवासी अमरबहादुर धर्ती बताया।

**अदालत से**

**कोर्ट ने एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। शनिवार को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम की कोर्ट मं सुनवाई शुरू हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त को एक लाख के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा करने की स्थित में अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। (संवाद)

# समाधान दिवस : कैसरगंज में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** मैडम, मैं जरवल की ग्राम पंचायत भोपतपुर सुईया में पंचायत सहायक के पद पर तैनात हूं। मुझे बीते 19 माह से मानदेय नहीं मिला। सचिव से कई बार मांग की। वहीं आठ माह पहले प्रधान पंचायत भवन का ताला तोड़कर डोंगल उठा ले गए। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी (बीडी) से की तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। सीडीओ से शिकायत के बाद बीडी ने बुलाकर अपमानित किया।

यह शिकायत कैसरगंज में आयोजित समाधान दिवस में पंचायत सहायक लाडली सिंह ने डीएम मोनिका रानी से की। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम मोनिका रानी ने उन्हें निष्पक्ष जांच के लिए आश्वस्त किया।



कैसरगंज में आयोजित समाधान दिवस में समस्याएं सुनतीं डीएम व एसपी। -स्रोत सूचना विभाग

कैसरगंज में आयोजित समाधान दिवस में एसपी वृंदा शुक्ला, सीडीओ मुकेश चंद्र आदि भी मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान डीएम ने बार-बार आने वाली शिकायतों पर नाराजगी जताई और जिला स्तरीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

- **377 शिकायतों में सिर्फ 45 का निस्तारण :** समाधान दिवस में कुल 377 शिकायतें आईं। इसमें से सिर्फ 45 का ही निस्तारण किया गया। कैसरगंज में 203 में 16, नानपारा में 43 में 15, मिहींपुरवा में 14 में दो, महसी में 24 में तीन, सदर में 15 में तीन और पयागपुर तहसील में 78 शिकायतों में छह का मौके पर निस्तारण किया गया।
- **कब्जेदारों के हौसले बुलंद :** नानपारा तहसील में में गुलालपुरवा निवासी घनश्याम ने अवैध कब्जे की शिकायत की। बताया कि कुछ दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। इससे कब्जेदारों के हौसले बुलंद हैं।
- **ट्राई साइकिल के लिए भटक रहा :** कैसरगंज के इस्लामाबाद निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग मुन्ना ने बताया कि ट्राई साइकिल के लिए आवेदन किया था। 52 नंबर की टोकन भी दिया गया, लेकिन जब साइकिल लेने गया तो नहीं मिली।



# दो परिवार साथ रहने को हुए राजी

**बहराइच।** एसपी वृंदा शुक्ला के समक्ष शिकायत लेकर पहुंची दो महिलाओं को एसपी ने निस्तारण के लिए परिवार परामर्श केंद्र भेजा। जहां दोनों पक्षों को बुलाया गया और आपसी समझौते के आधार पर दोनों पक्षों को साथ रहने के लिए राजी किया गया। (संवाद)

# विवाद में ताना तमंचा, भेजा गया जेल

**बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना प्रभारी नवीन सिंह ने बताया कि गुलरिया पंडितपुरवा निवासी मलखान मिश्रा अपने होटल पर पत्नी के साथ बैठे थे। इस दौरान आरोप है कि प्रतापपुर तरहर निवासी पंकज मिश्रा उर्फ रवीन्द्र मिश्रा उनकी दुकान पर पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। साथ ही तमंचा तान दिया। आरोपी पंकज मिश्रा उर्फ रवीन्द्र मिश्रा को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# चोरी की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बहराइच।** कोतवाल देहात परमानंद तिवारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान अमरोहा जिले के कौराला निवासी रमेश सिंह व खैरीघाट थाना क्षेत्र के भवानीपुर निवासी प्रदीप बेड़नापुर के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से दो चोरी की बाइकें बरामद हुईं। दोनों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# चोरी के माल के साथ पकड़ा गया

**बहराइच।** कोतवाली देहात के तिकोनीबाग चौकी पुलिस ने रंजीतपुर निवासी गोलू उर्फ गुच्चा को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी विनय कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना पर गोलू को गोलवाघाट पुल से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो जोड़ी पायल, एक घड़ी व 1200 रुपये मिली है। टीम में उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर, सिपाही शशांक यादव व अंकित राणा शामिल रहे। (संवाद)

# उपनिरीक्षकों को दी साइबर अपराध की जानकारी

**बहराइच।** साइबर अपराध को लेकर शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें व्यावहारिक प्रशिक्षण ले रहे 76 महिला व पुरुष उप निरीक्षकों को साइबर अपराध व सर्विलांस की तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षकों को साइबर अपराध से संबंधित आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं, सर्विलांस अन्वेषण तकनीक आदि से परिचित कराया गया। (संवाद)

# प्रसूता का पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र के नुरुद्दीनचक निवासिनी रेखा देवी (20) पत्नी संदीप कुमार ने छह दिन पूर्व बच्ची को जन्म दिया था। शुक्रवार की रात हालत खराब होने पर परिवारीजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई थी।

**मेडिकल कॉलेज में देर रात हुई थी प्रसूता की मौत**

मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की पुलिस पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर ही रही थी कि देर रात गुस्साए परिवारीजनों ने तमाम लोगों के साथ मेडिकल कॉलेज में हंगामा शुरू कर दिया था। इससे लगभग एक घंटे तक अस्पताल में अफरातफरी का माहौल रहा। इसके बाद परिवारीजन मृतका का शव लेकर घर चले गए। थानाध्यक्ष दरगाह हरेंद्र कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ नूरुद्दीन गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को मृतका का पोस्टमार्टम कराकर परिवारीजनों के हवाले कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मायके व ससुरालीजन शव का पोस्टमार्टम कराना नहीं चाहते थ। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# शहर में तीसरे दिन भी गरजा पालिका प्रशासन का बुलडोजर



बहराइच के चांदपुरा में जेसीबी से हटाया जा रहा अतिक्रमण व मौजूद अधिकारी। -संवाद

**बहराइच।** नगर पालिका की टीम ने शनिवार को भी शहर के इक्का स्टैंड से चांदपुरा चौराहे तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने नाले पर किए गए अवैध अतिक्रमण को बुल्डोजर चलाकर ढहा दिया।

नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह की अगुवाई में शनिवार को तीसरे दिन देर शाम को नगर पालिका की टीम ने शहर के इक्का स्टैंड से चांदपुरा चौराहे से आगे तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने नालों पर फैले 80 से अधिक दुकानदारों के पक्के अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। टीम ने सभी को चेतावनी भी दी कि अगर दोबारा अतिक्रमण करते मिले, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान टीम ने चांदपुरा मोहल्ला स्थित कुछ बांस विक्रेताओं द्वारा सडक़ पर बांस लगाए मिले। जिससे मार्ग सकरा हो गया था।

इस पर पालिका प्रशासन की टीम ने बांस विक्रेताओं के खिलाफ चालान काटते हुए पांच-पांच हजार जुर्माना ठोंका। पालिका प्रशासन की कार्रवाई के शहर के मुख्य बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस मौके पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सुरेशगोविंद मिश्रा, राजस्व निरीक्षक सतीश यादव के साथ नगर कोतवाली की पुलिस मौजूद रही। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2024

# अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

श्रावस्ती। 14 सितम्बर से जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसे स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर एक अक्टूबर तक मनाया जाना है। इस क्रम में शनिवार को अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। साथ ही प्रत्येक सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने की अपील किया। डीएम ने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि स्वच्छ व विकसित देश की कल्पना भी थी। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। इसके लिए हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को पूरा करें। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा एपी सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी तरह से पुलिस आफिस में एसपी घनश्याम चौरसिया ने पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। जबकि सभी थानों में स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।



आरओ प्लांट का शुभारंभ करते डीएम व एसपी।

# आरओ प्लांट का शुभारम्भ किया

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने इंडियन बैंक श्रावस्ती के सौजन्य से तहसील भिनगा परिसर में लगाए गए आरओ प्लांट का शनिवार को फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आरओ के लगने से तहसील में आने वाले फरियादियों को शुद्ध पेयजल के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**श्रावस्ती।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिलौला थाना प्रभारी निरिक्षक महिमानाथ उपाध्याय शनिवार को वारंटियों की धरपकड़ के लिए टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने वारण्टी हनीफ पुत्र बरसाती निवासी कस्बा गिलौला थाना गिलौला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 88 वाहनों का चालान, एक लाख जुर्माना

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गई। जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 88 वाहनों का मोटर अधिनियम में ई-चालान कर एक लाख 55 हजार 100 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, एक घायल

**गिरंटबाजार।** हरदत्तनगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के बलिदान पुरवा उत्तरी गांव निवासी रामदीन पुत्र बुद्धू का शुक्रवार को निवासी शिव प्रसाद, अमृत लाल, तुलसीराम पुत्र पतिराम से विवाद हुआ था। इस पर रामदीन ने गिरंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इससे विपक्षी चिढ़ गए। शनिवार को रामदीन जब अपने घर से दूध लेकर बेचने के लिए जा रहा था। इस दौरान विपक्षियों ने उसपर लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें रामदीन घायल हो गया।

# तहसील दिवस की शिकायत का समय से करें समाधान

## निस्तारण

**श्रावस्ती**। शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की शिकायतें सुनी गई और तय समय में निस्तारण का निर्देश दिया गया। डीएम व एसपी ने इकौना तहसील में शिकायतें सुनीं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में तहसील इकौना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उनके निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस इकौना में कुल 122 प्रार्थना आए। जिसमें 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी तरह से भिनगा में 33 शिकायतें मिलीं। जिनमें से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील जमुनहा में कुल 29 शिकायतें मिलीं। जिसमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# 'शिकायतों को मौके पर पहुंचकर निपटाएं अधिकारी'

जागरण टीम • श्रावस्ती : शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 184 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर 24 का निस्तारण हुआ। डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने इकौना तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद की शिकायतों को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही न बरती जाए।



इकौना तहसील में शिकायतें सुनते डीएम अजय कुमार द्विवेदी व अन्य अधिकारी• जागरण

डीएम ने कहा कि यदि सरकारी भूमि, रास्तों/चकमार्गों व पट्टेदारों के भूमि पर कब्जे की शिकायत मिले तो राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाए और तत्काल कब्जा खाली कराए। जिन क्षेत्रों में कब्जे की शिकायत मिलेगी, वहां के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई होगी। निस्तारण के गुणवत्ता की जांच की जाएगी। फर्जीवाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अंदर करें। महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। इसमें लापरवाही मिली तो थानाध्यक्ष के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई होगी।

**शिकायत व निस्तारण का विवरण**

| तहसील | प्राप्त शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| इकौना | 122 | 18 |
| भिनगा | 33 | 04 |
| जमुन्हा | 29 | 02 |
| कुल | 184 | 24 |

# कोर्ट मैरिज को आयी महिला को उठा ले गयी पुलिस

श्रावस्ती। न्यायालय परिसर में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया जब एक वकील के चैम्बर में बैठी कोर्ट मैरिज करने आई महिला को पकड़ने के लिए उसका पूर्व पति व ससुराल के लोग आ गए। नौबत मारपीट तक पहुंचती तभी मौके पर पहुंची पुलिस महिला को लेकर थाने चली गयी।

सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम फरचलवा निवासी फूलमती अपने पहले पति को छोड़कर 15 सितंबर को थाना भिनगा क्षेत्र के हल्लाजोत निवासी त्रिभुवन पुत्र खुलई के साथ विभूतिनाथ मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली थी। शनिवार को वह कोर्ट मैरिज के सिलसिले में अपने दूसरे पति त्रिभुवन के साथ जिला न्यायालय आयी थी। इस दौरान कानूनी प्रक्रिया के लिए अधिवक्ता के चेम्बर में बैठी थी। तभी महिला का पूर्व पति अपने परिजनों व अन्य साथियों के साथ वहां आ पहुंचा और फूलमती व उसके बच्चे को अपने साथ ले जाने को लेकर जोर आजमाइश करने लगा। मौके पर हंगामा शुरू हो गया। जिसे देख न्यायालय चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने बुझाने में जुट गई। इस दौरान अचानक सिरसिया थाने की पुलिस आ गई और महिला अपने साथ ले जाने लगी। इस पर अधिवक्ता ने रोकने का प्रयास किया तो पुलिस व अधिवक्ता के कहासुनी हो गई।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, मुकदमा दर्ज किया

कटरा बाजार। घर से बाजार गए अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना शनिवार को माधवपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में रुपनपुरवा मोड़ के पास घटित हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान ग्राम पंचायत देवापसिया के मजरा राजापुरवा निवासी संतराम मौर्य (45) के रूप में की गई है। उनके चचेरे भाई गोविंद राम की तहरीर पर ई रिक्शा चालक पर केस दर्ज किया गया है। पीड़ित ने [illegible] कि मेरे चचेरे भाई किसी काम से चूंटीपुर बाजार [illegible]न से गये थे। चूंटीपुर बाजार से जाते समय रूपन [illegible]ड़ के एक ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे वे [illegible]प से घायल हो गए। चोट अधिक लगने से [illegible]ौके पर ही मौत हो गई।

# शस्त्रों की हुई सफाई किया शस्त्राभ्यास

श्रावस्ती, संवाददाता। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शनिवार को पुलिस लाइन में एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में शस्त्रों की साफ सफाई की गई। साथ ही शस्त्राभ्यास किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एस्कॉर्ट व गनर, पुलिस अधीक्षक एस्कॉर्ट व गनर के शस्त्रों की साफ-सफाई की गई। प्रतिसार निरीक्षक ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे आसपास के वातावरण की सफाई तक सीमित है, बल्कि शस्त्रों और उपकरणों की नियमित देखरेख भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। शस्त्रों की साफ-सफाई और उनके सही रखरखाव से न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि यह हमारी और समाज की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। मुख्य आरक्षी आर्मोरर विवेकानन्द गोस्वामी की ओर से शस्त्रों की साफ-सफाई के साथ-साथ उनके उपयोग के तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# दोनों देश के नागरिकों से नम्र व्यवहार रखें जवान : महानिरीक्षक

संसू, जागरण • सिरसिया (श्रावस्ती) : सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय लखनऊ के महानिरीक्षक रत्न संजय ने शुक्रवार की शाम एसएसबी मुख्यालय भिनगा समेत सीमा चौकी तुरुषमा व चेकपोस्ट सुईया का निरीक्षण किया। सैनिक सम्मेलन कर जवानों का हालचाल जाना। समस्याएं सुनीं। जवानों को सीमा की अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

महानिरीक्षक ने सुईया चेक पोस्ट, सीमा स्तंभ, नो-मैंस लैंड, नाका प्वाइंट, ओपी पोस्ट का जायजा लिया। इसके बाद वाहिनी मुख्यालय भिनगा में गार्ड आफ आनर दिया गया। उन्होंने वाहिनी के क्वार्टर गार्ड, कैंपस एरिया, मोटर परिवहन पार्क, मेस और वाहिनी चिकित्सालय का निरीक्षण किया। एसपी घनश्याम चौरसिया, एसएसबी कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी व जवानों के साथ मेस में भोजन किया। वाहिनी मुख्यालय परिसर में पौधारोपण कर जवानों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दिया।



सीमा चौकी सुईया का निरीक्षण कर बाहर निकलते एसएसबी सीमांत मुख्यालय लखनऊ के महानिरीक्षक रत्न संजय (आगे बाएं) व अन्य • जागरण

वाहिनी की उपलब्धियों व गतिविधियों के आंकड़े और वाहिनी कार्यालय के कामकाज को जांचा और परखा। महानिरीक्षक ने जवानों को अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व पूर्ण लग्न से करते हुए सतर्कता के साथ सीमा की सुरक्षा करने के निर्देश दिए। सीमा पार से आने-जाने वाले दोनों देश के नागरिकों से नम्रता पूर्व व्यवहार रखने को कहा। स्वस्थ व निरोग रहने के लिए जवानों को प्रतिदिन व्यायाम व संतुलित आहार लेने के लिए बताया।

# श्रावस्ती की तीनों तहसीलों में आईं 184 शिकायतें, निपटीं सिर्फ 24

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** भिनगा, इकौना और जमुनहा तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इकौना तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने की। यहां एसपी घनश्याम चौरसिया सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में 122 मामले आए। इनमें से सिर्फ 18 मामले मौके पर निस्तारित किए गए। भिनगा में 33 के सापेक्ष चार और जमुनहा में 29 के सापेक्ष मात्र दो ही मामले निस्तारित हो सके।

## निर्माण रोकने की मांग

■ भिनगा के ग्राम पतिझिया निवासी त्रिभुवन दत्त ने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 611 रकबा 01000 हेक्टेयर खलिहान की भूमि है। इस पर पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। इससे किसानों को खलिहान रखने में समस्या होगी। इस भूमि पर कई फलदार पेड़ भी लगे हैं, जोकि निर्माण के दौरान काट दिए जाएंगे।

## सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा

■ भिनगा के ग्राम पूरेखैरी के पटेलनगर निवासी बालकराम ने गांव के कुछ लोगों पर घर को जाने वाले मार्ग पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विपक्षी मंदिर और पताका लगाकर रास्ते को संकरा कर चुके हैं। शेष बचे मार्ग पर बाइक खड़ी कर आवागमन बंद कर देते हैं। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।

## पैमाइश कराने की मांग

■ भिनगा के पुरानी बाजार निवासी विजय पांडेय ने बताया कि शर्मा गली से होकर निकले मार्ग पर खड़ंजा लगाया जा रहा है। गली में कब्जा होने से गली में सही ढंग से कार्य नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में पीड़ित ने मार्ग की पैमाइश कराकर कब्जा हटवाने की मांग की है।

## बंदरों का खौफ

■ इकौना के ग्राम टंडवा महंथ निवासी धर्मचंद्र यादव ने ग्रामीणों को बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है। बताया कि डीएफओ इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

# सीमा पार गतिविधियों पर चौकसी बरतें जवान

**श्रावस्ती।** एसएसबी सीमांत मुख्यालय लखनऊ के महानिरीक्षक ने तीन दिवसीय दौरे के दौरान सीमा चौकियों सहित एसएसबी मुख्यालय भिनगा का निरीक्षण किया। जवानों के साथ बैठक कर निर्देश भी दिए।

## एसएसबी महानिरीक्षक ने सीमा चौकियों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

एसएसबी के महानिरीक्षक रत्न संजय ने एसएसबी मुख्यालय भिनगा सहित सीमा चौकी तरुस्मा, हाकिमपुरवा व सुईया का निरीक्षण किया। यहां सैनिक सम्मेलन कर जवानों की समस्याएं सुनीं। सुईया चेक पोस्ट, सीमा स्तंभ, नो मैंस लैंड, नाका प्वाइंट, ओपी पोस्ट का जायजा लिया। एसएसबी मुख्यालय के क्वार्टर गार्ड, कैंपस एरिया, मोटर परिवहन पार्क, मेस, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया। परिसर में पौधरोपण कर जवानों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। सीमा चौकी हाकिमपुरवा में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। उनके साथ कमांडेंट रविन्द्र कुमार राजेश्वरी, उप कमांडेंट निरुपेश कुमार, पीयूष सिन्हा मौजूद रहे। (संवाद)

# सप्ताह में दो घंटे करें श्रमदान, रखें सफाई



स्वच्छता पखवाड़े में शपथ लेते महामाया राजकीय महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पर शनिवार को सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों सहित ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम हुए। यहां लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वहीं कलेक्ट्रेट में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने मौजूद अफसरों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और सप्ताह में दो घंटे श्रमदान की अपील किया।

पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने अफसरों संग श्रमदान किया। पुलिस कार्यालय में एसपी घनश्याम चौरसिया ने मातहतों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर शस्त्रों की सफाई का अभ्यास भी कराया। लोगों को स्वच्छता के फायदे बताते हुए स्वच्छता अपनाने की सलाह दी गई। जय

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्ट्रेट से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित हुए कार्यक्रम

प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय भयापुरवा और बालक विद्यालय भचकाही सहित सभी परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय सहित महाविद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायतों सहित नगर पालिका परिषद भिनगा और नगर पंचायत इकौना में भी मौजूद अधिकारियों ने मातहतों को स्वच्छता की शपथ दिलाया। इस दौरान कई स्थानों पर छात्रों व स्वयं सेवियों ने स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता अपनाने की सलाह दिया।

# विनियमित क्षेत्र से मजार हटवाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

## हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएम और एसपी को सौंपा ज्ञापन

**इकौना (श्रावस्ती)।** बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के विनियमित क्षेत्र में स्थित मजार व वहां बृहस्पतिवार को लगने वाले मेले का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इसे हटाने की मांग को लेकर नाराज हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएम व एसपी को ज्ञापन सौंपा है।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया को सौंपे ज्ञापन में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कन्हैया कसौंधन के नेतृत्व में कहा है कि सहेट महेट में एक विशेष समुदाय के लोगों ने अतिक्रमण कर कथित मीर शाह बाबा की मजार बनाकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ का बोर्ड लगा लिया है। एसडीएम की जांच में प्रथम दृष्टया मामला अतिक्रमण का मिलने के कारण एसडीएम ओपी गुप्ता ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उप मंडल श्रावस्ती के संरक्षक अखिलेश तिवारी को पत्र भेजा था।

इसमें पुरातत्व विभाग के संरक्षित क्षेत्र में लगने वाले मेले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया था। साथ ही नायब तहसीलदार इकौना प्रांजल त्रिपाठी को मौके पर भेजकर मेला न लगने देने का निर्देश दिया था। लेकिन स्थानीय पुलिस की उदासीनता के कारण यहां मेले का आयोजन हुआ।

इसे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस पर रोक न लगी तो कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में कई हिंदू संगठन के पदाधिकारियों का नाम शामिल हैं।

## भूमि पर कब्जा कर मदरसा बनाने का आरोप

**श्रावस्ती।** भिनगा तहसील क्षेत्र के ग्राम मदारगढ़ के ग्रामीणों ने शुक्रवार एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप है कि ग्राम ताल बघौड़ा में मदरसा दारुल उलूम गुलजारे इस्लामिया का संचालन किया जा रहा है। यह मदरसा पहाड़ी नाले की भूमि पर कब्जा कर बना है। मदरसे के नाम की भूमि गाटा संख्या 804 परती पड़ा है। ग्रामीण सत्तार, मोहम्मद अली, काले, नानबाबू का आरोप है कि मदरसा संचालन के लिए विदेश के लोगों से भी चंदा लेते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से भूमि खाली कराने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग किया है। (संवाद)

## अधूरे खड़ंजा मार्ग को पूरा कराने की मांग

**श्रावस्ती।** नगर पालिका परिषद भिनगा क्षेत्र के ग्राम गलकटवा से जिला जज आवास तक खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया जा रहा था। किसी कारण से खड़ंजा मार्ग को अधूरा छोड़ दिया गया था। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण महादेव, रामशंकर, संतोष, विजय कुमार, पंकज व सहदेव ने ईओ भिनगा डॉ. अनीता शुक्ला को शिकायती पत्र देकर अधूरे खड़ंजा को पूरा करने की मांग किया है। (संवाद)

# 26 को कर्मी निकालेंगे आक्रोश मार्च

**श्रावस्ती।** विकास भवन परिसर में शुक्रवार को एनपीएस और यूपीएस के विरोध में अटेवा की अपील पर संयुक्त कर्मचारी परिषद की बैठक हुई। इसमें कर्मियों ने पुरानी पेंशन के समर्थन में नारेबाजी की। साथ ही पुरानी पेंशन बहाल करने, एनपीएस और यूपीएस के विरोध में 26 सितंबर को आक्रोश मार्च निकालने की बात कही। इस दौरान अटेवा जिला अध्यक्ष स्वप्निल पांडेय ने बताया कि आक्रोश मार्च के बाद डीएम को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। (संवाद)

# आरओ प्लांट का शुभारंभ

**श्रावस्ती।** भिनगा तहसील में इंडियन बैंक की ओर से आरओ प्लांट (वाटर प्यूरीफायर) लगवाया गया है। इसका शनिवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी घनश्याम चौरसिया ने शुभारंभ किया। यहां डीएम ने कहा कि आरओ लगने से फरियादियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी। इस दौरान एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा, एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, एलडीएम सुभाष चन्द्र मित्रा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# महिला को पीटने पर मुकदमा दर्ज

**गिलौला (श्रावस्ती)।** थाना क्षेत्र गिलौला के ग्राम औरय्या निधान निवासी छोटेलाल की पत्नी श्रीमती देवी ने शुक्रवार को बर्तन साफ करके पानी मार्ग पर फेंक दिया। पड़ोसी सुघरा ने इसका विरोध किया तो दोनों में कहासुनी होने लगी। तभी सुघरा के पति लक्ष्मन, प्रमोद और बरखा ने श्रीमती देवी की पिटाई कर दी। श्रीमती देवी को गिलौला सीएचसी में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी महिमानाथ उपाध्याय ने बताया की आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। (संवाद)

# वारंटी गिरफ्तार

**गिलौला (श्रावस्ती)।** गिलौला पुलिस ने शुक्रवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गिलौला निवासी हनीफ के विरुद्ध कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)